CMYK

सूर्योदय : 5:29
सूर्यास्त : 6:37
अधिकतम तापमान : 32.7
न्यूनतम : 22.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-309 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 01 मई 2026
13 ज़िकादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# विपक्ष महिला विरोधी मानसिकता से ग्रसित

**विधानसभा विशेष सत्र**

■ महिला आरक्षण को लेकर बरसे मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग जन्मजात महिला विरोधी हैं, वही हंगामा कर रहे हैं। विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी का शासनकाल प्रदेश की जनता भली-भांति याद रखती है। उस दौर में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए थे।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'देख सपाई बिटिया घबराई ', जो उनके पुराने कार्यकाल की वास्तविकता को दर्शाता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर सपा के पास समर्थन करने का एक सुनहरा अवसर था, लेकिन उन्होंने उसका विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस दोनों ही महिला विरोधी मानसिकता से ग्रसित हैं और नारी के अधिकारों पर डाका डालने का काम करती रही हैं।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें नैतिक साहस है तो वे सदन में चर्चा में भाग लें और बताएं कि उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध क्यों किया। उन्होंने आगे कहा कि सपा और कांग्रेस को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने अपने निंदा प्रस्ताव के संदर्भ में भी विपक्ष से माफी की मांग की। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उनकी सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या विरोध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और टकराव देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने साफ तौर पर कहा कि यह मुद्दा केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का है, इसलिए इस पर राज्य विधानसभा में चर्चा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सरकार के प्रस्ताव का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है । उनके इस बयान के बाद सदन में माहौल गरमा गया। वहीं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विपक्ष के रुख पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह मुद्दा पूरे देश व प्रदेश की महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा है। विपक्ष द्वारा इस पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थिति को संभालने के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विषय पर सदन में चर्चा कराई जा सकती है और अध्यक्ष को विशेष अधिकार प्राप्त हैं, जिनका प्रयोग करते हुए इस विषय पर चर्चा कराई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी चर्चा शुरू भी नहीं हुई है और विपक्ष पहले से ही उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने विशेष सत्र के आयोजन के लिए सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वर्ष 2023 में केंद्र सरकार द्वारा पारित महिला वंदन अधिनियम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि इस प्रावधान के तहत महिलाओं की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है, जो अन्य प्रतिनिधित्व को जोड़ने पर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आधी आबादी के लिए उठाए जा रहे सकारात्मक कदम भी उन्हें स्वीकार नहीं हैं, जो उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है।

### दोनों सदनों में विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

**लखनऊ।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन संविधान संशोधन विधेयक पारित न होने के मुद्दे पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानमंडल के विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद में समाजवादी पार्टी (सपा) तथा कांग्रेस समेत 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सदन में प्रस्ताव के समर्थन में भारी बहुमत के मद्देनजर इसके पारित होने की घोषणा की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने निंदा प्रस्ताव का विरोध किया। इससे पहले संसदीय कार्य व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन के समक्ष प्रस्ताव रखते हुए कहा, हम महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जब तक नारी शक्ति को नीति निर्माण में उचित अधिकार नहीं मिल जाता, हम नारी सशक्तिकरण के विरोधियों की निंदा करते रहेंगे। विधान परिषद में केशव प्रसाद मौर्य ने निंदा प्रस्ताव रखा जो ध्वनि मत से पारित हो गया। विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद सभापति ने सदन को अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया।

## हम 'मां-माटी-मानुष' की सरकार बना रहे : ममता

■ बंगाल के एग्जिट पोल पर बोलीं मुख्यमंत्री

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को बड़ा दावा किया कि राज्य में एक बार फिर मां-माटी-मानुष की सरकार बनने जा रही है।

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने एक वीडियो संदेश में कहा कि उनकी पार्टी 294 में से 226 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में वापसी करेगी। ममता बनर्जी ने अपने संदेश में जय बांग्ला (जय बंगाल) का नारा लगाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

उन्होंने भरोसा जताया कि जनता का समर्थन उनकी पार्टी के साथ है और चुनाव परिणाम उसी दिशा में जाएंगे। ममता ने एक्जिट पोल पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ये एक्जिट पोल भाजपा के निर्देश पर प्रसारित किए जा रहे हैं, ताकि तृणमूल कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ा जा सके।



### किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ें टीएमसी कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी जमीनी स्तर पर मजबूत है और वास्तविक नतीजे एक्जिट पोल से अलग होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे किसी भी तरह के भ्रम में न आएं और मतगणना तक सतर्क रहें। ममता ने पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं से मतगणना केंद्रों के बाहर दिन-रात पहरा देने की अपील की, ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न कर सके।

## नेपाल में तीर्थयात्रियों से भरी जीप पहाड़ से गिरी, 20 की मौत



**नई दिल्ली।** नेपाल के रोल्पा में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक जीप पहाड़ी से गिर गई, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई। इस बात की जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी। रुकुम पूर्व से तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक जीप थाबांग ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड 1 में एक चट्टान से नीचे गिर गई। यह दुर्घटना वार्ड 1 और 4 की सीमा पर स्थित एक पहाड़ी के पास हुई।

पुलिस ने बताया कि यात्री पूर्णिमा के दिन अनुष्ठान के लिए जलजला जा रहे थे। रोल्पा स्थित जिला पुलिस कार्यालय के सूचना अधिकारी पुलिस इंस्पेक्टर सुनील थापा नेपाली ने बताया कि बचाव अभियान जारी है।

## स्ट्रांग रूम के बाहर टीएमसी-भाजपा में तकरार

■ भारी सुरक्षा बल तैनात ममता भी पहुंचीं, ईसी बोला, कोई गड़बड़ नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के बीच कोलकाता में सियासी तनाव बढ़ गया है। शशि पांजा और कुणाल घोष ने नेताजी इंडोर स्टेडियम के बाहर स्ट्रांग रूम के सामने धरना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग के कुछ अधिकारी बिना पार्टी प्रतिनिधियों की मौजूदगी के बैलेट बॉक्स खोलने की कोशिश कर रहे हैं। इस आरोप के बाद चुनावी पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ममता भी वहां पहुंच गई हैं। सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है।

मुख्यमंत्री ममता गुरुवार को दक्षिण कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचीं। यह भवनानीपुर सीट का काउंटिंग सेंटर है, जहां 29 अप्रैल को हुए मतदान की ईवीएम रखी गई हैं। ममता ने मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए मौके का निरीक्षण किया। बारिश के बावजूद वह वहां पहुंचीं और देर तक मौजूद रहीं। इस दौरान कोलकाता मेयर व टीएसी उम्मीदवार हाकिम भी मौके पर पहुंचे, लेकिन वह उनसे नहीं मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने अधिकार के तहत अंदर गई हैं।



### भाजपा और चुनाव आयोग कर रहे मतपेटियों से छेड़छाड़

टीएमसी नेताओं शशि पांजा और कुणाल घोष ने आरोप लगाया है कि स्ट्रांग रूम के अंदर नियमों का पालन नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि संबंधित पार्टी (टीएमसी) के प्रतिनिधियों के बिना ही मतपेटियां खोलने की कोशिश की जा रही है। यह आरोप भाजपा और भारतीय निर्वाचन आयोग के अधिकारियों पर सीधा लगाया गया है। नेताओं का दावा है कि इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

## बारिश, आंधी और ओलावृष्टि पर सरकार करेगी पीड़ितों की मदद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने हालिया खराब मौसम, आंधी, अग्निकांड, ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत दी है। प्रशासन को फील्ड में सक्रिय रहते हुए आकलन और सहायता वितरण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी प्रभावित किसान सहायता से वंचित न रह जाए।

इस साल अग्निकांड की घटनाओं से बाराबंकी, बलिया, बांदा, महराजगंज, मथुरा, पीलीभीत, रामपुर और सोनभद्र सहित 8 जिलों में कुल 111.134 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है। इसके सापेक्ष 668 प्रभावित किसानों में से 51 किसानों को अब तक 1,81,963 की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं ओलावृष्टि से मथुरा, जालौन, हरदोई, बुलंदशहर, औरैया, संभल, शाहजहांपुर, आगरा, अलीगढ़, कन्नौज और उन्नाव सहित 13 जनपदों में 38369.72 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है।

## आसमान छूती तेल की कीमतों को साधने में जुटी सरकार

■ इथेनॉल के मिश्रण से थाम रखे हैं दाम

■ आने वाले समय में समस्याएं और बढ़ सकती हैं



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों ने हाहाकार मचाकर रखा है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय समेत अन्य देश में पेट्रोल की कीमतों को थामने के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। पेट्रोलियम मामलों के जानकारों का कहना है कि यही हाल रहा तो आने वाले समय में समस्याएं काफी बढ़ सकती हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के बाद डॉलर को इसका सीधा फायदा मिलता है। रुपया कमजोर होता है। भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। इसके कारण हमारी चिंता और बढ़ जाती है। हाइड्रोकार्बन इकानोमी के विशेषज्ञ नितिन गर्ग कहते हैं कि बाजार में कच्चे तेल की एक डॉलर की कीमत बढ़ने पर भारत पर सालाना 8000-9000 करोड़ रुपये का आयात खर्च बोझ बढ़ जाता है। इसके कारण घरेलू ईंधन पर दबाव बढ़ता है और मंहगाई दर में वृद्धि होने की संभावना बढ़ जाती है। क्योंकि तेल का दाम बढ़ने से माल की ढुलाई, उत्पादन लागत बढ़ती है। इसका सीधा असर खाद्य और अन्य अनावश्यक वस्तुओं पर पड़ता है।

## अदालत ने मंत्री ओपी राजभर के खिलाफ जारी किया गैर जमानती वारंट



**मऊ।** मऊ जिले की एक अदालत ने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह वारंट भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी और जूता मारने की धमकी देने से जुड़े मामले में जारी किया गया है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने यह आदेश पारित करते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 मई निर्धारित की है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रतनपुरा बाजार में एक जनसभा में ओम प्रकाश राजभर ने मंच से भाजपा नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## आईसीएसई, आईएससी के 10वीं और 12वीं के परिणाम जारी

■ छात्राओं ने मारी बाजी, 99 प्रतिशत से अधिक हुईं उत्तीर्ण

**नई दिल्ली।** भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने गुरुवार को 2026 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए, जिनके अनुसार 10वीं कक्षा में 99.18 प्रतिशत जबकि 12वीं में 99.13 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल 2,58,721 परीक्षार्थियों ने 10वीं (आईसीएसई) जबकि 1,03,316 परीक्षार्थियों ने 12वीं (आईएससी) की परीक्षा दी थी। छात्राएं दोनों परीक्षाओं में छात्रों से आगे रहीं।

आईसीएसई में, 99.46 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.93 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, 99.48 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.81 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईसीएसई परीक्षा में 2,56,590 परीक्षार्थी उत्तीर्ण जबकि 2,131 अनुत्तीर्ण हुए। आईएससी परीक्षा में कुल 1,02,414 उत्तीर्ण जबकि 902 अनुत्तीर्ण हुए। श्रेणीवार आंकड़ों के अनुसार आईसीएसई में सामान्य श्रेणी के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.26 प्रतिशत रहा। अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.24 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में 98.07 प्रतिशत और अनुसूचित जाति में 98.76 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।

## मताधिकार को बनाया जाए मौलिक अधिकार

■ चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कांग्रेस ने फिर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि देश में मताधिकार खतरे में है और अब समय आ गया है कि इसे मौलिक अधिकार बनाया जाए। उन्होंने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और निर्वाचन आयोग के हालिया कदमों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हो रही है।

जयराम रमेश ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी भूमिका एक तटस्थ पर्यवेक्षक की नहीं, बल्कि एक प्लेयर की बन गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग जितना पक्षपाती और कंप्रोमाइज्ड आज दिखाई दे रहा है, उतना पहले कभी नहीं रहा। जयराम रमेश ने कहा कि उनका मानना है कि मतदान का अधिकार अब मौलिक अधिकार बनाया जाना चाहिए। यदि इसे मौलिक अधिकार का दर्जा मिलता है तो नागरिक न्यायालयों में इसकी रक्षा के लिए गुहार लगा सकेंगे।

उन्होंने संविधान सभा की बहसों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भी मताधिकार को मौलिक अधिकार बनाने पर चर्चा हुई थी और भीमराव आंबेडकर इसके पक्ष में थे। रमेश ने कहा कि निर्वाचन आयोग की मौजूदा कार्यशैली ने इस मांग को और जरूरी बना दिया है। उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिक भारत के मतदाता नहीं हो सकते, इसमें कोई विवाद नहीं है। लेकिन उन्होंने पूछा कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आखिर कितने विदेशी नागरिकों की पहचान की गई है। मौजूदा परिस्थितियों में मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना लोकतंत्र के लिए बेहद आवश्यक है।

### सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने का विपक्ष ने दिया नोटिस

कांग्रेस नेता ने बताया कि विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए संसद में प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस फिर से दिया है। उन्होंने कहा कि यदि यह नोटिस दोबारा खारिज किया जाता है तो विपक्ष लगातार ऐसे नोटिस देता रहेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग को गर्भपात की अनुमति बरकरार रखी

■ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें एक 15 वर्षीय नाबालिग के 30 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने वाले दो न्यायाधीशों की पीठ के एक आदेश को चुनौती दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची की पीठ ने गर्भपात की अनुमति देते हुए एम्स को प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि एम्स अपना निर्णय (कि गर्भपात नहीं किया जाना चाहिए) मां पर नहीं थोप सकता और महिला के पास निर्णय लेने का विकल्प होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने टिप्पणी की, 'अवांछित गर्भ का बोझ महिला पर नहीं डाला जा सकता। '

न्यायालय ने एम्स के डॉक्टरों को नाबालिग और उसके परिवार की काउंसलिंग करने तथा उन्हें प्रासंगिक मेडिकल रिपोर्ट और जानकारी साझा करने की स्वतंत्रता दी है, ताकि वे यह तय कर सकें कि गर्भावस्था को जारी रखना है या गर्भपात का विकल्प चुनना है।

## ईरान से लेकर यूक्रेन तक कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# राष्ट्रपति ट्रंप की पुतिन से फोन पर हुई लंबी बात



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक फोन पर चली महत्वपूर्ण वार्ता में ईरान संकट, यूक्रेन संघर्ष और रूस-अमेरिका संबंधों सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। क्रेमलिन के अनुसार बातचीत सौहार्दपूर्ण, स्पष्ट और व्यावसायिक रही। पुतिन ने ईरान संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति रूस की प्रतिबद्धता दोहराई और ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर मतभेद कम करने के लिए कई प्रस्ताव रखे।

करीब 90 मिनट तक चली इस बातचीत में पुतिन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि अमरीका और इज़रायल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम केवल ईरान या उसके पड़ोसियों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से ईरानी भूमि पर किसी भी जमीनी अभियान को 'अस्वीकार्य और अत्यंत खतरनाक' बताया। पुतिन ने वार्ता की शुरुआत में 25 अप्रैल को वॉशिंगटन हिल्टन होटल में ट्रंप पर हुए कथित हमले के प्रयास के बाद उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की और राजनीतिक हिंसा की निंदा की। उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि न तो ट्रंप, न ही उनकी पत्नी और न ही उनके साथ आये किसी सदस्य को कोई नुकसान पहुंचा। साथ ही, उन्होंने हमलावर को बेअसर करने में सुरक्षा सेवाओं की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की।

रूस के राष्ट्रपति ने इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि उनकी शुभकामनाएं 'फर्स्ट लेडी' तक पहुंचाई जायें। उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि यह घटना 26 अप्रैल को उनके जन्मदिन के आस-पास ही हुई थी, और रूसी तथा यूक्रेनी बच्चों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने के प्रयासों में उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया।

पुतिन ने ईरान और फारस की खाड़ी क्षेत्र पर चर्चा के दौरान ट्रंप द्वारा युद्धविराम बढ़ाने के निर्णय का समर्थन किया और कहा कि इससे वार्ता के लिए अधिक अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि रूस ईरान, खाड़ी देशों, इज़रायल और अमेरिका के साथ परामर्श जारी रखे हुए है।

### ईरानी नौसेना कमांडर की अमरीका को चेतावनी

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ नौसैनिक कमांडर शाहराम ईरानी ने अमरीका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमरीकी सैन्य गतिविधियां और आगे बढ़ीं तो तेहरान त्वरित कार्रवाई करेगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर सैन्य और आर्थिक टकराव लगातार गहरा रहा है। कमांडर ईरानी ने अमरीकी सैन्य सफलता की धारणाओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ कुछ दिनों में युद्ध समाप्त करने की सोच अब उपहास का विषय बन चुकी है।

## अमेरिका को भारी पड़ रहा ईरान युद्ध, महंगाई ने तोड़ा तीन साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में मचे हाहाकार का सीधा असर अब महंगाई के रूप में दिखने लगा है। अमेरिका में गैस की बढ़ती कीमतों ने महंगाई को पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है। इस झटके के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें भी फिलहाल टलती नजर आ रही हैं। अमेरिका में महंगाई के ताजा आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि ईरान के साथ जंग शुरू करना राष्ट्रपति ट्रंप को अब भारी पड़ रहा है।

वाणिज्य विभाग द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में महंगाई दर मार्च महीने में फरवरी के मुकाबले 0.7 प्रतिशत बढ़ गई है। वहीं, अगर सालाना आधार पर देखें, तो कीमतों में 3.5 प्रतिशत का भारी उछाल आया है, जो पिछले लगभग तीन वर्षों में सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। इस बेतहाशा महंगाई का मुख्य कारण ईरान युद्ध है, जिसने वैश्विक स्तर पर गैस की कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया है।

## सेना को लेकर फैलाया जा रहा फेक वीडियो

■ बंगाल चुनाव में हमले से जोड़ा गया है कनेक्शन



**नई दिल्ली।** इंडियन आर्मी के नाम पर सोशल मीडिया पर एक फेक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें दावा किया जा रहा है कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय सेना वहां के नागरिकों पर हमला कर रही थी। इस वीडियो को जांचे बिना धड़ल्ले से शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में पीएम मोदी के फोटो का भी उपयोग किया गया है। इस वीडियो में दिखाया गया है कि कुछ सुरक्षाबल लोगों को मार रहे हैं। लेकिन इस वीडियो में किए जा रहे दावे की जब सच्चाई जांची गई तो बिल्कुल फर्जी निकला।

समाचार एजेंसी पीआईबी ने जब इस वीडियो का फैक्ट चेक किया तो यह फर्जी निकला और यह वीडियो बांग्लादेश का निकला। पीआईबी के मुताबिक यह बांग्लादेश का एक पुराना वीडियो है जिसे पश्चिम बंगाल के 2026 चुनावों के संदर्भ में गलत तरीके से साझा किया जा रहा है। इस तरह की भ्रामक सामग्री पर विश्वास न करें और हमेशा सरकारी स्रोतों से ही इसकी पुष्टि करें। गलत सूचनाओं को रोकने में मदद करें। संदिग्ध सामग्री की सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को दें।

### भारतीय सेना की ड्यूटी बॉर्डर पर होती है

इस वीडियो में किया जा रहा दावा पूरी तरह से फर्जी है। भारतीय सेना की तरफ से कहीं भी लाठीचार्ज नहीं किया गया है। बता दें कि चुनाव में भारतीय सेना मुख्य रूप से देश के बॉर्डर की सुरक्षा सुनिश्चित करती है ताकि स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव हो सकें। वे सीधे चुनावी प्रक्रिया (जैसे मतदान केंद्र की सुरक्षा) में शामिल नहीं होते। यह सीआरपीएफ या राज्य पुलिस का काम है, लेकिन वे सीमा पर सतर्कता बढ़ाकर बाहरी खतरों को रोकते हैं।

CMYK

# जनगणना-2027 सेल्फ सर्वे पर जोर, 07 से 21 मई तक होगी स्व-गणना



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** जनगणना-2027 को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। पहले चरण के तहत 7 से 21 मई के बीच होने वाली स्व-गणना को सफल बनाने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में बुधवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में जनपदीय अधिकारियों की कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित हुआ सीडीओ अभिषेक कुमार ने जनगणना में सेल्फ सर्वे (स्व-गणना) के फायदे गिनाते हुए कहा कि इससे आमजन को कई तरह की सहूलियत मिलती है। उन्होंने बताया कि लोग घर बैठे अपने मोबाइल या कंप्यूटर से जानकारी भर सकते हैं, जिससे समय और श्रम की बचत होती है। डाटा की सटीकता बढ़ती है, क्योंकि जानकारी खुद परिवार द्वारा दर्ज की जाती है गणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। सीडीओ ने लोगों से अपील की कि वे स्व-गणना में बढ़-चढ़कर भाग लें और समय सीमा के भीतर अपनी जानकारी जरूर दर्ज करें।सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग के कर्मचारियों से स्व-गणना पोर्टल पर अनिवार्य रूप से डाटा भरवाएं। इसके बाद सिस्टम से मिलने वाली 11 अंकों की यूनिक आईडी को फील्ड में तैनात प्रगणकों को सौंपना होगा, ताकि जमीनी स्तर पर काम में तेजी और सटीकता बनी रहे।सीडीओ ने जनगणना के तहत सेल्फ सर्वे को बढ़ावा देने के लिए प्रतिदिन ÷विभाग दिवस÷ भी निर्धारित किए हैं। इसका उद्देश्य है कि हर विभाग अपने-अपने सेक्टर में सक्रिय भूमिका निभाए। निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी न केवल स्वयं स्व-गणना में भाग लें, बल्कि आमजन को भी इसके लिए जागरूक और प्रेरित करें। इससे जनगणना अभियान को व्यापक जनसहभागिता मिलेगी और अधिक से अधिक लोग समय पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे जिला जनगणना अधिकारी/एडीएम नरेन्द्र बहादुर सिंह ने समस्त चार्ज अधिकारियों को तृतीय चक्र के प्रशिक्षण को पूर्ण करने पर सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए अन्तिम चक्र में शत प्रतिशत जनशक्ति के साथ प्रगणक/पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण को समय से पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। कार्यशाला में जनगणना कार्य निदेशालय से जिला प्रभारी दिव्यांक मिश्रा ने पोर्टल पर स्वगणना करने का प्रशिक्षण प्रदान किया आयोजित कार्यशाला में एएसपी, सीएमओ, डीआईओएस, बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीएसटीओ, महाविद्यालयों के प्राचार्य, डीसी एनआरएलएम, परियोजना अधिकारी, जनगणना सेल के कार्मिकों सहित अन्य जनपदीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में मरीज और तीमारदार के साथ अभद्रता का मामला आया सामने

**लखीमपुर खीरी।** जिला अस्पताल में मरीज और तीमारदार के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। महिला मरीज और उसके बेटे ने डाक्टर पर अभद्रता का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी तरफ डाक्टर ने युवक को मानसिक बीमारी होना कहकर पल्ला झाड़ लिया है। ओयल में चल रहे मेडिकल कालेज जिला अस्पताल में गुरुवार को महिला मरीज और तीमारदार के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप डाक्टर और स्टाफ पर लगा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें ईसानगर के गांव सिरसी की रहने वाली महिला बुखार, पेट दर्द की दवा लेने अस्पताल पहुंची थी। महिला ने आरोप लगाया कि उसका इलाज न करके उसको और उसके बेटे को वहां से अभद्रता कर भगा दिया गया इस मामले में सीएमएस के पास भी शिकायत की। इसमें भी मरीज को राहत नहीं दी गयी है। पीड़ित ने मामले में तहरीर पुलिस को दी है। इसमें डाक्टर और उसके साथ मौजूद चार-पांच अन्य लोगों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी तरफ फीजिशियन ने कहा कि महिला मरीज के साथ आये युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। इसलिए बेवजह आरोप लगा रही है।

## भीषण गर्मी और उमस की मार झेल रहे जिले के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया गुरुवार

**लखीमपुर-खीरी।** पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी और उमस की मार झेल रहे जिले के लोगों के लिए गुरुवार का दिन बड़ी राहत लेकर आया। तपती धूप और लू के थपेड़ों के बीच आसमान में बादलों की आवाजाही ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। बारिश के आसार बन गए हैं। आलम यह रहा कि महज दो दिनों के भीतर जिले के तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक की भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को सुकून मिला है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पर टिका रहा। दो दिन पहले तक दिन का पारा 38 से 40 डिग्री के आसपास बना हुआ था, जिससे दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता था। अचानक हुए इस बदलाव ने लोगों को पसीने वाली गर्मी से निजात दिलाई है गुरुवार सुबह से ही ठंडी हवाओं के चलने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान में घने बादलों ने डेरा डाल दिया।

## बैठक में नही जाना 11 अफसरों को पड़ा महंगा डीएम ने रोका वेतन 3 दिन में मांगा स्पष्टीकरण, लापरवाही पर सख्त चेतावनी

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सरकारी बैठकों को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सख्त कार्रवाई की है। 'जिला उद्योग बंधु' की महत्वपूर्ण बैठक से गैरहाजिर रहने वाले 11 जिला स्तरीय अधिकारियों और कार्मिकों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डीएम की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।बीती 28 अप्रैल 2026 को जिला उद्योग बंधु, एमओयू कार्यान्वयन और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। इस महत्वपूर्ण बैठक में जब डीएम सभागार पहुंचे, तो कई जिम्मेदार अफसरों की कुर्सियां खाली मिलीं। उद्यमियों की समस्याओं पर सार्थक चर्चा न हो पाने और अधिकारियों की इस गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई।डीएम ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण महत्वपूर्ण प्रकरणों पर चर्चा नहीं हो सकी, जो कि अक्षम्य है। उन्होंने %नो वर्क-नो पे% के सिद्धांत का हवाला देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तीन कार्य दिवसों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि उक्त तिथि का उनका वेतन क्यों न काट लिया जाए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि शासन स्तर पर इन बैठकों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाता है। अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि अधिकारी ही नदारद रहेंगे, तो उद्यमियों और जनता की समस्याओं का निस्तारण कैसे होगा?÷ डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी आदेश की प्रति भेजकर निर्देशित किया है कि अगले आदेश तक इन अधिकारियों का संबंधित तिथि का वेतन आहरित न किया जाए।

### इन अधिकारियों पर गिरी गाज

डीसी-एनआरएलएम, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम (नोडल), वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक बांट माप विभाग, सहायक निदेशक, विद्युत सुरक्षा विभाग, पर्यटन अधिकारी, प्रबंधक-आरसेटी, उप संभागीय विपणन अधिकारी,परियोजना अधिकारी (डूडा), जिला प्रोबेशन अधिकारी शामिल हैं।

## मॉल में शॉपिंग कर रहे 5 पुलिसकर्मी निलंबित

**लखीमपुर खीरी । (अवधनामा संवाददाता)** 27 अप्रैल को होमगार्ड परीक्षा ड्यूटी से गायब होकर जूडियो मॉल में शॉपिंग कर रहे 5 पुलिसकर्मी निलंबित। एसपी ने हे0का0 प्रमोद वर्मा, राशिद चौधरी, का0 विक्रांत चौधरी, रचित राजपूत व लोकेश पाण्डेय पर की कार्रवाई।

## सीआईएससीई ने आईसीएसई 10वीं और आईएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम किया घोषित

**लखीमपुर-खीरी।** सीआईएससीई (काउंसिल ऑफ इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस) ने बृहस्पतिवार को आईसीएसई 10वीं और आईएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। लखीमपुर खीरी जिले में इस बार छात्राओं को पछाड़ते हुए छात्रों ने बाजी मारी। कक्षा 12 में पलिया स्थित गुरुकुल एकेडमी के छात्र रचित अग्रवाल ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान पाया है। टॉपरों की सूची में पहला स्थान मिलने की जानकारी होते ही रचित के परिजन गदगद हो गए।



**समाजवादी पार्टी के नवागत जिलाध्यक्ष हनी फैसल साहब को बुके देकर जनपद बिजनौर का जिलाध्यक्ष बनने पर मुबारक बाद देते हुए अवधनामा अखबार के जिला प्रभारी सरफराज़ अहमद।**

## अचानक मौसम ने ली करवट झुलसती गर्मी से मिली राहत,दिन में हुई रात, धूल भरे गुबार के साथ आया तूफान



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** अचानक देखते ही देखते मौसम ने करवट बदल ली और धूल भरे गुबार के साथ तूफान आया। जहां मानव से लेकर पक्षी परिंदे भी गर्मी से झुलस रहे थे, गर्मी अपने शबाब पर थी, तापमान 40 डिग्री तक जा रहा था।अचानक दोपहर के बाद आए तेज तूफान, बादलों की गड़गड़ाहट बिजली की चमक और बारिश ने अपना कहर मचाया देखते देखते दिन में रात हो गई। मौसम सुहाना होने से लोगों को गर्मी से तहत तो मिली परन्तु ये तूफान ने कई गरीबों के आशियाने अपने उड़ा कर ले गया। समाचार लिखे जाने तक तेज हवाएं और बारिश जा रही, वहीं इस आय इस तूफान से जान माल कि हानि का अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

## इकलौते बेटे की मौत से बुझ गया घर का चिराग, परिवार में मचा कोहराम

**कानपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के मुगल रोड स्थित एक गेस्ट हाउस के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और साथियों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घाटमपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल, कानपुर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान सूरज 19 वर्ष निवासी ग्राम मलासा, कानपुर देहात के रूप में हुई है।परिवार में मां बिटोला , पिता राजेश सिंह, बड़ी बहन पूनम और छोटी बहन राखी हैं। इकलौते बेटे की असमय मौत से घर का चिराग बुझ गया और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## संघर्ष समिति के नेताओं ने निजीकरण के विरोध में दिया धरना



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** आज बुधवार को मोतीझील मुख्यालय में बिशाल धरने का आयोजन कर निजीकरण के विरोध में दोपहर 2 बजे से किया गया जिसमें सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया और निजीकरण के संबंध में जमकर नारेबाजी करते हुए आंदोलन और तेज करने का आवाहन किया। संघर्ष समिति के नेताओं ने मंच से कहा कि नगर निगम प्रशासन मुख्यमंत्री जी आदेश की अवेहलना कर रहा है एक तरफ मुख्यमंत्री आउटसोर्स सेवा निगम का गठन कर कर्मचारियों को लाभ देने आदेश दिए है और नगर निगम प्रशासन निजीकरण कर 5000 आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को निविदा आमंत्रित कर निजी कंपनी को सौंपने का टेंडर खोलने का मन बना चुका है जिसका विरोध आज जम कर किया गया और कहा गया कि नोटिस/पत्र देकर नगर आयुक्त से वार्ता का अनुरोध किया गया लेकिन वह वार्ता के लिए आज तक नहीं आमंत्रित किए जिससे कर्मचारियों में रोष है और मंच पर नेताओं ने कर्मचारी से हाथ उठाकर सहमत लिया कि दिनांक 14 मई 26 को पुनः आम सभा किया जाएगा इस बीच में कानपुर नगर के समस्त जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर अनुरोध करेंगे कि उक्त प्रकरण में हस्तक्षेप कर जिला प्रशासन से समस्या का समाधान कराए क्योंकि कानपुर का प्रशासन अपने जिद्द पर पड़ा है जिसका आगामी विधानसभा चुनाव में विपरीत प्रभाव पड़ेगा यदि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 11 मई से 13 मई तक काला फीता बांधकर आम कर्मचारी विरोध कर दिनांक 14 मई 2026 को होने वाली आमसभा में उसी दिन से कार्य बहिष्कार का नारा दे दिया जाएगा। जिसका उत्तरदायित्व जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन का होगा। सभा में मुख्य रूप से माकांत मिश्र, हरिओम वाल्मीकि, विनोद रावत, धीरज गुप्ता, कमरुद्दीन,अजीत बाघमार, मुन्ना हजारिया,उस्मान अली शाह,मुकेश वाल्मीकि,पिंटू चौधरी,अखिलेश सिंह, बृजलाल भारती,मुन्ना गंगोत्री,सुधाकर मिश्रा, नीलू निगम,मुन्ना पहलवान,नरेंद्र खन्ना,रामगोपाल चौधरी,धर्मेंद्र ,रमेश अंबेडकर,रामगोपाल समुद्र, पवन कौशल आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की बैठक संपन्न

- डैशबोर्ड की महत्ता को समझें सभी अधिकारी, न करें लापरवाही
- फैमिली आई डी बनाने का कार्य करें शत-प्रतिशत पूर्ण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने निर्देश दिए कि खराब रैंकिंग वाले विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए नए वित्तीय वर्ष में समय से अपने लक्ष्यों को देख लें और शुरू से ही रैंकिंग को बेहतर रखें।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते हुए सुमित राजेश महाजन ने कहा कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैंकिंग के लिए प्रयास करें तथा जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं पोर्टल को देखें एवं केपीआई पर दृष्टि रखें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों एवं उच्च प्राथमिकता वालें बिन्दुओं पर गंभीरता से कार्य करें। सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग वाले विभाग निरंतर समीक्षा कर कार्यों का फालोअप करें तथा रैकिंग गिराने वाले कारणों को देखने तथा सुधार करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्रकरणों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। फैमिली आईडी संबंधी लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी डैशबोर्ड की महत्ता को समझें और लापरवाही न करें। पर्यटन विभाग अपनी परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें एवं उच्चाधिकारियों से समय लेकर निरीक्षण कराएं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फूलबाग लाइब्रेरी के डिजिटल रूपांतरण कार्यों का महापौर प्रमिला पांडे ने किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** शहर के फूलबाग स्थित लाइब्रेरी को आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी में परिवर्तित करने के चल रहे कार्यों का गुरुवार को महापौर प्रमिला पांडे ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी शहर के छात्रों, प्रतियोगी परीक्षार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए एक बड़ा केंद्र बनेगी, जहां आधुनिक तकनीक के माध्यम से अध्ययन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता सैय्यद फरीदी अहमद जैदी ने बताया कि लाइब्रेरी में ई-लर्निंग जोन, डिजिटल रीडिंग एरिया, हाईस्पीड इंटरनेट और ऑनलाइन अध्ययन सामग्री जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। महापौर ने इन व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह परियोजना शहर की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाई देगी।

## मजदूर दिवस पर बच्चों ने श्रमिकों को की आइसक्रीम वितरित




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उन्हें आइसक्रीम वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य सुरैया कोसर ने कहा कि आज के इस आयोजन के माध्यम से हजारों जरूरतमंद लोगों को आइसक्रीम वितरित की गई है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को श्रमिकों के योगदान का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि उनके परिश्रम से ही समाज और देश का विकास संभव हो पाता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में भी सेवा और संवेदनशीलता की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हमें मेहनत से अपने लक्ष्यों को हासिल करना चाहिए, बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। साथ ही, इस तरह के आयोजनों से बच्चों में बड़ों का सम्मान, सेवा भावना और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुरैया कोसर के साथ-साथ नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के डायरेक्टर अर्चित अग्रवाल, स्कूल का स्टाफ, शिक्षक और छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। अध्यक्षता सुरैया कौसर ने की।

## निर्माणाधीन अस्पताल में चोरी, गुल्लक तोड़कर 25 हजार पार

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शातिर चोरों ने एक निर्माणाधीन अस्पताल को निशाना बनाते हुए गुल्लक में रखे हजारों रुपये पार कर दिए। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। नया शिवली रोड निवासी शुभम यादव ने बताया कि वह मां शक्ति नर्सिंग होम के नाम से अस्पताल का निर्माण करा रहे हैं। बुधवार रात करीब 9 बजे काम खत्म कर मुख्य गेट पर ताला लगाकर घर चले गए थे। देर रात करीब 1:48 बजे तीन अज्ञात चोर अस्पताल परिसर में घुस आए और कार्यालय में रखी गुल्लक तोड़कर करीब 25 हजार रुपये निकाल ले गए। गुरुवार सुबह जब संचालक अस्पताल पहुंचे तो गुल्लक टूटी मिली और नकदी गायब थी। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें तीनों शातिर अस्पताल में घूम-घूमकर चोरी करते स्पष्ट नजर आए। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई।

## प्रोफेसरों ने उद्योगो की समस्याओं पर दिया अपना प्रेजेंटेशन

**सहारनपुर।** लघु उद्योग भारती की वार्षिक बैठक में उद्योगों को वैश्विक पटल पर आने वाली चुनौतियों का सामना करने पर प्रोफेसरों ने अपना प्रेजेंटेशन दिया।

नवादा रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक आशुतोष तथा मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन व आईआईटी रुड़की से आए प्रोफेसरों ने अपना प्रेजेंटेशन दिया तथा बताया कि कैसे उद्योग वैश्विक पटल पर आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सहारनपुर ऐसी स्थिति में है कि अगर हल्की सी ईमानदार कोशिश की जाए, तो अपना शहर बहुत तरक्की कर सकता है। संभाग महामंत्री अनुपम गुप्ता ने कहा कि जब तक सहारनपुर का राजनीतिक तंत्र उद्योगों की सुध नहीं लेगा, तब तक शहर का विकास नामुमकिन है। जिलाध्यक्ष वरुण अग्रवाल ने आह्वान किया कि संस्था का प्रत्येक सदस्य अगले एक माह में अपने साथ केवल एक सदस्य जोड़े और संगठन को मजबूती प्रदान करें। बैठक में संभाग अध्यक्ष पवन सिंघल मुजफ्फरनगर राजेश जैन, जगमोहन गोयल, मुकेश शर्मा, राजीव चानना, शोर्य जैन, संचित सागर, संरक्षक सुधाकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, घनश्याम माहेश्वरी, संजय गोयल, राजीव आनंद, दुष्यंत सैनी, सुशील भारद्वाज, विपुल जैन, विपुल गर्ग, गौरव मित्तल, हंस कुमार अग्रवाल, गौरव डंग, आदेश चौधरी, अंकुर सिंघल, पंकज मित्तल, मयंक अग्रवाल, विवेक सिंघल, विकास मित्तल, संदीप गांधी, आशीष जैन, प्रमोद गर्ग व युद्धवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अन्तर्जनपदीय ट्यूबवैल तार चोर गिरोह के पांच शातिर चोर गिरफ्तार

### 25 मी. सबमर्सिबल केबल, एक वेल्डिंग मशीन, 2.5 किलोग्राम तांबे का तार बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने अन्तर्जनपदीय ट्यूबवैल तार चोर गिरोह के पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 मीटर सबमर्सिबल केबल, एक वेल्डिंग मशीन, 2.5 किलोग्राम तांबे का तार व 02 अरथिंग रॉड बरामद की है। पुलिस ने पांचों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के समक्ष तार चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एसपी देहात मयंक पाठक ने बताया कि विगत् 29 अप्रैल वादी संजय कुमार पुत्र कैलाश चन्द निवासी बाल विधा मन्दिर वाली गली कस्बा छुटमलपुर, विगत् 27 फरवरी को वादी सावेज पुत्र इकबाल निवासी रसूलपुर कलाँ थाना फतेहपुर तथा विगत् 16 अप्रैल को वादी मौर्य आनन्द कुमार पुत्र अशोक कुमार



निवासी ग्राम बरतसपुर थाना मछलीशहर जिला जोनपुर हाल तैनाती 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र फतेहपुर की तहरीर पर अज्ञात चोरो के खिलाफ तार चोरी कर ले जाने के संबंध में अलग-अलग मुकदमें पंजीकृत कराये गये थे। एसपी देहात मयंक पाठक ने बताया कि फतेहपुर प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र सिंह राणा, उपनिरीक्षक मशकूर अली, बबलू कुमार व बिजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अमजद उर्फ उर्मिला पुत्र खुर्शीद, वंश पुत्र पप्पू, नौमान पुत्र अब्दुल वहीद, आकाश उर्फ काशी पुत्र पुष्पेंद्र निवासीगण ग्राम फतेहपुर भादो थाना फतेहपुर व रहीश पुत्र मौसम निवासी ग्राम भटपुरा थाना फतेहपुर को कस्बा छुटमलपुर मे ईदगाह के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 मीटर सबमर्सेबिल केबल, एक वेल्डिंग मशीन, एक टूल बॉक्स, तांबे के तार से लिपटा एक निगरोलकर, एक गिलैंडर मशीन, एक ड्रिल मशीन, 2.5 किलोग्राम तांबे का तार व दो अरथिंग रॉड़ बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा कि वह एक साथ मिलकर जंगलो मे टयूबवैल व गाँव मे खाली पडे मकान व दुकानो से आदि जगहों से अपने नशे व पैसो की जरूरत को पूरा करने के लिये चोरी करते है और चोरी के सामान को कबाड़ का सामान खरीदने वाले अंजान व्यक्ति को बेच देते है। पुलिस ने पांचों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली जनाक्रोश महिला पद यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने महानगर में जनाक्रोश पद यात्रा निकाली।

पद यात्रा देहात विधानसभा और नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोटा मंडल एवं शारदा मंडल में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महानगर मंत्री आरती शर्मा ने महिलाओं के प्रति कथित नकारात्मक सोच और दोहरे चरित्र के आरोपों को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम जारी है। साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की नकारात्मक सोच स्वीकार नहीं की जाएगी।

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र उत्कर्ष मिश्रा उर्फ़ पंचू उसके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से दिनांक 18-04-2026 से बेदखल कर दिया है। अब उत्कर्ष मिश्रा उर्फ़ पंचू के किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नही है। अपने समस्त कृत्यों का उत्कर्ष मिश्रा उर्फ़ पंचू स्वयं जिम्मेदार होगा ।

राजेश कुमार पुत्र जगत नरायन

नि0 ग्राम ढकिया बुजुर्ग थाना नीमगाँव जिला लखीमपुर खीरी।

# महिला सम्मान और आरक्षण को लेकर उठी आवाज, सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सहित देशभर में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी को लेकर चिंता जताते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि ममता, त्याग, संघर्ष और शक्ति का प्रतीक है, ऐसे में उसके सम्मान की रक्षा करना समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार द्वारा 19 सितंबर 2023 को लोकसभा में विधेयक पेश किया गया था, जिसे 20 सितंबर को लोकसभा और 21 सितंबर को राज्यसभा से पारित कर दिया गया। इसके बाद 28 सितंबर 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी। हालांकि, करीब ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी इसके क्रियान्वयन को लेकर स्पष्टता न होने पर सवाल उठ रहे हैं।

वक्ताओं का आरोप है कि सरकार बिना जातिगत जनगणना के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जिससे महिला आरक्षण का वास्तविक उद्देश्य प्रभावित हो सकता है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मुलायम सिंह यादव की सरकार का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 1995 में पंचायत स्तर पर महिलाओं, पिछड़ों और अनुसूचित वर्गों को आरक्षण देकर ऐतिहासिक पहल की गई थी। साथ ही अखिलेश यादव सरकार के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई डायल 1090 और 102 एंबुलेंस सेवाओं का भी उल्लेख किया गया।

वर्तमान हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया गया कि ह्ष्ट्रक्ररू 2023 के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश महिला अपराध के मामलों में देश में पहले स्थान पर है, जो कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हाथरस, उन्नाव, लखीमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली और सोनभद्र जैसे जिलों की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा गया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार सामने आ रहे हैं।

इस दौरान सरकार के समक्ष कई मांगें रखी गईं। इनमें प्रत्येक जिले में 10 फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना, पुलिस जवाबदेही कानून लागू करने, स्नढ्ढक्र दर्ज न करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई, जातिगत जनगणना कराने और बिना परिसीमन के महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू करने की मांग शामिल है।

इसके अलावा, वंचित और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण में से 50 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## डीएम ने किया निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का निरीक्षण,तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरुवार को निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के इंजीनियर से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रामा सेंटर में स्थापित की जाने वाली आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने परिसर में सफाई, सुरक्षा उपायों एवं साइट प्रबंधन की व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निर्धारित समय में ट्रामा सेंटर तैयार होने से आपात चिकित्सा को मजबूती मिलेगी।

# बीएचयू आयुर्वेद संकाय में नियमों की अनदेखी का आरोप, राष्ट्रपति तक पहुंची शिकायत

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय में प्रोन्नति प्रक्रिया को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि वर्ष 2007 से पीएचडी को अनिवार्य योग्यता बनाए बिना ही शिक्षकों को पदोन्नति दी जाती रही, जो विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों के विपरीत है। इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है और शिकायत सीधे देश के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गई है।

बताया जा रहा है कि एक शिक्षक द्वारा वरिष्ठता को लेकर की गई शिकायत के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले का निस्तारण नहीं किया। इसके विपरीत, कार्यवाहक संकाय प्रमुख प्रो. के.एच.एस.एस. मूर्ति ने कथित रूप से अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आपात बैठक बुला ली और नीति व वित्तीय मामलों पर निर्णय लेते हुए एक प्रस्ताव पारित करा दिया। आरोप है कि यह प्रस्ताव विश्वविद्यालय की नियमावली के खिलाफ है।

इस पूरे प्रकरण को लेकर डॉ. सुबेदार सिंह, पूर्व महामंत्री छात्र संघ, बीएचयू ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विजिटर भारत के राष्ट्रपति, कुलपति, शिक्षा मंत्रालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अभिलेखों सहित शिकायत भेजी है।

डॉ. सिंह का कहना है कि विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (ईसी) के प्रस्ताव में आर्डिनेंस में किसी प्रकार के संशोधन का उल्लेख नहीं है और न ही यह स्पष्ट किया गया है कि नियम कब से लागू होंगे। इसके बावजूद निर्णय लेकर विजिटर के अधिकारों का अतिक्रमण किया गया है, जो गंभीर प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के बावजूद उप कुलसचिव (शिक्षण) द्वारा मंत्रालय को आर्डिनेंस से संबंधित सही जानकारी न देकर भ्रामक सूचना दी गई, जिस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

# डीएम ने आलमपुरा कंपोजिट विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**विद्यालय में 214 छात्रों में सिर्फ 63 छात्र उपस्थित पाये गये, तीसरी क्लास पढा रहा था छात्र**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरूवार को शहर के आलमपुरा कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में डीएम को अचानक देख शिक्षकों में खलबली मच गई, हालांकि निरीक्षण में निर्धारित संख्या के सापेक्ष विद्यार्थियों की संख्या कम पाए जिलाधिकारी ने रोष व्यप्त करते हुए संबन्धित प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के संबन्धित अधिकारी को निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय विद्यालय की सहायक अध्यापिका प्रियंका व बाल्यकाल देखभाल अवकाश पाए गए, इसके अलावा सभी अध्यापक उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय में विद्यालय में नामांकित छात्र 214 के सापेक्ष 63 छात्र उपस्थित पाये गये, जिसमें जिलाधिकारी ने कम छात्र उपस्थिति पर रोष व्यक्त किया और संबंधित प्रधानाध्यापक को नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय कक्षा 3 में छात्रों को एक छात्र पढ़ा रहा था, जिससे जिलाधिकारी ने संबंधित कक्षाध्यापक को भी नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय डीएम ने मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत निर्मित किचेन को देखा जहां पर अत्यधिक गंदगी पाई गई, खाद्यान्न का रखरखाव बोरों में किया जा रहा था, जिस पर उन्होंने खाद्यान्न कंटेनरों में रखने व सफाई का विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। स्टोर रूम में भी अत्यधिक अव्यवस्थित सामग्री के अलावा विद्यालय प्रांगण में गंदगी को देखकर डीएम ने रोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण दौरान विद्यालय में पाई गई कमियों के निराकरण के लिए डीएम ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को तत्काल संज्ञान लेते हुये, संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

# मानसिक तनाव से जूझ रहे व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र स्थित भदैनी इलाके में एक 48 वर्षीय व्यक्ति ने कथित रूप से मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार भदैनी निवासी रविराज उपाध्याय पिछले करीब दो वर्षों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। बुधवार देर रात उन्होंने अपने कमरे में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई जब भोर करीब 3 बजे उनकी पत्नी रिंकी की नींद खुली और वह दूसरे कमरे में पहुंचीं। वहां पति को फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। पत्नी ने तत्काल अपने देवर शशिराज को सूचना दी। आनन-फानन में परिजनों ने शव को नीचे उतारकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। बताया जा रहा है कि मृतक ज्योतिष और पंचांग से जुड़ा कार्य करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र लगभग आठ और छह वर्ष है। पिता की अचानक मौत से दोनों बच्चियां सदमे में हैं, वहीं पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार रविराज का जमीन से संबंधित विवाद परिवार के कुछ सदस्यों के साथ चल रहा था, जिसके कारण वह पिछले दो वर्षों से मानसिक तनाव में थे। इसी तनाव के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। बताया यह भी जा रहा है कि आत्महत्या से पहले उन्होंने मंगलवार और बुधवार को अपने कई परिचितों को फोन कर हालचाल पूछा था, जिससे किसी अनहोनी की आशंका नहीं जताई जा सकी।

# एसपी ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षकों को सम्मानपूर्वक दी भावुक विदाई

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, शशांक सिंह द्वारा गुरुवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 उपनिरीक्षकगण संजीव कुमार, मिथिलेश कुमार मिश्रा एवं रामबहादुर को पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर भावुक विदाई दी गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षकों के दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवा काल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ किया है, जो अन्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार द्वारा भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके सेवा काल के अनुभवों को प्रेरणादायक बताया गया तथा उन्हें सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा भी सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षकों के साथ अपने अनुभव साझा किए गए, जिससे वातावरण भावुक हो गया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सम्मानपूर्ण विदाई के लिए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह समारोह सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# कुशीनगर में जिला प्रोबेशन कार्यालय में नियुक्ति घोटाले का आरोप

**एक ही वर्ग के 12 अभ्यर्थियों की भर्ती पर उठे सवाल, डीएम ने एडीएम को सौंपी जांच**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला प्रोबेशन कार्यालय में नियुक्तियों को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि निवर्तमान जिला प्रोबेशन अधिकारी/केस वर्कर ध्रुवचन्द्र त्रिपाठी के कार्यकाल में नियमों को ताक पर रखकर एक ही वर्ग के 12 अभ्यर्थियों को नियुक्त करने की प्रक्रिया अपनाई गई। इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से किए जाने के बाद उन्होंने प्रकरण की जांच अपर जिलाधिकारी को सौंप दी है। शिकायत के अनुसार अब तक चार अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जा चुकी है, जबकि तीन अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग प्रक्रिया जारी है। वहीं शेष पांच पदों पर भी अपने सजातीय अभ्यर्थियों का चयन कराने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि जिला प्रोबेशन अधिकारी ध्रुवचन्द्र त्रिपाठी 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, इसके बावजूद वे अब भी सीयूजी नंबर के साथ कार्यालय में सक्रिय बने हुए हैं। शिकायत में कहा गया है कि प्रभारी अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार दुबे तथा सेवा प्रदाता एजेंसियों के साथ मिली भगत कर अवैध वसूली के जरिए नियुक्ति कराने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि नियुक्तियों में निर्धारित प्रक्रिया और रेण्डम लिस्ट का पालन नहीं किया गया और नियमों को दरकिनार कर चयन किया गया।

**योजनाओं में भी अनियमितता का आरोप :** शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं–मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), स्पांसरशिप योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ–में शासनादेश और गाइडलाइन के विपरीत जिलाधिकारी की अनुमति के बिना अपात्र लोगों को भुगतान कराया गया।

# भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत द्वारा मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** एक माग पत्र भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत ने जिलाध्यक्ष रायसिह के नेतृत्व जिलाधिकारी महोदय को दिया जिसमें बिन्दु निम्न क्रम बारहै जिसमें जनपद फरुखाबाद मे रात्रि कालिन घरेलू बिजली आने जाने का कोई समय नहीहै फरुखाबाद रिषीकेष पैसेंजर ट्रेन कोरोना काल से पहले फरुखाबाद से रिषीकेष जाती थी जिसे बन्द कर दिया गया अतशीघ्र चलाया जाए जादातर जिले मे समुदायिक शौचालय बन्द पडे है उन शौचालय के ताले?खुलबाये जाये मौजा गुर ऊशादीनगर जो मोहम्मदाबाद ब्लॉक के अन्तर्गत आता है जिसमे2024+2025 आनलाइन शौचालयों की एक किस्त मिलने के बाद दूसरी किस्त आज तक नही मिली इसकी जाँच की जाये और जिन लोगों की फार्मर रजिस्ट्री है उन्हे अभी तक किसान सम्मान निधि का लाभ नही मिल रहा है बिना बिकलाग ब्रब्दाबस्था पेन्शन लोगों की एक साल से मन्जूर है लेकिन आज तक मिली ही नही शमसाबाद से उगर पुर तक सडक सन 1996 मे मण्डी समिति से बनी थी सड़क पूरी तरह नष्ट हो चुकी है सड़क को मण्डी समिति से हटाकर पी डब्ल्यू डी में दे दी जाये जिससे सड़क सही होसके जिले मे जादा तर गामौ मे चारागाह खलिहान की जमीनौ पर दबंग कब्जा किये है एसी जमीन कब्जा मुक्त करायी जाये जिले आबारा गौ बंश किसानों की फसलों का नुकसान करते हैं अत इन्हें पकड़ कर गौशाला मे भेजे जाये कायमगंज द सरकारी चीनी मिल काफी पुरानी जर्जर हो चुकी है अत पराई सत्र सीजन पर मील बन्द हो जाता है अतः मील की मरम्मत कार्य कराया जाये17/4/2026 को कायमगंज तहसील मे बकीलौ और एसडीएम कायमगंज के बिबाद मे बकीलौ पर गलत तरीके से मुकद्दमा लिखाया गया उसे बापस लिया जाये बकील अशा हाय और रीढ है यदि समय रहते निस्तारण नहुआ तो आन्दोलन होगा ज्ञापन देने बाले राष्टीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे राम बीर पाल राम नरायन प्रबीन गुप्ता बादाम सिह स्वाति पाण्डेय सुनीता दुबे मधू शिबराज सिह राजपूत शिबमराजपूत रघुबीरसिंह संजीव कुमार दुबे अहिलकार सिह जन्टसिह मुन्ना लाल सक्सेना रामबीर जाटब प्रताप सिंह गंग बार सुग्रीव बाथम राय सिह आदि मौजूद रहे।

## मेंटल हेल्थ के निर्देशों पर मेडिकल कालेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अम्बेडकरनगर।** युवाओं के समग्र विकास में मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती भूमिका को ध्यान में रखते हुए महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) मेंटल हेल्थ के निर्देशों के क्रम में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मानसिक संतुलन बनाए रखने, भावनात्मक चुनौतियों का सामना करने तथा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मानसिक विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए बताया कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक जीवनशैली में मानसिक दबाव एक सामान्य चुनौती बन चुका है, लेकिन सही सोच, नियमित दिनचर्या और खुला संवाद इसे काफी हद तक नियंत्रित कर सकता है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि अपनी भावनाओं को दबाने के बजाय साझा करना और समय पर मार्गदर्शन लेना मानसिक मजबूती की निशानी है।

## एसपी सिटी द्वारा किया गया पैदल गस्त



**अलीगढ़।** एसपी सिटी आदित्य बंसल द्वारा पुलिस बल के साथ जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु 'थाना बन्नादेवी, रोरावर व थाना देहलीगेट' क्षेत्र में सघन चैकिंग की गई तथा संवेदनशील क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर किया गया पैदल गस्त। अधीनस्थों को संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की गहन जांच करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव बनाए रखने के सम्बन्ध में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

## महिला कल्याण विभाग द्वारा जवा में जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अलीगढ।** जिला प्रोवेशन अधिकारी अजीत कुमार के निर्देशानुसार नगर पंचायत जवा के मथुरा प्रसाद इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, के साथ ही सभी टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से प्रीति राजपूत, वंदना शर्मा समेत थाना जवा एसएचओ सहित अन्य स्टाफ और इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल अंकित कुमार गुप्ता व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने गंगा एक्सप्रेसवे पर प्रेस वार्ता की

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सांसद मुकेश राजपूत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जिला हरदोई के मल्लावा में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्धघाटन किया गया जिसमें फर्रुखाबाद जनपद की भागीदारी हुई लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ अराजक तत्व जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी और उनके कार्यकर्ताओं द्वारा भ्रामक प्रचार करके जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया गया जिसमें फर्रुखाबाद के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपशब्दों का भी उपयोग किया गया।

मैं स्पष्ट करना चाहता हूं जिस गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है उसे गंगा एक्सप्रेसवे से फर्रुखाबाद जनपद को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा जिसको प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में स्पष्ट रूप से बताया है डबल इंजन की सरकार ने लिंक एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा जो फर्रुखाबाद होकर गुजरेगा जिसकी लागत क्षेत्र 7600? करोड़ रुपए और लंबाई 94 किलोमीटर सुनिश्चित की गई है। कुछ लोगों द्वारा भ्रामक प्रचार करके गंगा एक्सप्रेसवे को फर्रुखाबाद से जोड़ने की बात की जा रही है लेकिन एनजीटी की रिपोर्ट के मुताबिक यह एक्सप्रेसवे का निर्माण होना है कोई साधारण राजमार्ग का निर्माण नहीं होना था तकनीकी समस्याओं के कारण यह फर्रुखाबाद से नहीं गुजर सका। लिंक एक्सप्रेस वे बनने के बाद यह फर्रुखाबाद से भी जुड़ जाएगा।

फर्रुखाबाद से गंगा एक्सप्रेसवे की दूरी 25 से 26 किलोमीटर के बीच की है। समाजवादी पार्टी और नमाज वादी पार्टी वाले लोग फर्रुखाबाद के सांसद एवं विधायकों पर न चलने की बात कर रहे हैं लेकिन जब कोई भी बड़ा प्रोजेक्ट लाया जाता है तो उसकी तकनीकी समस्याओं को भी देखा जाता है 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में सपा की सरकार रही लेकिन उन्होंने लखनऊ आगरा एक्सप्रेस देखो फर्रुखाबाद से नहीं जोड़ा सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सैफई को महत्वता देकर फर्रुखाबाद को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे से वंचित किया। सपा बसपा और कांग्रेस तीनों की सरकारी रही लेकिन फर्रुखाबाद को कोई भी लाभ नहीं प्राप्त हुआ। शाहजहांपुर से गंगा एक्सप्रेसवे की दूरी अधिक है बल्कि फर्रुखाबाद से यह एक्सप्रेसवे निकट है रजीपुर- उधनपुर एवं नवाबगज-हथियापुर मार्ग को सपा की सरकार ने 3:30 मीटर से घटकर 3 मीटर कर दिया था। भाजपा की सरकार ने ऐसे मार्गो को 7 मीटर से 10 मीटर चौड़ा करने का कार्य किया। सपा के लोगों को भाजपा सरकार का विकास कार्य दिखाई नहीं देगा जैसे चमगादड़ को दिन में कुछ भी दिखाई नहीं देता है सपा की सरकार में फर्रुखाबाद का हक इटावा कन्नौज और मैनपुरी जनपद को दिया जाता था उन्होंने मैनपुरी में 220 केवीए का पावर हाउस बनाया लेकिन फर्रुखाबाद को कुछ भी नहीं मिला। उखरा में 400 केवीए का पावर हाउस स्वीकृत किया गया है।

# शराब के नशे में 300 फीट गहरी खदान में व्यक्ति ने लगाई छलांग, नहीं लगा सुराग

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** थाना कबरई के रमकुंडा पहाड़ से शराब के नशे में एक व्यक्ति ने तीन सौ फिट गहरी खदान में छलांग लगा दी। कई घंटों बाद भी अधेड़ व्यक्ति का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस की उदासीन कार्य के चलते परिजनों और मुहाल वासियों में आक्रोश बढ़ता देख आपदा मोचन बल टीम को मौके पर बुलाया गया, जो आधुनिक उपकरणों के साथ लापता व्यक्ति की तलाश के लिए बचाव अभियान तेजी के साथ चला रही है।

कबरई कस्बे के अंबेडकर नगर निवासी अशोक शर्मा (45) घर से मामूली विवाद के चलते बीती शाम शराब के नशे में रमकुंडा पहाड़ पर पहुंच गया और करीब 300 फिट गहरी पानी से भरी खदान में छलांग लगा दी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोरों ने घंटों तक तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस को सूचना देने के बाद बचाव कार्य में देरी और ढिलाई को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने मौके पर भारी नाराजगी व्यक्त की थी। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन ने आखिरकार राज्य आपदा मोचन बल को बुलाया। एसडीआरएफ की विशेष टीम रमकुंडा पहाड़ स्थित खदान पर पहुंची और युद्ध स्तर पर बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। गोताखोरों की टीम आधुनिक उपकरणों की मदद से खदान के हर हिस्से की तलाशी ले रही है। बचाव कार्य में अभी भी कई चुनौतियां हैं। खदान की अत्यधिक गहराई और पानी के दबाव के कारण गोताखोरों को नीचे जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## धूमधाम से मनी दानवीर शिरोमणि भामाशाह की जयंती



**महोबा।** शहर की काशीराम कलोनी में सुनील साहू के आवास पर गुरूवार को साहू राठौर समाज के लोगों ने अपने कुलभूषण, परम पराक्रमी और दानवीर शिरोमणि भामाशाह जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में वैश्य, साहू राठौर समाज के लोगों के अलावा व्यापारी ने शिरकत कर भामाशाह के राष्ट्र के प्रति त्याग समर्पण और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत दानवीर शिरोमणि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम में अधिवक्ता संतोष साहू ने कहा कि उन्होंने अपना सर्वस्व राष्ट्र और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज भी समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बना हुआ है। भामाशाह जी का योगदान भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रभक्ति, समर्पण और सेवा का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज की पीढ़ी के लिए मार्ग दर्शक है। कहा कि भामाशाह राष्ट्र रक्षा के प्रति त्याग, समर्पण और दानवीरता के प्रतीक पराक्रमी योद्धा थे। जब मेवाड़ की हल्दीघाटी में महाराणा प्रताप पर संकट आया और वे अपना सब कुछ गंवाकर सेना सहित जंगलों में घास की रोटी खाने को विवश थे, तब भामाशाह जी ने अपनी समस्त संपत्ति दान कर राष्ट्र की रक्षा में अमूल्य योगदान दिया। कृपाशंकर साहू ने कहा कि भामाशाह बनना आसान नहीं है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाजहित में अपना योगदान करना चाहिए। भामाशाह ने सिद्ध किया कि सच्चा राष्ट्र प्रेम केवल रणभूमि में ही नहीं, बल्कि संसाधनों और सर्वस्व समर्पण में भी प्रकट होता है।

# पत्रकार से अभद्रता पर कार्रवाई की मांग

## गांधी पार्क में जुटे पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पत्रकार के साथ अमर्यादित व्यवहार के विरोध में इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस से जुड़े पत्रकारों ने सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क में एकत्र होकर जोरदार विरोध जताया। इसके बाद मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए दोषी चिकित्सक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि संगठन के संरक्षक व पत्रकार कुशल चन्द्र मिश्र को 29 अप्रैल 2026 को राजर्षि दशरथ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह ने फोन पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए दलाल कहा और देख लेने की धमकी दी। आरोप है कि पत्रकार ने एक खबर के संबंध में जानकारी लेने के लिए चिकित्सक से संपर्क किया था। फोन न उठने पर उन्होंने प्राचार्य से बयान ले लिया, जिसके बाद चिकित्सक ने कॉल कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

पत्रकार कुशल चन्द्र मिश्र के अनुसार, जब उन्होंने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करने की बात कही तो चिकित्सक ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा कि डीएम या मुख्यमंत्री से शिकायत कर लो मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। पीड़ित पत्रकार ने इस बातचीत की रिकॉर्डिंग किया है।इस घटना से आक्रोशित पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की, कार्यवाही न होने पर संगठन ने धरना देने की दी चेतावनी । ज्ञापन सौंपने वालों में कुशल चन्द्र मिश्र, सुबोध श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव अज्जू,आकाश सोनी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, रुपेश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार दूबे, महेंद्र, प्रशांत, नरेंद्र मिश्रा, क्षितिज साधवानी, आशु श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा,नरेंद्र मिश्रा,मनोज शर्मा, लव कुमार पांडेय, खलीद रसीद, संदीप श्रीवास्तव, विपिन पांडेय, राकेश सिंह, महेश शंकर,बिस्मिल्लाह खान बिस्मिल, गुलजार खान,डॉ अंशुमान मित्रा समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

## अवध विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस पर पदयात्रा, सरदार पटेल को किया नमन

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भव्य पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा विश्वविद्यालय परिसर से नाका हनुमानगढ़ी तक जाकर पुनः परिसर में संपन्न हुई।हाथों में तिरंगा लिए शिक्षक, अधिकारी, छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स ने भारत माता की जय÷ के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को जन-जन तक पहुंचाया।इस अवसर पर कुलपति ने बताया कि गुजरात राज्य का गठन 1 मई 1960 को हुआ था और सरदार वल्लभभाई पटेल का देश के एकीकरण में योगदान ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने 562 रियासतों का विलय कर भारत को एक सूत्र में पिरोया और मजबूत प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी।

# ब्लड मैन डॉक्टर आशीष पांडेय दीपू के जन्मदिन पर लगेगा विशाल रक्तदान शिविर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में चलते-फिरते ब्लड बैंक के नाम से मशहूर और ब्लड मैन की उपाधि से सुशोभित डॉ आशीष पांडेय दीपू के जन्मदिवस 1 में 2026 को अयोध्या नगर रीडगंज स्थित कोहिनूर पैलेस होटल में सैकड़ो की संख्या में युवा रक्तदान करेंगे एवं सम्मान समारोह के माध्यम से अयोध्या जनपद के प्रमुख चिकित्सकों, शिक्षाविदों एवं रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा !ज्ञात हो कि डॉक्टर आशीष पांडेय दीपू स्वयं 51 से ज्यादा बार रक्तदान कर चुके हैं एवं जनपद में ब्लड मैन के नाम से जाने जाते हैं !डॉक्टर आशीष पांडेय दीपू अयोध्या के दो बार के पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय जी के सुपुत्र हैं एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी संकल्प संस्थान के माध्यम से जन सेवा के कार्यों में लगे रहते हैं ! कल शुक्रवार के दिन डॉक्टर आशीष पांडेय दीपू के जन्मोत्सव पर रक्तदान करने सैकड़ो की संख्या में युवाओं का आगमन होने जा रहा है उन युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए जनपद के प्रतिष्ठित चिकित्सक ,शिक्षक शिक्षाविद वहां मौजूद रहेंगे डॉक्टर आशीष पांडेय दीपू ने कहा कि जब तक मेरी और मेरी टीम की शरीर में खून का एक-एक कतरा मौजूद है हम रक्त के अभाव से जूझ रहे जरूरतमंदों की सेवा में 24 घण्टे 365 दिन मौजूद हैं !

## गैस एजेंसी की अनियमितताओं पर भाजपा नेता ने उठाए सवाल, जांच की मांग

**रुदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने रुदौली स्थित गैस एजेंसी में कथित अनियमितताओं को लेकर जिलाधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा घर-घर गैस आपूर्ति नहीं की जा रही है और उपभोक्ताओं की बुकिंग बिना कारण निरस्त कर दी जाती है। कई उपभोक्ताओं को घर बंद मिला या उपभोक्ता नहीं मिला÷ जैसे संदेश भेजे जाते हैं, जबकि वास्तविकता में डिलीवरी का प्रयास ही नहीं किया जाता। शिकायत में यह भी कहा गया कि उपभोक्ताओं को पर्ची देकर गैस वाहन खोजने को कहा जाता है, जिससे विशेषकर महिलाओं को तेज धूप में परेशान होना पड़ रहा है।

# मेहनत, लगन व निरंतर अध्ययन से ही मुकाम किया जा सकता है हासिल : डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट वर्ग के प्रदेश स्तरीय रैंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को नई दिशा देती है और निरंतर परिश्रम से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि बुक रीडिंग का कोई विकल्प नहीं है, नियमित रूप से समाचार पत्रों का वाचन करें, जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी को अपनी मंजिल बनाएं तथा स्वयं पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि असफलता से निराश होने की आवश्यकता नहीं, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए जिलाधिकारी ने कैरियर चयन, अध्ययन पद्धति एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया। सम्मानित हाईस्कूल विद्यार्थियों में अंशिका वर्मा 97.83त्न(प्रदेश में प्रथम स्थान), अदिति 97.50, परी वर्मा 97.33, दिव्या 96.67, संध्या शिखा 96.67, निधि 96.50, मोनिका यादव 96.00, शिक्षा मिश्रा 96.33, आराध्या राज 96.17 सम्मिलित रहीं।

# धमेड़ी स्टेट के राजा रत्नाकर की बेटी शादी सम्पन, कई राजनितिक हस्तिया हुई शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** धमेडी स्टेट रामनगर के राजा स्व रत्नाकर सिंह एवं रानी साहिबा श्रीमती मृणालिनी सिंह की सुपुत्री कात्यायनी सिंह का पावन पाणिग्रहण संस्कार राजस्थान के शाहपुरा स्टेट के राजकुमार देवायुष सिंह के साथ अत्यंत हर्षोल्लास एवं राजसी गरिमा के साथ जयपुर दिल्ली रोड स्थित रूप गढ़ पेलेस रिसॉर्ट में सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर नवदम्पति को आशीर्वाद देने राजकुमारी के नाना पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश दिग्विजय सिंह, उनके मामा विधायक जयवर्धन सिंह सहित राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश की तमाम राजनीतिक हस्तियां व राजा महराजा तथा बाराबंकी सांसद




तनुज पुनिया, रामनगर कस्बा के पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी, अवधेश सिंह, प्राचार्य डिग्री कॉलेज डॉ कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा, राजीव अवस्थी, संत कुमार उपाध्याय, रामकुमार सिंह, धनंजय सिंह, महेश मुंशी, डा पंकज चतुर्वेदी आदि तमाम लोगों ने पंहुच कर वर बधू को हृदय से अनंत मंगलकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिया तथा ईश्वर से प्रार्थना कि वर वधू का दांपत्य जीवन प्रेम, विश्वास, समर्पण और सुख-समृद्धि से परिपूर्ण रहे।कार्यक्रम स्थल की सजावट व शाही शादी की व्यवस्थाएं बहुत ही उत्तम रहीं।

## गुजरात स्थापना दिवस पर पदयात्रा में लगे मारी माटी, मारू गुजरात के नारे



**कुमारगंज अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में गुरुवार को गुजरात के स्थापना दिवस के अवसर पर चार किमी लंबी पदयात्रा निकाली गई। राजभवन के निर्देश के क्रम में यह यात्रा कुलपति डा.पी.एस. प्रमाणिक के नेतृत्व में निकाली गई। कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा के दौरान शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं छात्र-छात्राओं ने मारी माटी, मारू गुजरात, विकास का मॉडल, गुजरात का मॉडल, एक भारत, श्रेष्ठ भारत, श्रेष्ठ गुजरात आदित्य नारे लगाए। पदयात्रा की शुरुआत वीआईपी गेट से हुई जो गिरजामोड़, गेट नंबर एक से होते हुए नरेंद्र उद्यान पर समाप्त हुई। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी के संयोजन में पदयात्रा निकाली गई। समस्त महाविद्यालयों में सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई और झाडू लगाए गए। कृषि अधिष्ठाता के नेतृत्व में लेक्चर हाल के पास शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों ने साफ-सफाई की। वहीं दूसरी तरफ मात्सियकी अधिष्ठाता डा. सी.पी. सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को महर्षि वामदेव मन्दिर बवां और अयोध्या का भ्रमण कराया गया। मंदिर के पौराणिक इतिहास के विषय में जानकारी दी गई तथा अपनी प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने हेतु संकल्पित किया गया। मात्स्यिकी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गोद लिए गए ग्राम सिधौना में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की। कुलपति ने कृषि अधिष्ठाता डॉ प्रतिभा सिंह की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं के दल को औद्योगिक भ्रमण के लिए हरी डंडी देकर रवाना किया। वहीं डॉ भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में वानिकी महाविद्यालय के छात्रों के दल को कुलपति ने हरी डंडी दिखाकर मां कामाख्या मंदिर और जंगल फॉरेस्ट्री के लिए रवाना किया।

# पांच सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था पंहुचा खाटू श्याम-सालासर-मेहंदीपुर बालाजी



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** आस्था और श्रद्धा से परिपूर्ण धार्मिक यात्रा पर निकले रामनगर के पांच सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करता हुआ आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर रहा। इस यात्रा में प्रमुख रूप से डा पंकज चतुर्वेदी,पत्रकार, डा राजीव अवस्थी व संत कुमार उपाध्याय एड ,शिव करन यादव, कल्लू शामिल रहे जिन्होंने पूरे मार्ग में भक्ति और अनुशासन का परिचय दिया। यात्रा का क्रम व्यवस्थित रूप से तय किया गया था। श्रद्धालु पहले जयपुर पहुंचे, जहां रविवार शाम रानी मृणालनिनी सिंह की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होकर सामाजिक दायित्व निभाया। इस राजशाही वैवाहिक कार्यक्रम में बड़े बड़े नेता अफसर शामिल हुए। जयपुर से ही आगे की धार्मिक यात्रा प्रारंभ हुई।सोमवार को प्रातः श्रद्धालु जयपुर से सीकर मार्ग होते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। खाटू श्याम जी को कलियुग के भगवान के रूप में पूजा जाता है और मान्यता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना यहां अवश्य फल देती है। मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद जत्था सीकर से चूरू मार्ग पर स्थित सालासर बालाजी मंदिर पहुंचा। सालासर बालाजी धाम भगवान हनुमान के सिद्ध पीठों में गिना जाता है, जहां दूर-दूर से भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं। सालासर से यात्रा आगे बढ़ते हुए दल जयपुर की ओर वापस लौटा और वहां से दौसा मार्ग होते हुए देर रात मेंहदीपुर बाला जी मंदिर पहुंचा। यह धाम अपनी अद्भुत धार्मिक मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध है, जहां बालाजी महाराज के साथ प्रेतराज सरकार और भैरव बाबा की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से नकारात्मक शक्तियों और बाधाओं से मुक्ति मिलती है। रात्रि विश्राम के पश्चात मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं ने मेहंदीपुर बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपनी यात्रा को पूर्ण किया। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, जयकारों और सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से भक्ति का वातावरण बनाए रखा। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी जुड़ाव का भी प्रतीक बनी। खाटू श्याम, सालासर बालाजी और मेहंदीपुर बालाजी जैसे पावन धामों के दर्शन कर उन्हें आत्मिक शांति, ऊर्जा और नई प्रेरणा प्राप्त हुई।

## श्री रामहर्ष मेमोरियल हाईस्कूल में मेधावी छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया गया



**हैदरगढ़ बाराबंकी।(अवधनामा संवाददाता)** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तरप्रदेश द्वारा घोषित हाई स्कूल सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम में श्री रामहर्ष मेमोरियल हाईस्कूल के छात्र अथर्व बाजपेई पुत्र राकेश कुमार बाजपेई ने विद्यालय में सर्वोच्च 94.16त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष केशवानंद बाजपेई एवं विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट प्रदीप बाजपेई ने स्मार्ट फोन उपहार में देकर छात्र को सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त आदर्श पुत्र दिनेश कुमार त्रिवेदी ने 89त्न अंक प्राप्त कर द्वितीय, श्रेया मिश्रा पुत्री अखिलेश शंकर मिश्रा ने 88.83त्न अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किए इसके अतिरिक्त रौनक वर्मा, शिवी अवस्थी, अनुराग बाजपेई, साक्षी दीक्षित,नैंसी, माही शर्मा, नैंसी दीक्षित आदि बच्चों ने 85त्न से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराने वाले सभी बच्चों को भी उपहार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र बाजपेई ने सभी छात्र /छात्राओं को उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं एवं ढेर सारी बधाई दी। इस अवसर पर यूपीपीसीएस में चयनित श्री सिद्धांत श्रीवास्तव में छात्रों को उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन किया।

## दुकान में चोरी की घटना, सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल

**चिउटहा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के बरवाकला बलुअही धूस चौराहे पर स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। इस वारदात से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, बरवाकला निवासी संतोष शर्मा की 'महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज' नामक इलेक्ट्रॉनिक दुकान है। घटना 25 अप्रैल की बताई जा रही है, जबकि इसका वीडियो 29 अप्रैल को सामने आया। दुकानदार ने बताया कि जब उन्होंने दुकान में कुछ इलेक्ट्रिक उपकरण गायब देखे, तो सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, 25 अप्रैल को दोपहर करीब 2ः30 बजे, जब दुकानदार ग्राहकों को सामान दिखाने में व्यस्त थे, उसी दौरान दुकान में आए दो अज्ञात व्यक्तियों पर उपकरण चोरी करने का संदेह जताया जा रहा है। फुटेज में दोनों संदिग्धों की तस्वीरें कैद बताई जा रही हैं। इस संबंध में दुकानदार द्वारा चिउटहा पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दिए जाने की बात कही जा रही है। वहीं, चिउटहा चौकी प्रभारी अमित रंजन सिंह ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है और उन्हें कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नौतनवा तहसील में पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी का प्रदर्शन, सौंपा मांगपत्र

## भूमि संबंधी विवाद, फर्जी रजिस्ट्री, अवैध कब्जे का लगाया आरोप



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** नौतनवा तहसील क्षेत्र में मंगलवार को पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को लेकर दिनभर हलचल बनी रही। निर्धारित कार्यक्रम के तहत दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने स्टेशन चौराहा स्थित अपने कैंप कार्यालय से समर्थकों के साथ तहसील की ओर पैदल मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की। जुलूस जैसे ही तहसील गेट के समीप पहुंचा, पहले से तैनात पुलिस बल ने सुरक्षा कारणों से समर्थकों को वहीं रोक दिया। प्रशासन की ओर से केवल अमनमणि त्रिपाठी को तहसील परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई, जबकि अन्य कार्यकर्ताओं को गेट के बाहर ही रोक दिया गया। तहसील परिसर में पहुंचने के बाद अमनमणि त्रिपाठी ने प्रशासन पर क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भूमिसंबंधी विवाद, कथित फर्जी रजिस्ट्री और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे जैसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके विरोध में उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम नौतनवा को सौंपा।

धरना-प्रदर्शन के दौरान समर्थकों द्वारा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई, हालांकि पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा। संभावित स्थिति को देखते हुए प्रशासन पहले से अलर्ट रहा और पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

## इलेक्ट्रो होमियोपैथी संस्थान का शुभारंभ, युवाओं के लिए खुले नए अवसर

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सिसवा विकास खंड के ग्रामसभा गेरमा में गुरुवार को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल की शुरुआत हुई। नेशनल मेडिकल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होमियोपैथी एंड हॉस्पिटल का विधिवत उद्घाटन सिविल कोर्ट महराजगंज के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हमीदुल्लाह खान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, चिकित्सकों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हमीदुल्लाह खान ने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रो होमियोपैथी पद्धति के तहत तीन प्रमुख पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं– डी.ई.एम.एस. बी.ई.एम.एस, एम.डी.ई.एच उन्होंने इसे वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में उभरती हुई पद्धति बताते हुए युवाओं से इन कोर्सों में बढ़-चढ़कर प्रवेश लेने का आह्वान किया। अपने संबोधन में खान ने चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को मानवीय संवेदनाओं का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मरीज के साथ सहानुभूति और विनम्रता से व्यवहार करना ही एक सच्चे चिकित्सक की पहचान है। चिकित्सक का पहला कर्तव्य सेवा है, न कि केवल इलाज, उन्होंने जोर देते हुए कहा। संस्थान के प्रबंधक ने जानकारी दी कि यहां इलेक्ट्रो होमियोपैथी पद्धति के माध्यम से कई जटिल बीमारियों का परामर्श और उपचार किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से पथरी, यूट्रस की गांठ, ट्यूमर, गुप्त रोग, बांझपन, सफेद दाग, चर्म रोग, लकवा और डायबिटीज जैसी बीमारियां शामिल हैं। इसके साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए साप्ताहिक कक्षाओं का भी आयोजन किया जाएगा।

# विद्युत व्यवस्था व जन शिकायतों पर डीएम सख्त, ढीले तार हटाने का दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत वितरण, नए कनेक्शन, बिल वसूली, पीएम सूर्यघर योजना तथा आईजीआरएस/जन शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तारों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव हो सके। अधिशासी अभियंता ने बताया कि कई विद्यालयों में तार हटाने हेतु प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। डीएम ने प्रबंधकीय विद्यालयों की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने और जिला विद्यालय निरीक्षक से सूची प्राप्त कर कार्य तेजी से पूरा करने को कहा। साथ ही सड़कों पर झूलते एवं जर्जर तारों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस शिकायतों की समीक्षा में 109 में से 76 शिकायतकर्ताओं के असंतुष्ट पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों के समाधान से पहले मौके का निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। पीएम सूर्यघर योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जनपद में 24 विद्युत उपकेंद्र संचालित हैं और आपूर्ति सामान्य है। विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में नीट यूजी-2026 परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने लेकर हुई बैठक, 2760 बच्चे देंगे परीक्षा

- जनपद में 8 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद में आगामी 03 मई को आयोजित होने वाली नीट यूजी-2026 परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारीगण अपनी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, यदि कोई भी मूलभूत सुविधा, सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। परीक्षा केन्द्रो पर व्हील चेयर एवं एम्बुलेंस की भी व्यवस्था होना चाहिए। जनपद में 08 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिसमें 2760 बच्चे परीक्षा देगें। परीक्षा केन्द्र राजकीय इन्टर कालेज, ततरी बाजार, रतनसेन डिग्री कालेज बांसी, रतनसेन इन्टर कालेज, बांसी, शिवपति इन्टर कालेज, शोहरतगढ़, शिवपति डिग्री कालेज, शोहरतगढ़, सिहेंश्वरी इन्टर कालेज नौगढ़, सतिलक इन्टर कालेज बांसह बनाये गये है। इस बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, एवं समस्त केंद्र व्यवस्थापक व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया राजकीय गेहूॅ क्रय केन्द्र नपं उसका बाजार का औचक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गुरुवार को राजकीय गेहॅू क्रय केन्द्र नगर पंचायत उसका बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्रय केंद्रों पर किसानों के पंजीकरण, तौल व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया तथा अभिलेखों के संधारण का गहनता से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुचारू एवं समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों से सम्पर्क कर गेहॅू खरीद में प्रगति लाये। जिलाधिकारी ने केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि ई-तौल मशीनों का सही उपयोग किया जाए तथा तौल में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गेहूं के सुरक्षित भंडारण एवं समय पर उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बदहाली के आंसू रो रहा बांसी का 25 शैय्या वाला राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल

**अवधनामा संवाददाता**




**बांसी सिद्धार्थनगर।** जहाँ एक ओर केंद्र और प्रदेश सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा देने और इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल की स्थिति इसके उलट 'दीपक तले अंधेरे' वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। वर्ष 1987 से संचालित यह अस्पताल आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि कागजों में यह अस्पताल 25 शैय्या (बेड) का है, लेकिन धरातल पर स्थिति शून्य है। अस्पताल में न तो मरीजों के लिए बेड उपलब्ध हैं और न ही आवश्यक चिकित्सीय आपूर्ति। विभागीय दस्तावेजों में 25 बेड को 'कंडम' घोषित कर दिया गया है, जिसके बाद से नई व्यवस्था की सुध लेने वाला कोई नहीं है।अस्पताल में डॉ. नीरज कुमार त्रिपाठी, मुख्य फार्मासिस्ट रामलाल प्रसाद, फार्मासिस्ट अनिल कुमार शुक्ल, काली प्रसाद वर्मा और वार्ड आया यशोदा देवी जैसे कर्मचारी तैनात तो हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में वे भी बेबस नजर आते हैं। जिले के डीडीओ डॉ. विजय बहादुर, जो इस 25 शैय्या अस्पताल के प्रभारी भी हैं, उनकी देखरेख के बावजूद अस्पताल की सूरत नहीं बदली है।अस्पताल के नाम खसरा-खतौनी में जमीन दर्ज है और बांसी नगर पालिका में इसका आवंटन भी हो चुका है। बावजूद इसके, सरकारी उपेक्षा के कारण नई बिल्डिंग या आधुनिक सुविधाओं का विस्तार अधर में लटका हुआ है।इस संबंध में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी (सिद्धार्थनगर), डॉ. विजय बहादुर ने बताया अस्पताल की बदहाल स्थिति और संसाधनों की कमी को लेकर हमने कई बार निदेशालय को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

शासन स्तर पर पत्राचार जारी है, लेकिन अभी तक वहां से कोई ठोस सुनवाई या दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं।स्थानीय नागरिकों में इस उपेक्षा को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि सरकार आयुर्वेद के प्रति गंभीर है, तो बांसी के इस ऐतिहासिक महत्व वाले अस्पताल का जीर्णोद्धार तत्काल प्रभाव से किया जाना चाहिए।

# जमीनी विवाद मे एक युवक की मौत, रोड जाम



- आवागमन बाधित चक्का जाम खुलवाने के लिए पुलिस करती रही प्रयास
- सुबह आठ बजे से लेकर एक बजे तक रहा जाम

**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के धरनिहवा टोला कोल्हुआ मे जमीनी विवाद में 24 अप्रैल को दो पक्षों में हुई मारपीट में बुद्धवार देर रात घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई ।कोल्हुआ निवासी संदीप यादव पुत्र शिवमूरत उम्र 22 वर्ष 24 अप्रैल को अपने चाचा के साथ लोटन से घर जा रहा था उसी दिन की घटना है। संदीप के चाचा ने 24 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मैं अपने भतीजे संदीप को बाइक से लेकर घर आ रहा था। उसी दौरान गांव के बाहर कुछ दबंगों द्वारा भतीजे को बाईक से खिच लिया गया मारते पीटते हुए घर में ले जाया गया।और घर के अंदर ले जाकर रस्सी से हाथ पैर बांध दिया गया और बुरी तरह मारा पिटा गया । घटना सुनकर मौके पर पहुंची भाभी को भी भद्दी भद्दी गाली देने लगे और ईंट से भतीजे और भाभी को मारने लगे ।

दोनों को गंभीर चोट आई। ग्रामीणों द्वारा किसी तरह मेरे भाभी और भतीजे को बचाया गया। तहरीर देने पर कोतवाल डी के सरोज ने केवल 13 लोगों के खिलाफ शांति भंग में मुकदम्मा दर्ज किया था। संदीप यादव का इलाज सिद्धार्थनगर प्राइबेट हस्पिटल में चल रहा था बिगडती हालत देखकर चोट लगने के कारण संदीप की हालत बुधवार को अचानक खराब होने लगा।स्थिति ठीक न होने के कारण परिजन मृतक को जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। अचानक तबियत ज्यादा खराब होने लगी तो परिजन संदीप को इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे।अभी बाराबंकी पहुंचे ही थे कि संदीप की बुधवार देर रात मौत हो गई। मौत होने से क्षेत्र में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही सी ओ सदर , एस डी एम कल्याण सिंह मौर्य एडिशनल एसपी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज के साथ देर रात मृतक के गांव पहुंचे। रात भर सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। शव घर आने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र हुए गंभीर रूप से घायल



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के दुधवनिया गांव के एन एच 730 पर एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। मासूम बच्चे के पैर एवं हाथ में चोटें आई,स्थानीय लोगो की सूचना पर घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए ले जाया गया,जहां गंभीर चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया घायल युवक संजय मौर्य उम्र 25 वर्ष नगर पंचायत बढ़नी के वार्ड नं 3 लोहियानगर का निवासी है ,वह अपने लड़के सौरभ मौर्य उम्र 8 वर्ष का इलाज कराने के लिए नौगढ़ गया था,वापस आने के दौरान एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिसके बाद वह बाइक सहित जमीन पर गिर गया जिससे उसका पुत्र सौरभ घायल हो गए।

इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर श्रवण चौधरी ने बताया कि बच्चे को सर पर एवं युवक के पैर एवं हाथों में गंभीर चोटें आई थी,जिसके बाद उनका प्राथमिक उपचार यहां किया गया,गंभीर चोटें के इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न विभागों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। समीक्षा के दौरान गो-आश्रय, जिला स्तरीय ओडीटी सेल, सरयू ड्रेनेज खंड, जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति समेत पंचायत, कृषि, नेडा, समाज कल्याण, सिंचाई, पूर्ति, जल निगम, बेसिक शिक्षा, प्रोबेशन, विद्युत, फैमिली आईडी, वन, खनन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं एनआरएलएम से संबंधित कार्यों पर गहन चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दें और सभी कार्यों को समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत पूर्ण करें, ताकि जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंच सके। उन्होंने विभागीय रैंकिंग में सुधार के लिए ठोस प्रयास करने के भी निर्देश दिए।

सरयू ड्रेनेज खंड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि नालों की सफाई से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए। वहीं, जिला पर्यावरण समिति की बैठक में उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्यों की समयपूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों के समन्वय से कार्य करने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों का प्रभाव धरातल पर दिखाई दे।

## माता रानी का 15वां स्थापना पूजन, भव्य भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** तौलिहवा स्थित आनंद बाग के श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में माता रानी के 15वें स्थापना पूजन एवं भव्य भंडारे का आयोजन पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

पूजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर श्याम रुंगटा और गोपी रुंगटा द्वारा नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। साथ ही नन्हे बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए स्कूल बैग वितरित कर सम्मानित किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी चेयरमैन गोपी रुंगटा, श्याम रुंगटा, मधुसूदन, संतोष पांडे, राजकुमार कांदु, पूजा गुप्ता, भीमचंद कसौधन, राकेश राज, रामानंद पांडेय, लाल बहादुर चौधरी, विजय मिश्रा, नन्हे भाई, शारदा देवी सुल्तानिया, आशा अग्रवाल, सोनू सिंह, नंदकिशोर पासवान, कृष्ण देव पंडित और जितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। भव्य भंडारे में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन की सफलता में रुंगटा परिवार की विशेष भूमिका रही।

## आईसीएसई बोर्ड से अच्छे अंक से अंशिका हुई उत्तीर्ण



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** कस्बा के कृष्णा नगर वार्ड के सेखुइया निवासी प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह की पुत्री अंशिका सिंह इंटरमिडियट की परीक्षा 2026 में आईसीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अंशिका जनपद मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में अध्ययनरत थी। इसी संस्था से इंटर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है।

इनकी इस सफलता पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, हेमन्त जायसवाल, रूपेश सिंह, संजय गुप्ता, विरेंद्र पाण्डेय, अनंत मिश्र, देवेंद्र श्रीवास्तव, अश्वनी मिश्र, धर्मेंद्र पाण्डेय, राहुल दूबे, सोमनाथ मिश्र, शिव पाल सिंह आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## जलालपुर ब्लॉक में सफ़ाई कर्मियों की बाबूगीरी से गांव में गन्दगी का साम्राज्य

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की बदहाली के बीच जलालपुर ब्लॉक कार्यालय में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांवों की सफाई के लिए तैनात किए गए सफाई कर्मचारी ब्लॉक ऑफिस में बाबूगिरी करते नजर आ रहे हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में गुस्सा फैल गया है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ब्लॉक कार्यालय में करीब आठ से दस सफाई कर्मचारियों को गांवों की सफाई का काम छोड़कर ऑफिस के दैनिक कार्यों में लगा दिया गया है। ये कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेट करना, रजिस्टर में एंट्री करना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना और परिवार रजिस्टर तैयार करने जैसे प्रशासनिक कामों में व्यस्त रहते हैं।ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि अगर सफाई कर्मचारी ही ब्लॉक ऑफिस में बैठकर क्लर्क का काम करेंगे, तो गांवों की सफाई कौन करेगा? उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती स्वच्छ भारत मिशन और गांवों में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन जलालपुर ब्लॉक में उनकी नियुक्ति का उद्देश्य ही बदल दिया गया प्रतीत होता है।

एक स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'तंदरुस्त और स्वस्थ सफाई कर्मचारी ऑफिस में आराम से बैठे कंप्यूटर चला रहे हैं, जबकि गांवों की गलियां और नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। अगर कोई कर्मचारी विकलांग, बीमार या शारीरिक रूप से कमजोर है तो उसे ऑफिस में लगाया जाना समझ में आता है, लेकिन स्वस्थ कर्मचारियों को ऑफिस अटैचमेंट देना नियमों का साफ उल्लंघन है। 'सूत्रों के अनुसार, धीरे-धीरे लगभग सभी सफाई कर्मचारी ब्लॉक कार्यालय में 'अटैच' हो गए हैं और अपनी मूल जिम्मेदारी से पूरी तरह दूर हो चुके हैं। परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।यह मामला स्वच्छ भारत अभियान की मंशा पर ही सवालिया निशान लगाता है।

## अवैध रिवाल्वर के साथ युवक गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना कोतवाली कर्नलगंज पुलिस ने अवैध असलहा रखने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद अवैध रिवाल्वर बरामद किया है। अभियुक्त अर्पित मौर्या पुत्र मुन्ना उर्फ सत्यनारायण मौर्या, निवासी ग्राम महिपतगंज बुढवलिया, थाना कोतवाली कर्नलगंज, जनपद गोण्डा को महिपतगंज-कठीपुरवा मार्ग स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना दिनांक 30 अप्रैल 2026 की है, जब थाना कोतवाली कर्नलगंज के उपनिरीक्षक मृत्युंजय सिंह अपनी टीम के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश एवं रात्रि गश्त पर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उक्त अभियुक्त को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध रिवाल्वर बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्नलगंज में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## कपिलवस्तु में यात्रियों से भरी बस पलटी, 19 घायल- 6 की हालत मध्यम



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** जिले में एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है, जहां यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कुल 19 लोग घायल हो गए, जिनमें 6 की हालत मध्यम बताई जा रही है, जबकि 13 को सामान्य चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तौलिहवा-चार नंबर सड़क खंड पर निग्लिहवा क्षेत्र में यह हादसा आज दोपहर करीब 2 बजे हुआ। लु 1 ख 8794 नंबर की बस तौलिहवा से चार नंबर की ओर जा रही थी, तभी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और उन्हें इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्राथमिक जांच में बस के अनियंत्रित होने को हादसे की वजह माना जा रहा है। हालांकि, दुर्घटना के सही कारणों की जांच जारी है। राहत की बात यह है कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और वाहन संचालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### जलालपुर में हाईटेक फायर ब्रिगेड गाड़ी का हुआ उदघाटन

**अंबेडकरनगर।** जनपद के जलालपुर क्षेत्र में फायर स्टेशन प्रभारी सुभाष पाठक के नेतृत्व में, फायरमैन सूरज मौर्य एवं अरुण कुमार की उपस्थिति में अग्निशमन विभाग की नई हाईटेक फायर ब्रिगेड गाड़ी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विभागीय स्टाफ एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल देखा गया। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस नई गाड़ी के शामिल होने से अग्निशमन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। यह गाड़ी आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में सहायक होगी, जिससे आग लगने जैसी घटनाओं में नुकसान को कम किया जा सकेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नई हाईटेक गाड़ी क्षेत्र के लिए लाभकारी साबित होगी और इससे आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकेंगे।

### तेज़ आंधी में 11 हजार वोल्ट लाइन पर पेड़ गिरा



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** नगर क्षेत्र में तेज हवाओं का असर उस समय देखने को मिला जब जीजीआईसी स्कूल के पास अचानक एक बड़ा पेड़ गिर पड़ा। यह पेड़ सीधे ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन पर जा गिरा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई राहगीर मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है और आसपास के इलाके में आवागमन भी बाधित हो गया। यह स्थान नगर पालिका जलालपुर क्षेत्र के अंतर्गत आता है और स्कूल के पास होने के कारण यहां आमतौर पर लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर टीम के पहुंचने की प्रतीक्षा की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पेड़ हटाकर मार्ग को सुचारू कराया जाए और बिजली आपूर्ति को भी सुरक्षित तरीके से बहाल किया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# बेटी की मौत के बाद न्याय मांगने पहुंचे परिजनों से कर्नलगंज थाने में बदसलूकी

- एसओजी सिपाही की गुंडागर्दी का वीडियो वायरल

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जनपद के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। सड़क हादसे में नाबालिग बेटी की मौत के बाद न्याय की गुहार लगाने थाने पहुंचे परिजनों के साथ कथित बदसलूकी, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगे हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मदपुर कमियार बछ्लनपुरवा निवासी विनोद कुमार सिंह की 14 वर्षीय पुत्री दिव्या सिंह की 27 अप्रैल 2026 को छतौनी चौराहे के पास एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार (क्ष32ह9580) की टक्कर से मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल बालिका को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम बहराइच जिला अस्पताल में कराया गया।

परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था, लेकिन उसे छोड़ दिया गया। इतना ही नहीं, दर्ज की गई एफआईआर में भी चालक का नाम शामिल नहीं किया गया। जब परिजन दोबारा थाने पहुंचे और आरोपी के बारे में जानकारी मांगी, तो उन्हें इधर-उधर टाल दिया गया। आरोप है कि इसी दौरान थाने में मौजूद स्ह्रत्र सिपाही अमित पाठक, जो सिविल ड्रेस में थे, ने परिजनों के साथ अभद्रता की। पीड़ितों के अनुसार, सिपाही ने गाली-गलौज करते हुए हाथापाई की, पिस्टल निकालकर जान से मारने की धमकी दी और उनका मोबाइल फोन छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया। यह भी आरोप है कि करीब एक घंटे तक उन्हें थाने में बैठाकर दबाव बनाया गया। घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की छवि पर सवाल उठने लगे हैं। 'मित्र पुलिस' के दावे के बीच थाने के भीतर ही फरियादियों के साथ इस तरह के व्यवहार ने आम लोगों में भय और असंतोष पैदा कर दिया है।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि आरोपित पुलिसकर्मी पहले भी अपने व्यवहार को लेकर विवादों में रहा है, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। यह मामला अब केवल एक परिवार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पुलिस व्यवस्था की जवाबदेही और कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल बनकर उभरा है।

## गोंडा-लखनऊ हाईवे पर हादसा : 5 वर्षीय शिवानी की मौत, परिजनों ने किया चक्का जाम

**गोण्डा।** जिले में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे गोंडा-लखनऊ हाईवे पर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसमें 5 वर्षीय मासूम बच्ची शिवानी सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के जगन लाला पुरवा, बालपुर जाट निवासी सुनील सिंह की पुत्री शिवानी सिंह अपने पिता के साथ सड़क किनारे खड़ी थी। तभी गोंडा से लखनऊ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार मारुति वैन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि शिवानी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पास में खड़ी एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए।

## डॉ जीवन लाल हुए सेवानिवृत्ति, विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** पशुपालन विभाग बस्ती मंडल के अपर निदेशक डॉ जीवन लाल सकुशल सेवानिवृत्ति पर गुरुवार को पशुधन प्रसार अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश की तरफ से कार्यालय में उनकी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ जीवन लाल जनपद सिद्धार्थनगर के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर भी 3 वर्ष कार्यरत रहे, वह सरल सौम्य एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों में से थे डॉ जीवनलाल की कार्यशैली से विभाग ने हमेशा आम जनमानस के पटल पर एक अच्छी छाप भी छोड़ी। पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और जनपद सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति उनके साथ उनके मंत्री अवनीश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, शशांक प्रभाकर चौधरी सहित पूरी कार्यकारिणी ने डॉक्टर जीवन लाल का स्वागत अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ जीवन लाल जी की कार्यशैली से हम लोगों ने बहुत कुछ सीखा है उन्होंने हम लोगों को कर्तव्य परायणता से कार्य करने की सीख दी है। हम उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना भी करते हैं। पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के पदाधिकारी ने अंग वस्त्र, बुके एवं फूल मालाओं के साथ डॉक्टर जीवन लाल का सम्मान सहित विदाई समारोह संपन्न हुआ।

## हृदय विदारक

एक ग्राहक का बैंक में अपनी बहन का कंकाल लेकर अना पड़ा यह साबित करने के लिये की उसके बहन की मौत हो चुकी है। यह शर्मसार करने वाली घटना है। सहूलियत के लिये बना सिस्टम प्रक्रियाओं में उलझ कर कितना अमनीविय बन गया है।। नियम आम लोगो के सहूलियत के लिये बनाये जाते पर यहां सिस्टम ने एक हृदय विदारक दृश्य उपस्थित कर दिया। किसी नियम को इस्तेमाल करने में अधिकारी की मानवीयता और चतुरता दोनो की परख होती है।

इस घटना से देश की व्यवस्था पर करारा चोट पहुचाती है। सहुलियत के लिये बने नियम कठिनायां पहुचा रहे है। समाज में हर तरह के लोग है इसलिये नियमों को प्रयोग करने में लचीलापन और मानवीयता आवश्यक है। 2020-21 के आर्थिक सर्वोक्षण में कहा गया है कि भारत में सरकारी नियम और प्रक्रिया काफी जाटिल है। समस्या नियमो को पालन करने में उतना नहीं है जितना नियमो के प्रक्रिया में जटिलता की वजह से है। इससे फैसले लेने में देरी हो जाती है। जिससे काम जटिल हो जाता है। जरूरत से ज्यादा नियम होने की वजह से तरह-तरह की मुशकिहाटें पैदा हो जाती है। कई बार समाधान तलाशने में जटिलता और बढ़ जाती है।

विपक्ष ने इस मामले को लेकर सरकार को घेरा है। उड़ीसा के मंत्री सुरेश पुजारी ने सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ काननी कार्यवाई करने का अश्वासन दिया है। खबर है मीडिया में आने के बाद जीत का काम हो गया है। पर यह असली समाधान नहीं कहा जा सकता जब इतने उलझानों के गुजरना पडे तो सबके वश का नहीं है। जरूरत है सिस्टम को मानवीय और पारदर्शी बनाये जाने की। नियमों को जितना ही सरल बनाया जायेगा। काम उतना ही आसान हो जायेगा। आम लोग भी नियमों को समझने लगेगे तो कार्य सम्पादन में आसानी होगी। भारत जैसे देश में जहां अभी साक्षरता दर कम है वह सरल नियमों को होना सरकारी की उपब्धि होगी।

पोथी पढ़ जग हुआ पन्डित भया न कोऊ
ढाई अक्षर प्रेम का पढ़ से पन्डित होये

सरकारी कामों में प्रेम का कोई स्थान नही होता है। नियमों का स्थान होता है।

मिले न फूल तो कांटो से दोस्ती कर ली।
किसी तरह से बसर हमने जिन्दगी कर ली।।

## भारत के इतिहास में पहली बार, तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष अपने स्थायी संरक्षण-स्थल से उस भूमि को आशीर्वाद देने निकले हैं, जिसने सदियों की कठिनाइयों, ऊँचाइयों और आस्था के बीच धर्म को जीवित रखा। यह एक सभ्यता का अपने आप को नमन है।

# जहाँ बुद्ध घर लौटते हैं

किसी राष्ट्र के जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जब इतिहास केवल खुद को दोहराता नहीं – बल्कि और गहरा हो जाता है। इस बुधवार, जब तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष इस पैमाने पर सार्वजनिक श्रद्धा के साथ पहली बार भारत में लद्दाख की धरती पर उतरेंगे, तो मैं खुद को सरकारी भाषा की ओर नहीं, बल्कि किसी बहुत पुरानी चीज़ की ओर-श्रद्धा की ओर-मुड़ते हुए पाता हूँ।


गजेन्द्र सिंह शेखावत

सदियों से लद्दाख ने यह ज्योति संजोए रखी है। उन क्रूर सर्दियों में जो नदियों को जमा देती हैं, उन भू-राजनीतिक दबावों में जो मज़बूत से मज़बूत आत्माओं को भी आज़माते हैं, ऊँचाई की एकाकी दुनिया में और दूर-दराज़ के दर्रों की कठिनाइयों के बीच – लद्दाख के लोगों ने धर्म को ऐसी निष्ठा से जीवित रखा है जो हर संस्था और हर सरकार को नत-मस्तक कर दे। तो यह बिल्कुल उचित है कि भारत का पहला ऐतिहासिक सार्वजनिक प्रदर्शनी किसी महानगर के वातानुकूलित संग्रहालय में नहीं, बल्कि यहाँ – दुनिया की छत पर – हो रहा है, जहाँ आस्था ही जीवन की बुनावट है।

और सोचिए – ये अवशेष कहाँ से आ रहे हैं? वे पिपरहवा, उत्तर प्रदेश से आते हैं – वह स्थान जिसे ऐतिहासिक रूप से प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ा जाता है, सिद्धार्थ गौतम की जन्मभूमि। उन्हें लद्दाख लाना, शाब्दिक अर्थों में, एक घर-वापसी है।

**एक ऐसा 'पहली बार' जो युगों का बोझ उठाए है :** तथागत के पवित्र अवशेषों की इस पावन प्रदर्शनी का आधिकारिक नाम भी एक घोषणा है: 'संघर्ष के समय में शांति।' एक ऐसी दुनिया में जो युद्ध, विखंडन और बढ़ती दुश्मनी से जूझ रही है, ये शब्द उस सोच को चुनौती देते हैं जो संघर्ष को अनिवार्य मानती है, शक्ति को आक्रामकता से जोड़ती है, और अनिश्चितता का एकमात्र उत्तर बल में देखती है। बुद्ध ने ढाई हज़ार साल पहले इस चुनौती का जवाब दिया था। हम उनकी भौतिक उपस्थिति को वापस ला रहे हैं ताकि दुनिया को याद दिला सकें – वह उत्तर आज भी उतना ही प्रासंगिक है।



गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेष – जिन्हें अत्यंत पवित्रता के साथ संरक्षित किया गया है – पहली बार अपने स्थायी संरक्षण-स्थल से बाहर निकलकर इस पैमाने पर भारतीय भूमि पर दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्रेणी की सुरक्षा के साथ, एक विशेष विमान में, वे 29 अप्रैल को लेह पहुँचेंगे – और पंद्रह दिनों तक, 1 से 15 मई तक, शुभ 2569वीं वेसाक बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर से आरंभ होकर, दुनियाभर के श्रद्धालुओं, भिक्षुओं, विद्वानों और तीर्थयात्रियों के लिए यह प्रदर्शनी सुलभ रहेगी।

स्थान भी अपने आप में बहुत कुछ कहते हैं। महाबोधि अंतर्राष्ट्रीय ध्यान केंद्र, ऐतिहासिक लेह पैलेस का धर्म केंद्र, और जीवे-त्सल का शिक्षण स्थल – वही पवित्र भूमि जहाँ परमपावन दलाई लामा ने अपनी शिक्षाएं दी हैं – इस प्रदर्शनी के आयोजन-स्थल होंगे। और अवशेष केवल लेह तक सीमित नहीं रहेंगे। 11 और 12 मई के बीच वे सुदूर ज़ांस्कर घाटी की यात्रा करेंगे – उस समुदाय तक बुद्ध की कृपा पहुँचाने के लिए, जिनकी बौद्ध परंपराएं उनके परिदृश्य की खाइयों जितनी गहरी हैं। 'यह भारत की आत्मा, उसकी सभ्यता और उस शाश्वत संदेश का उत्सव है जो वह एक टूटती हुई दुनिया को देती है।

**'वह भूमि जिसने ज्योति को कभी बुझने नहीं दिया :** यह समझने के लिए कि लद्दाख इस अवसर के लिए सही घर क्यों है, पहले लद्दाख को समझना होगा। यह केवल मठों और पहाड़ों का एक नाटकीय परिदृश्य नहीं है – चाहे वह परिदृश्य कितना भी मनोरम हो। यह धर्म का एक जीवित विश्वविद्यालय है। हेमिस मठ की शांत ऊँचाइयों से – जिसका वार्षिक उत्सव समूचे हिमालयी संसार से तीर्थयात्रियों को खींचता है – अलची के प्राचीन भित्तिचित्रों तक, जो 10वीं सदी में बने और आज भी भक्ति की प्रतिभा से जीवंत हैं; दिस्कित की विशाल मैत्रेय बुद्ध प्रतिमा से – जो श्योक नदी की ओर अनंत करुणा की दृष्टि से देखती है – थिकसे के बहुस्तरीय ज्ञान तक, जिसकी तुलना अक्सर तिब्बत के महान मठों से की जाती है – लद्दाख हज़ार वर्षों से अधिक समय से बौद्ध दर्शन, कला, पांडुलिपि परंपरा और जीवंत साधना के सबसे असाधारण भंडारों में से एक रहा है।

ये मठ, इनमें रहने वाले भिक्षु – ये उस परंपरा के सक्रिय वाहक हैं जो हिमालयी क्षेत्र के हर भू-राजनीतिक तूफान में टिकी रही। और यह संरक्षण का कार्य उन्होंने उन परिस्थितियों में किया है जो अधिकांश प्रशासकों की कल्पना को भी थका दे: कड़ाके की ठंड, सीमित संसाधन, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, और एक ऐसा भूगोल जिसे बसाने के लिए भी साहस चाहिए। यह भारत की आधिकारिक स्वीकृति है कि लद्दाख हमेशा से क्या रहा है – नक्शे के किनारे पर एक सीमांत क्षेत्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की पहचान के केंद्र में धड़कता हुआ एक आध्यात्मिक हृदय।

**सभ्यतागत गहराई में निहित एक दृष्टि :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख को बौद्ध संस्कृति और आध्यात्मिकता के एक जीवंत केंद्र के रूप में निरंतर वर्णित किया है। उन्होंने लद्दाख के लोगों की लचीलेपन और देशभक्ति की – विशेषकर कठिन सीमा परिस्थितियों में – अक्सर बात की है, उनकी आध्यात्मिक शक्ति को राष्ट्रीय संकल्प और एकता से जोड़ते हुए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि लद्दाख में विकास उसकी अनूठी संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ चलेगा।

**जैसा कि प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया है:** लद्दाख न केवल अत्यंत रणनीतिक महत्त्व की भूमि है, बल्कि बुद्ध की शिक्षाओं का एक जीवंत केंद्र भी है। पवित्र अवशेषों की यह यात्रा एक आध्यात्मिक आशीर्वाद भी है और बौद्ध विरासत को संजोने में लद्दाख की सदियों पुरानी भूमिका, तथा राष्ट्र की सेवा में यहाँ के लोगों के साहस और समर्पण की पहचान भी।

यह दृष्टि – कि लद्दाख एक साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का सीमांत और सभ्यतागत ज्ञान का गढ़ है – इस स्थान के बारे में सबसे सुसंगत बात है। एक टूटती दुनिया को लद्दाख क्या सिखाता है यह प्रदर्शनी भारत में अब तक की बौद्ध समुदायों की सबसे बड़ी सभाओं में से एक बनने की संभावना रखती है। और ऐसी दुनिया में जो संघर्ष, ध्रुवीकरण और संदेह की राजनीति से परिभाषित होती जा रही है, यह सभा एक ऐसा संदेश देती है जो किसी एक आस्था की सीमाओं से परे जाता है।

अहिंसा, करुणा और आंतरिक जागृति पर बुद्ध की शिक्षाएं किसी एक समुदाय, संप्रदाय या परंपरा की संपत्ति नहीं हैं। चाहे वह गेलुग हो, द्रुकपा, काग्यू, या लद्दाख में फलती-फूलती कोई भी अन्य महान परंपरा – धर्म का सार एक ही रहता है: करुणा का, प्रज्ञा का, सद्भाव का मार्ग। यह पवित्र प्रदर्शनी, जो ऐसे समय में आ रही है जब क्षेत्र में वसंत आ रहा है और ऊँचे दर्रों से बर्फ पिघलने लगी है, हर उस सीमा को पार करने का आमंत्रण है जो हमें बाँटती है – संप्रदाय की, राष्ट्रीयता की, भय की। 'अवशेष आस्थावानों को आशीर्वाद देते हैं। लेकिन वे एक देखती हुई दुनिया को यह भी याद दिलाते हैं कि शक्ति के सबसे शांत रूप हमेशा सबसे स्थायी रहे हैं। '

## अमेरिका में गन वायलेंस बनाम भारत गन कानून और घटनाओं की तुलना

वैश्विक स्तरपर यह स्तब्ध करने वाली घटना है क़ि 19 अप्रैल 2026 को एक बार फिर अमेरिका में दर्दनाक हत्याकांड हुआ हैं जिसमें 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है ज़ो मास शूटिंग की बड़ी घटना है।अमेरिका में गन वायलेंस, विशेषकर स्कूलों और बच्चों को निशाना बनाने वाली घटनाएं, आधुनिक विश्व के सबसे जटिल और बहुआयामी सामाजिक संकटों में से एक बन चुकी हैं। यह केवल अपराध या व्यक्तिगत हिंसा का प्रश्न नहीं है, बल्कि एक ऐसा संरचनात्मक संकट है जिसमें कानून, संस्कृति मानसिक स्वास्थ्य, मीडिया प्रभाव और राजनीतिक ध्रुवीकरण सभी की भूमिका जुड़ी हुई है। लगभग एक सदी में विकसित इस समस्या को समझने के लिए इसे कालक्रम, पैटर्न, कारण और प्रभाव के व्यापक संदर्भ में देखना आवश्यक है। अभी 19 अप्रैल 2026 को श्रेवेपोर्ट में एक चौंकाने वाली और दिल दहला देने वाली घटना हुई है,जहाँ हाल के यू.एस इतिहास की सबसे खतरनाक घटनाओं में से एक में मास शूटिंग में आठ बच्चों की जान चली गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक,यह हमला घरेलू हिंसा से जुड़ा था। संदिग्ध बंदूकधारी, जिसकी पहचान परिवार के सदस्य के तौर पर हुई है, ने कथित तौर पर अपने ही सात बच्चों और एक और बच्चे को मार डाला। पीड़ित सभी नाबालिग थे, जिनमें बहुत छोटे बच्चों से लेकर टीनएजर्स तक शामिल थे। हमले में दो महिलाएं भी गंभीर रूप से घायल हुई। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि अमेरिका में गन वायलेंस (बंदूक हिंसा) का मुद्दा केवल अपराध या कानून- व्यवस्था की समस्या नहीं रह गया है,बल्कि यह एक गहरे सामाजिक,मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक संकट का रूप ले चुका है। हाल के वर्षों में स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों और घरों के भीतर होने वाली गोलीबारी की घटनाओं ने अमेरिकी समाज की संवेदनशीलता को झकझोर कर रख दिया है। इसी कड़ी में श्रेवेपोर्ट शहर से सामने आई एक दर्दनाक घटना ने दुनियाँ को एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर अमेरिका में बंदूक संस्कृति किस हद तक विकराल रूप ले चुकी है। यह घटना केवल एक अपराध नहीं बल्कि सामाजिक विफलताओं का चरम उदाहरण है।यह घटना इसलिए भी अधिक भयावह है क्योंकि यह किसी सार्वजनिक स्थल पर नहीं, बल्कि घर के भीतर हुई। सामान्यतः घर को सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता है, लेकिन अमेरिका में कई मामलों में घर ही सबसे खतरनाक जगह बनता जा रहा है, खासकर जब वहां हथियारों की आसान उपलब्धता हो। घरेलू हिंसा और बंदूक का संयोजन एक घातक मिश्रण बन जाता है। इस घटना ने यह उजागर किया है कि पारिवारिक विवाद, मानसिक तनाव और गन एक्सेस का मेल कितनी बड़ी त्रासदी को जन्म दे सकता है।


किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम अमेरिका में गन वायलेंस विशेषकर स्कूल शूटिंग को समझे तो इसके बाद अगला स्वाभाविक प्रश्न यह उठता है कि आखिर यह समस्या इतनी अधिक अमेरिका में ही क्यों केंद्रित है, और भारत जैसे विशाल व विविधतापूर्ण देश में यह क्यों लगभग न के बराबर दिखाई देती है।इस प्रश्न का उत्तर केवल कानून सख्त हैं या ढीले हैं जैसे सरल निष्कर्षों में नहीं छिपा है, बल्कि यह इतिहास, संविधान, सामाजिक संरचनासंस्कृति आर्थिक असमानता, मानसिक स्वास्थ्य और राजनीतिक विमर्श के जटिल अंतर्संबंधों में निहित है। इस संदर्भ में यदि अमेरिका और भारत की तुलना अंतरराष्ट्रीय स्तर के विश्लेषण के रूप में की जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देशों के बीच अंतर केवल नीतिगत नहीं बल्कि मानसिकता और संस्थागत ढांचे का भी है। साथियों बात अगर हम सबसे पहले अमेरिका की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझने की करें तो अमेरिका का निर्माण ही हथियारों के साथ हुआ औपनिवेशिक काल, स्वतंत्रता संग्राम और वाइल्ड वेस्ट संस्कृति ने वहां हथियार को केवल सुरक्षा का साधन नहीं बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पहचान का प्रतीक बना दिया। यही कारण है कि सेकंड अमेन्डमेन्ट टू द यूनाइटेड स्टेट्स कंस्टीटूशन अमेरिकी नागरिकों को हथियार रखने का मौलिक अधिकार देता है। इस संशोधन की व्याख्या वर्षों से राजनीतिक और न्यायिक बहस का केंद्र रही है,लेकिन व्यापक रूप से इसे नागरिकों के हथियार रखने के अधिकार के रूप में ही समझा जाता है। इसके विपरीत भारत में ऐसा कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है; यहां हथियार रखना एक विशेष अनुमति का विषय है, जिसे राज्य नियंत्रित करता है। साथियों बात अगर हम भारत में हथियारों के नियमनका मुख्य आधार आर्म्स एक्ट 1959 है, इसको समझने की करें तो, यह नागरिकों को केवल विशेष परिस्थितियों में ही लाइसेंस प्राप्त हथियार रखने की अनुमति देता है।इसके तहत लाइसेंस प्राप्त करना एक लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया है,जिसमें पुलिस व प्रशासनिक जांच शामिल होती है। इसके उलट अमेरिका में कई राज्यों में हथियार खरीदना अपेक्षाकृत आसान है और कुछ मामलों में बिना विस्तृत पृष्ठभूमि जांच के भी हथियार प्राप्त किए जा सकते हैं।

# बहरे- गूँगों को जगाने की कोशिश है ट्रम्प पर हमला

डा गिरीश

**डोनाल्ड ट्रम्प पर हुआ हमला ऐसे हालातों के खिलाफ प्रस्फोट है, जिसका मकसद हत्या करना कम, लोगों को आगाह करना ज्यादा नजर आता है। हमें 31 वर्षीय हमलावर कोल टामस एलन के उस सन्देश पर गौर करना होगा जो उसने गोलीबारी करने से लगभग 10 मिनट पहले अपने परिवार के सदस्यों को भेजा था। इसमें उसने शिकारों के खिलाफ 'पेडोफाइल, रेपिस्ट और गद्दार' जैसे शब्दों का प्रयोग किया था।**

व्यवस्था जब अधिकाधिक अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक हो जाती है और उसके खिलाफ व्यापक जन-भागीदारी वाले आंदोलन शिथिल हो जाते हैं तो लोग उससे निजात पाने के लिये व्यक्तिवादी और अतिवादी रास्ते तलाशने लगते हैं। इतिहास ऐसे तमाम उदाहरणों से भरा पड़ा है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर रात्रिभोज के दौरान वाशिंगटन के होटल हिल्टन में हुआ हमला भी ऐसी ही परिस्थितियों की देन है। यूं तो संयुक्त राज्य अमेरिका अपने आपको सुप्रीम डेमोक्रेसी होने का ढिंढोरा पीटता है, और दुनियां भर में डेमोक्रेसी के रक्षक के नाम पर खूनी खेल खेलता रहता है। लेकिन सच तो यह है कि लुटेरा साम्राज्यवाद अब लूट की अगली मंजिल- कार्पोरेट्स लूट तक जा पहुंचा है। और लूट की इस व्यवस्था को बनाये रखने को उसे कठोरतम शासन व्यवस्था को अपनाना होता है। यह स्थिति न केवल अमेरिका जैसे विकसित देशों में है, अपितु अनेक विकासशील देशों में भी विद्यमान है।

हाल के दिनों में दुनियां आर्थिक मंदी की ओर बढ़ी है, अतएव प्राकृतिक संसाधनों की लूट और उन पर कब्जे का सवाल मुंह बायें खड़ा है, खास कर विकसित देशों के सामने जिनका चैंपियन अमेरिका है। हाल के दिनों में अमेरिका द्वारा उठाए गए कई कदम इसकी पुष्टि करने को पर्याप्त हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने देश और अपने कार्पोरेटी मित्रों को लाभ पहुँचाने के लिये अलग अलग बहाने लगा कर कई देशों के विरुद्ध नाकेबन्दी की और टैरिफ युद्ध छेड़ा। इसकी चपेट में न केवल ईरान, चीन, रूस जैसे देश आए अपितु भारत भी आया, जिसके प्रधानमंत्री ट्रंप को व्यक्तिगत मित्र बताते नहीं थकते और अमेरिका के सामने सरेंडर कर चुके हैं।

गाज़ा में नृशंस जनसंहार करने वाले इजरायल का अंध समर्थन, कच्चे तेल पर कब्जे के लिये संप्रभु देश वेनेज्वेला पर हमला कर वहाँ के राष्ट्रपति का अपहरण, रूस- यूक्रेन युद्ध में अपनाए गए दोगलापन और ईरान पर नितांत झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाकर किए हमले और उसकी आड़ में अपने कार्पोरेट्स मित्रों को लाभ पहुंचाने जैसी कारगुजारियों से दुनियां भर में और स्वयं अमेरिका के अन्दर लोगों में उसके खिलाफ भारी गुस्सा है। साथ ही खुल कर अथवा छद्म रूप से ट्रंप के साथ खड़े देशों के शासकों और शासक वर्ग के विरुद्ध भी वहाँ के लोगों में भारी आक्रोश है। इस गुस्से का इजहार अलग अलग देशों में अलग अलग रूपों में देखने को मिल रहा है। कहीं जेन- जी आंदोलन भड़क रहे हैं तो कहीं मजदूर और किसानों के आंदोलन। लेकिन दुनियाँ का बड़ा भाग व्यापक भागीदारी वाले जनान्दोलनों से अछूता है।

इसके अलावा दुनियां भर के शासक वर्ग की घनघोर अनैतिक, लंपटई और अय्याशी भरी कारगुजारियों ने भी लोगों में सत्तासीनों के प्रति गहरी नाराजगी पैदा की है। एप्स्टिन फायल प्रकरण इनमें से एक है।



अधिकांश लोग मानते हैं कि 28 मार्च को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर संयुक्त रूप से किया गया हमला एप्स्टिन फायल से ध्यान हटाने की गरज से किया गया। हमले से ऐन पहले भारत के प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा और अमेरिकी- इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीमो अयातुल्लाह खोमेनी और नेत्रत्व के अन्य लोगों की हत्या पर भारत सरकार द्वारा कई दिनों तक चुप्पी साधे रहना भारत के सत्ताधारियों को शक के कटघरे में खड़ा करता है।

गत दिनों डोनाल्ड ट्रम्प पर हुआ हमला ऐसे हालातों के खिलाफ प्रस्फोट है, जिसका मकसद हत्या करना कम, लोगों को आगाह करना ज्यादा नजर आता है। हमें 31 वर्षीय हमलावर कोल टामस एलन के उस सन्देश पर गौर करना होगा जो उसने गोलीबारी करने से लगभग 10 मिनट पहले अपने परिवार के सदस्यों को भेजा था। इसमें उसने शिकारों के खिलाफ 'पेडोफाइल, रेपिस्ट और गद्दार' जैसे शब्दों का प्रयोग किया था। ट्रंप के खिलाफ घोषणापत्र में कोल एलन ने सबसे पहले अपने द्वारा उठाए जा रहे कदम के लिए अपने माता पिता, अपने छात्रों, और लोगों से माफी मांगी और बताया कि उसके निशाने पर कौन कौन हैं। उसने लिखा, जानमाल का नुकसान कम से कम हो अतएव मैं गोलियों की जगह छर्रों का इस्तेमाल करूंगा। उसने आगे लिखा कि मैं अपने लक्ष्यों तक पहुँचने के लिये वहाँ मौजूद हर किसी को मार डालूँगा। क्योंकि वहाँ मौजूद ज़्यादातर लोगों ने एक बाल यौन शोषण करने वाले, बलात्कारी और देशद्रोही का भाषण सुनने का चुनाव किया है। और इस तरह वे भी इसमें शामिल हैं। लेकिन ऐसी नौबत नहीं आयेगी। उसके ये शब्द एप्स्टिन कांड और प्रभुत्वशाली लोगों द्वारा किये गये ऐसे ही कुकृत्यों पर आक्रोश का इजहार हैं।

निश्चय ही उसके आक्रोश के कारण व्यापक थे। वह आगे लिखता है कि मैं कोई स्कूली बच्चा नहीं हूं जिसे बम धमाके में उड़ा दिया गया हो। न ही कोई भूखा बच्चा हूं, न ही कोई किशोरी हूं जिसका इस प्रशासन के कई अधिकारियों ने शोषण किया हो। लेकिन जब कोई पीड़ित हो रहा हो, तो चुप रहना ईसाई व्यवहार नहीं है। यह उत्पीड़क के अपराधों में मिलीभगत है। कोल एलन के ये शब्द गाजा और ईरान में बच्चों, बच्चियों और मानवता पर ढाये जुल्मों पर गुस्से का इजहार हैं।

गनीमत है कि कोल एलन टामस ईसाई है और उसने ईसाइयत के अन्याय के खिलाफ होने का उल्लेख किया। यदि वो मुसलमान होता तो निश्चय ही उसे इस्लामिक आतंकवादी करार तो दिया ही गया होता, ट्रंप की हत्या की साजिश का आरोप ईरान पर जड़ दिया जाता। भारत के गोदी मीडिया और वाट्सएप यूनिवर्सिटी ने भी आसमान सिर पर उठा दिया होता। मुसलमानों को आतंकवादी साबित करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी होती।

अमेरिकी प्रशासन इस घटना को भले ही सुरक्षा में चूक बताये पर इसे मात्र सुरक्षा में चूक बता कर किनारे नहीं किया जा सकता। आरोपी भले ही सबको मार डालने की बात कहे पर उसके द्वारा गोली की जगह छर्रों का प्रयोग करना इस बात का प्रतीक है कि उसका इरादा हत्या करना नहीं था। अपितु उसका लक्ष्य ट्रंप प्रशासन द्वारा थोपे गये युद्धों, हत्याओं, बरबादी और यौन उत्पीड़न की कारगुजारियों पर सशक्त प्रतिक्रिया जाहिर करना था। एक ऐसे समय में जब इन अत्याचारों और अपराधों के विरोध में सशक्त आवाजें नहीं उठ रही हैं, कोल टामस एलन लोगों को झकझोरना चाहता था। अपने ऊपर लगे आरोपों पर ट्रम्प की प्रतिक्रिया उनकी ही कमजोरियों को उजागर करने वाली है। पत्रकार नोरा ओडोनल ने जब उनसे पूछा कि क्या कोल टामस एलन के आरोप उन्हीं की तरफ इशारा करते हैं। इस पर ट्रम्प बिफर गये, और कहा कि मैं न तो दुष्कर्मी हूं, न ही मैंने किसी से दुष्कर्म किया है। आपने एक बीमार आदमी की बकवास टीवी पर पढ़ दी। मुझे उन चीजों से जोड़ा गया जिनसे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

# पसीने से प्रगति तक : मजदूर दिवस

**शहरों की ऊँची इमारतों से लेकर गाँवों की सिंचाई व्यवस्था तक, रेलवे पटरियों से लेकर कारखानों की मशीनों तक, हर जगह श्रमिकों की मेहनत दिखाई देती है। जब हम किसी महानगर की चमक देखते हैं, तो उसके पीछे मजदूरों की अनगिनत मेहनत छिपी होती है। किसान खेतों में पसीना बहाकर अन्न पैदा करता है, निर्माण श्रमिक तपती धूप में भवन तैयार करता है, सफाईकर्मी शहरों को स्वच्छ रखते हैं, चालक और परिवहन कर्मचारी देश की गति बनाए रखते हैं।**

हर वर्ष 1 मई को विश्वभर में मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि श्रम, संघर्ष, अधिकार और सम्मान का प्रतीक है। यह दिन उन करोड़ों श्रमिकों को समर्पित है जिनके श्रम से संसार चलता है, जिनके हाथों से उद्योग खड़े होते हैं, खेतों में अन्न लहलहाता है, सड़कें बनती हैं, भवन खड़े होते हैं और विकास की नई इबारत लिखी जाती है।


डॉ रामेश्वर मिश्र

सच कहा जाए तो किसी भी राष्ट्र की प्रगति के पीछे यदि कोई सबसे बड़ा आधार है, तो वह मजदूर वर्ग का श्रम है। यही कारण है कि मजदूर दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि विकास के चमकते शिखर तक पहुँचने की राह मजदूरों के परिश्रम से होकर गुजरती है।

मजदूर दिवस का इतिहास श्रमिक संघर्षों से जुड़ा है, उन्नीसवीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति के बाद कारखानों में श्रमिकों से अत्यधिक काम लिया जाता था। उनसे प्रतिदिन 12 से 16 घंटे तक कार्य कराया जाता था, लेकिन वेतन कम मिलता था और कार्यस्थलों पर सुरक्षा के साधन भी नहीं थे। ऐसी विषम परिस्थितियों के विरुद्ध मजदूरों ने आवाज उठाई। वर्ष 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में आठ घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर विशाल आंदोलन हुआ। इस आंदोलन में अनेक मजदूरों ने बलिदान दिया। उन्हीं शहीद श्रमिकों की स्मृति में 1 मई को मजदूर दिवस मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई। भारत में भी मजदूर दिवस पहली बार 1923 में मद्रास में मनाया गया था। भारत जैसे विशाल देश में मजदूर वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहाँ करोड़ों श्रमिक कृषि, निर्माण, परिवहन, खनन, उद्योग, वस्त्र निर्माण, घरेलू सेवा, सफाई, होटल, रेस्तरां, ईट-भट्टों और असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत हैं। शहरों की ऊँची इमारतों से लेकर गाँवों की सिंचाई व्यवस्था तक, रेलवे पटरियों से लेकर कारखानों की मशीनों तक, हर जगह श्रमिकों की मेहनत दिखाई देती है। जब हम किसी महानगर की चमक देखते हैं, तो उसके पीछे मजदूरों की अनगिनत मेहनत छिपी होती है। किसान खेतों में पसीना बहाकर अन्न पैदा करता है, निर्माण श्रमिक तपती धूप में भवन तैयार करता है, सफाईकर्मी शहरों को स्वच्छ रखते हैं, चालक और परिवहन कर्मचारी देश की गति बनाए रखते हैं, फैक्ट्री कर्मचारी उत्पादन चक्र को चलाते हैं। यदि मजदूर वर्ग एक दिन भी कार्य बंद कर दे, तो समाज की सामान्य व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसलिए मजदूर केवल श्रमिक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के मौन शिल्पकार हैं।




मजदूर दिवस केवल सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी दिन है। आज भी देश में बड़ी संख्या में मजदूर ऐसे हैं जिन्हें उचित मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षित कार्य वातावरण प्राप्त नहीं है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिक विशेष रूप से अनेक चुनौतियों से जूझते हैं। उन्हें नियमित रोजगार नहीं मिलता, कार्य समय निश्चित नहीं होता, दुर्घटना बीमा की सुविधा सीमित होती है और कई बार श्रम कानूनों का लाभ भी नहीं मिल पाता। महिला श्रमिकों को वेतन असमानता, कार्यस्थल सुरक्षा और दोहरी जिम्मेदारियों जैसी अतिरिक्त समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में अनेक योजनाएं और कानून बनाए गए हैं। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, मातृत्व लाभ, भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण योजनाएँ, ई-श्रम पोर्टल जैसी पहले श्रमिकों को संगठित करने और लाभ पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। नई श्रम संहिताओं के माध्यम से भी श्रम कानूनों को सरल और प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया है। किंतु इन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है जब उनका क्रियान्वयन ईमानदारी से हो और मजदूरों तक जानकारी पहुँचे। मजदूर दिवस पर समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी बनती है। हमें श्रमिकों के प्रति सम्मान का व्यवहार अपनाना चाहिए। अक्सर हम उन लोगों को अनदेखा कर देते हैं जो हमारे घर, कार्यालय, सड़क, बाजार और शहर को व्यवस्थित रखने में योगदान देते हैं। मजदूरों के श्रम का सम्मान केवल भाषणों से नहीं, बल्कि व्यवहार से होना चाहिए। समय पर उचित पारिश्रमिक देना, मानवीय संवेदनाओं के साथ पेश आना, कार्यस्थल पर सुरक्षा का ध्यान रखना और उनके अधिकारों का सम्मान करना सामाजिक संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए।

आज के तकनीकी युग में श्रम का स्वरूप बदल रहा है। मशीन और स्वचालन बढ़ रहे हैं, लेकिन मानव श्रम की आवश्यकता समाप्त नहीं हुई है। बल्कि अब कुशल श्रमिकों की मांग और बढ़ी है। इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, मशीन ऑपरेटर, ड्राइवर, तकनीकी सहायक, निर्माण विशेषज्ञ, डेटा ऑपरेटर जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित श्रमिकों की जरूरत निरंतर बढ़ रही है। इसलिए कौशल विकास भी मजदूर कल्याण का महत्वपूर्ण पक्ष है। यदि श्रमिकों को आधुनिक प्रशिक्षण मिले, तो उनकी आय और जीवन स्तर दोनों सुधर सकते हैं। मजदूर दिवस हमें यह भी बताता है कि श्रम केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा का आधार है। जो व्यक्ति अपने श्रम से जीवन यापन करता है, वह समाज का सम्मानित नागरिक है। श्रम करने वाला हाथ कभी छोटा नहीं होता। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों में भी कर्म को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। भारतीय परंपरा में श्रम को पूजा माना गया है। यही भावना समाज में समानता और सम्मान की नींव रखती है।

भारत यदि विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है, तो उस सपने की सबसे मजबूत नींव मजदूर वर्ग ही है। स्मार्ट सिटी, औद्योगिक गलियारे, नई सड़कें, आधुनिक रेलवे, डिजिटल भारत, आत्मनिर्भर भारत-इन सभी योजनाओं की सफलता श्रमिकों की मेहनत पर निर्भर है। इसलिए श्रमिकों का जीवन स्तर सुधारना, उनके बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करना, स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना और सम्मानजनक रोजगार देना राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। मजदूर दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि श्रम का सम्मान करेंगे, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेंगे और विकास की धारा में उन्हें बराबरी का स्थान देंगे। जब मजदूर सुरक्षित, शिक्षित और समृद्ध होगा, तभी राष्ट्र भी सशक्त और समृद्ध बनेगा। पसीने की हर बूंद जब सम्मान पाएगी, तभी प्रगति का सूरज सच अर्थों में उदित होगा। वास्तव में मजदूर दिवस केवल मजदूरों का पर्व नहीं, बल्कि मानव श्रम, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय विकास का उत्सव है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि चमकते शहरों, ऊँची इमारतों और बढ़ती अर्थव्यवस्था के पीछे अनगिनत मेहनतकश हाथ हैं। इसलिए आइए, इस मजदूर दिवस पर हम उन हाथों को सलाम करें, जिनके पसीने से प्रगति की राह बनती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# आस्था के साथ विकास सरकार की प्राथमिकता : जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता

■ विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों में पर्यटन विकास की 6 परियोजनाओं के लिए 476 लाख की धनराशि स्वीकृत



**चन्दौली।** पर्यटन विभाग द्वारा वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत आने वाले जनपद चंदौली की विभिन्न विधान सभाओं में पर्यटन विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य योजना के अन्तर्गत 476 लाख रूपये की 06 परियोजनायें स्वीकृत की गयी है। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत धार्मिक स्थलों पर अवस्थपना सुविधाएं सृजित करने की जिम्मेदारी यूपीएवीपी को दी गयी है। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है कि सभी कार्यो को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करायें।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चंदौली के मुगलसराय विकास खण्ड नियामताबाद के ग्राम बिलारीडीह में प्राचीन शंकर जी के मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 65 लाख रूपये, सकलडीहा विधान सभा के अन्तर्गत पंचायत पदमनाथपुर में स्थित हनुमान जी के मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रूपये तथा सैयदराजा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत काली जी के मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 58 लाख रूपये की धनरशि स्वीकृत की गयी है।

जयवीर सिंह ने बताया की चकिया विकास खण्ड नौगढ़ के ग्राम औरवाटांड के ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 25 लाख रूपये तथा इसी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 114 लाख रूपये तथा सकलडीह के विकास खण्ड चहनिया के अन्तर्गत ग्राम कॉवर स्थित शक्तिपीठ माता महालक्ष्मी महडौरी देवी मंदिर में बहुउद्देशीय सुविधाओं के लिए 144 लाख रूपये की धनरशि स्वीकृत की गयी है।

जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश की धार्मिक विरासत को जीवित रखने एवं उनका जीर्नोधार कर भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करना है। पर्यटन विभाग प्रदेश के प्रत्येक जनपद में स्थित धार्मिक स्थलों को सजा-सवांर कर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विकास योजनायें स्वीकृत की है। प्रदेश में कई प्राचीन स्थल प्राचीन काल से मौजूद है। इनकी स्थापत्य कला अनूठी है। इनको सुरक्षित रखना जरूरी है, ताकि भावी पीढ़ी अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रेरित हो।

# जनगणना प्रशिक्षण : शिक्षकों ने किया फील्ड ट्रेनरों का सम्मान

अवधनामा संवाददाता

■ सुरक्षा को लेकर जताई चिंता



**फतेहपुर।** असोथर नगर पंचायत में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षकों ने प्रशिक्षण दे रहे फील्ड ट्रेनरों के व्यवहार और प्रशिक्षण कौशल से प्रभावित होकर उनका सम्मान किया। इस दौरान प्रशिक्षक निशेष साहू एवं अटेवा जिला अध्यक्ष निधान सिंह को फूलमाला और अंगवस्त्र पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

प्रशिक्षण के तीसरे दिन भोजन व्यवस्था संतोषजनक रहने पर शिक्षकों ने व्यवस्थापकों को धन्यवाद दिया। वहीं, शिक्षकों ने एक गंभीर मुद्दा उठाते हुए प्रशासन का ध्यान जनगणना कार्य के दौरान संभावित जोखिमों की ओर आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि उड़ीसा में जनगणना कार्य में लगे दो शिक्षकों की 27 अप्रैल को लू लगने से मौत हो चुकी है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह कार्य मई-जून की भीषण गर्मी में कराया जाना है। शिक्षकों ने कहा कि प्रदेश में पहले ही तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है और आने वाले समय में यह 50 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। ऐसे में फील्ड में काम करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने मांग की कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लगाए गए कर्मचारियों को बीमा सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी अनहोनी की स्थिति में उनके परिवार को सहारा मिल सके। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद शिक्षकों ने बैठक कर पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया। ब्लॉक अध्यक्ष रामसेवक पाल ने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों को पेंशन की सुविधा मिल रही है, तो शिक्षकों और अर्धसैनिक बलों को इससे वंचित रखना अन्यायपूर्ण है। ब्लॉक महामंत्री पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि टेट नियम को लेकर शिक्षकों में आक्रोश है।

# 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

अवधनामा संवाददाता



■ अवैध तमंचा व कारतूस के साथ दो बकरियां और नकदी बरामद, साथी फरार

**फतेहपुर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खखरेरू पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी और हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में पकड़कर अस्पताल भेजा गया। उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोहेल कुरैशी उर्फ गुड्डू (करीब 25 वर्ष) निवासी ग्राम बहलोलपुर ऐलई, थाना खागा, जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। वह अंतरजनपदीय गिरोह का सदस्य है और कई चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संदिग्ध व्यक्ति भीमपुर नहर पटरी तिराहे के पास मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आ रहे दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर एक युवक गिर पड़ा, जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस के अनुसार घिरता देख अभियुक्त ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, तमंचे की नाल में फंसा एक जिंदा कारतूस, दो बकरियां और 2,010 रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर बकरियों की चोरी करता था। दिन में रेकी कर रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न जनपदों में करीब 17 मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थाना खखरेरू पुलिस टीम के कई अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# प्राथमिकता से कार्य को पूर्ण किया जाय : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न हुई। रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 में लटक रहे बिजली के तारों को ठीक करवाने संबंधित समस्या पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता से कार्य को पूर्ण किया जाय। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों से संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर हर संभव प्रयास कर निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए गए। उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की इन योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए, उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैठक के दौरान अधि अभियंता विद्युत, रामनगर इंडस्ट्रियल एरिया अध्यक्ष देव भट्टाचार्य, डी एस मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण एवं उद्यमी गण उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की दर्दनाक मौत, छह घायल

**बिंदकी/फतेहपुर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र के महरहा गांव के समीप बुधवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब 7 बजे दो बाइकों में आमने-सामने तेज टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बाइक सवार सूरज सोनकर (20 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र उर्फ चुनकाई निवासी ग्राम महरहा सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पास से गुजर रहे एक ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सूरज को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# डीएम का रारा गौशाला पर आकस्मिक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर सख्ती

अवधनामा संवाददाता



■ बीडीओ और सचिव से मांगा स्पष्टीकरण, ग्राम प्रधान को नोटिस के निर्देश

**फतेहपुर।** जनपद में संचालित गौशालाओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने रारा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में साफ-सफाई एवं संचालन व्यवस्था मानकों के अनुरूप न मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि गौवंशों को समय पर भूसा और हरा चारा उपलब्ध कराने में लापरवाही बरती जा रही है। इस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) और पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही गौशाला संचालन में ग्राम प्रधान के सहयोग न मिलने की बात सामने आने पर ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करने को भी कहा। जिलाधिकारी ने बीडीओ से गौशाला में मौजूद गौवंशों की संख्या की जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि यहां कुल 450 गौवंश संरक्षित हैं तथा सफाई कर्मचारी और केयरटेकर सहित 13 कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने हरे चारे और नेपियर घास की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 14 बीघे में हरे चारे और 2 बीघे में नेपियर घास की बुआई की गई है।

चिकित्सीय व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सक को निर्देशित किया कि वह पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और समय-समय पर गौवंशों का टीकाकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस (प्रथम एवं द्वितीय) का मासिक स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा, संरक्षा एवं पारदर्शिता से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम लॉग-बुक का अवलोकन कर उसमें अपनी निरीक्षण टिप्पणी अंकित की और अभिलेखों के समुचित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम को भी विस्तार से देखा और कैमरों के माध्यम से होने वाली निगरानी की गुणवत्ता व निरंतरता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कंट्रोल रूम, पाकशाला (रसोईघर), पुरुष एवं महिला बंदीगृह, आंगनवाड़ी केंद्र, चिकित्सालय तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कंट्रोल रूम में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील पाए गए, जिस पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। रसोईघर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की स्थिति को परखा।

# विकास कार्यों में लाएं तेजी, लापरवाही पर कार्रवाई तय : नोडल अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



■ सीएम डैशबोर्ड में टॉप टेन प्रदर्शन पर सराहना, बड़ी परियोजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं पर सख्त निर्देश

**उरई (जालौन)।** जनपद में विकास योजनाओं की रफ्तार को और तेज करने तथा शासन की प्राथमिकताओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कराने के उद्देश्य से सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उ0प्र0 शासन/नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में गहन समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं, विकास एवं राजस्व कार्यों तथा कानून व्यवस्था की स्थिति का गहन समीक्षा की गई। नोडल अधिकारी ने जनपद को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में प्रदेश स्तर पर टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि निरंतरता और जिम्मेदारी के साथ बनाए रखना सभी विभागों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने ए-रैंक प्राप्त विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे और जनपद की रैंकिंग प्रदेश में शीर्ष स्तर पर बनी रहे। समीक्षा के दौरान पेयजल आपूर्ति, आधारभूत संरचना एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जनपद में लगभग 1600 किलोमीटर सड़कों की खुदाई के सापेक्ष 1260 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने तथा 264 ग्राम पंचायतों में लगभग 330 किलोमीटर कार्य अवशेष पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सड़क पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। फैमिली आईडी के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उप कृषि निदेशक, डीसी मनरेगा एवं समाज कल्याण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# दर्जनों दुकानों पर चला बुलडोजर



अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** मुगलसराय में सड़क चौड़ीकरण के लिए बुलडोजर एक्शन शुरु हो गया है। गुरुवार की भारी फोर्स की तैनाती के बीच ध्वस्तीकरण अभियान शुरु हुआ। दर्जनों दुकानों पर बुलडोजर चल चुका है। सुरक्षा के मद्देनजर एसडीएम, सीओ के नेतृत्व में भारी फोर्स तैनात की गई है।

मुगलसराय में सड़क चौड़ीकरण के लिए 250 मकानों को चिह्नित किया गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से चिह्नित भवन स्वामियों को नोटिस भेजकर दायरे में आने वाले निर्माण को खुद से हटाने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद गुरुवार को प्रशासन ने जेसीबी लगाकर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरु कर दी।

सड़क के दक्षिणी तरफ सब्जी मंडी के पास से ध्वस्तीकरण कार्रवाई की शुरुआत की गई। पहले चरण में सड़क की दक्षिण पटरी की दुकानें तोड़ी जा रही हैं। तीन जेसीबी से ध्वस्तीकरण कराया जा रहा है। दर्जनों दुकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी है। अभियान के तहत लगभग 250 भवनों पर कार्रवाई होनी है। मौके पर मुगलसराय एसडीएम, सीओ, नगर पालिका ईओ के साथ ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

# जन चौपाल बनी जनविश्वास का सेतु, योजनाओं की जानकारी से जागरूक हुए ग्रामीण

अवधनामा संवाददाता



■ नोडल अधिकारी ने योजनाओं का लिया फीडबैक, पात्रों तक लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

**उरई (जालौन)।** जनपद के विकास खण्ड जालौन के ग्राम पहाड़पुरा में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम उस समय जनभागीदारी का सशक्त मंच बन गया, जब उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी, सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के इन्द्र विक्रम सिंह ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों को विस्तार से पढ़कर सुनाई और योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लिया। जन चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचे। उन्होंने मौके पर ही स्थलीय सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया कि योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों को मिल रहा है या नहीं। उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजनों को भी महत्व देते हुए बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पौष्टिक आहार वितरित किया। इस पहल ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश दिया। नोडल अधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा नागरिकों के जन्म से लेकर बुजुर्ग अवस्था तक समग्र कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से बेटी के जन्म से लेकर उसकी शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे बेटियों का भविष्य सुरक्षित हो रहा है।

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही पड़ी भारी

अवधनामा संवाददाता

■ 10 लेखपालों का रुका वेतन

**गाजीपुर।** फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही बरतने में जमानियां एसडीएम मनोज कुमार पाठक ने 10 लेखपालों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए अग्रिम आदेश तक वेतन पर रोक लगा दी है। एसडीएम के इस कार्रवाई से लेखपालों में खलबली मची हुई है। एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री का कार्य गतिमान है।

लापरवाही बरतने पर पाहसैय्यद राजा के लेखपाल रचित कुमार, रमवल के रमेश राम, कसेरा पोखरा के मयंक सिंह, रामपुर फुफुआव के तौकीर हसन, बूढ़ाडीह के विनीत सिंह को स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया है। बरूईन के विजय कुमार सिंह, जमानियां के रंजन सिन्हा, टीसौरा के राहुल राम, जीवपुर के शिवाजी यादव, चितावन पट्टी के लेखपाल सुभाष चंद्र को फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अब तक पूर्ण नहीं करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया है। अग्रिम आदेश तक इन लेखपालों का वेतन भी रोक दिया गया है।फार्मर रजिस्ट्री को लेकर कार्य तेजी से गांव में गांव किया जा रहा है। एसडीएम ने किसानों से अपील की है कि किसान फार्मर रजिस्ट्री जरूर कराएं, नहीं तो सरकारी योजनाओं से वंचित हो सकते है। प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। छह अप्रैल से शुरू अभियान में जनपद प्रदेश में चौथे स्थान पर है। उपनिदेशक कृषि विजय कुमार ने बताया कि पिछले तीन दिनों से हर रोज पांच हजार किसानों का पंजीयन कर फार्मर रजिस्ट्री कराई जा रही है। 23 दिनों में 64 हजार किसानों का पंजीयन पूरा किया।

# परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 28 छात्राओं को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जालौन बालिका इंटर कालेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विशिष्ट श्रेणी प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय परिवार एवं शिक्षिकाओं द्वारा सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 28 छात्राओं तथा इंटरमीडिएट में सत्तर प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 22 छात्राओं को मेडल, स्मृति चिन्ह तथा पुरुस्कार देकर निरंतर प्रगति की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में टाप तीन छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ उमा वर्मा ने छात्राओं से मन लगाकर पढाई करने व जीवन की ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि सामान्यतः सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में बच्चों को इस तरह प्रोत्साहित करने वाले समारोह कम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी समिति प्रत्येक छात्रा के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयत्नशील है।

उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि धनाभाव के कारण पुस्तकें क्रय करने में असमर्थ छात्राओं की सहायता की जायेगी। प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य पवन कुमार अग्रवाल ने भी छात्राओं की शानदार उपलब्धियों पर छात्राओं, विद्यालय की शिक्षिकाओं, प्रधानाचार्या, प्रबंधक मधु सिंहल को शुभकामनाएं प्रदान की। समारोह का व्यवस्थित संचालन डॉ पदमा देवी नगायच ने किया। मेधावी छात्राओं को मुख्य अतिथि शशिकांत द्विवेदी, पवन कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ उमा वर्मा, डॉ पदमा देवी नगायच, रेखा रानी, प्रीतिमा उमराव, सोनम, श्रीमती मालविका श्रीवास्तव, अंजू गौतम, रंजना भारती, नरेंद्र सिंह राठौर, कुलदीप चतुर्वेदी, आशीष सोनी, साधना याज्ञिक, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, गौरव कुमार गुप्ता, मान्या शर्मा, अर्चना लाक्षाकार, नेहा साहू ने पुरुस्कृत कर उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर सख्त नजर

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश शासन के सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग तथा जनपद के नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में राजकीय इंटर कॉलेज उरई, में निर्माणाधीन इंडोर मिनी स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और निर्धारित मानकों का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि लगभग 4.92 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहे इस इंडोर मिनी स्टेडियम में सिविल कार्यों के साथ-साथ आंतरिक एवं बाह्य जलापूर्ति, सेनेटरी, सीवरेज, विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

# विपक्षी कांग्रेस और सपा महिला विरोधी : सरिता

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** स्वामी सहजानंद पी.जी. कॉलेज में महिला जन आक्रोश अभियान में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने छात्राओं एवं मातृशक्ति से संपर्क कर 'नारी शक्ति वंदन' से संबंधित पत्रक वितरित कर अधिनियम' के महत्व के बारे में संवाद की।

इस दौरान कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में पारित हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी पार्टियों से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जल्द लागू करने संशोधन पर साथ देने की विनती भी की। महिला विरोधी मानसिकता से भरे कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने एक बार फिर 17 अप्रैल 2026 को इस अधिनियम को लागू होने से रोक दिया। प्रस्ताव गिरने के बाद कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और सपा जैसी परिवारवादी पार्टियों के सदस्यों में खुशी से तालियां बजाई और उत्सव मनाया। नारी बहुत कुछ भुला सकती है। अपने सम्मान पर हुए अपमान को कभी नहीं भूलेंगी। इसलिए संसद में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के व्यवहार का यह पीड़ा हर महिला के मन में हमेशा बनी रहेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, सभासद मीनू मौर्या, भाजपा पूर्व जिलाउपाध्यक्ष लालसा भारद्वाज, रामानुज राय आदि मौजूद रहे।

# बेस्ट टूरिज्म विलेज: बहुत जरूरी है जयकुंड चौक पर एलिवेटेड फ्लाईओवर

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** जनपद का ऐतिहासिक गांव है जैत, जो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर लगभग तीन किलोमीटर के दायरे में बसा हुआ है और यूपी के इस बेस्ट टूरिज्म विलेज के आबादी क्षेत्र में स्थित सभी छह लिंक मार्ग महत्वपूर्ण हैं, जो क्षेत्र के दर्जनों गांवों के धार्मिक और पौराणिक स्थलों से जुड़े हुए हैं। यहां पर एलिवेटेड सड़क की महती आवश्यकता है, यदि किन्हीं तकनीकी कारणों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलिवेटेड रोड़ नहीं बन सकती है तो माइल स्टोन चैनेज 131.300 किलोमीटर और चैनेज 132 किलोमीटर पर एलिवेटेड फ्लाईओवर ब्रिज तो अति आवश्यक हैं। दो एलिवेटेड फ्लाईओवर ब्रिज या एलिवेटेड रोड़ ही समस्या का स्थाई समाधान है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश बृजवासी का मानना है कि जैत एक ऐतिहासिक और पौराणिक गांव है तो तुलसी की खेती एवं कंठी-माला का उद्गम स्थल भी है। यहां के तुलसी उत्पाद विदेशों में भी अपनी पहचान बनाए हुए हैं। भगवान श्रीकृष्ण जी की लीलास्थली कालिया मर्दन सिद्ध पीठ जय कुंड पर आस्था की हाजिरी लगाने के लिए देश-विदेश की श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ और बृज चौरासी कोस के परिक्रमार्थियों के वाहनों की भीड़ का सैलाब को राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने के लिए विपरीत दिशा में चलना पड़ता है। विपरीत दिशा में चलने के कारण दुर्घटना भी होती रहती हैं। तीर्थयात्रियों के साथ-साथ क्षेत्रीय ग्रामीणों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए चेनैज 131.300 किलोमीटर पर जयकुंड फ्लाईओवर बनाया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया है कि ग्राम सभा एक संवैधानिक संस्था है और ग्राम सभा जैत ने भी खुली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित कर जयकुंड फ्लाईओवर की संतुति की है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भी जयकुंड पर आने वाले तीर्थयात्रियों एवं ग्रामीणों की समस्यायों को दूरदर्शिता से देखते हुए उदारता का परिचय देना चाहिए और जल्द-से-जल्द निर्माण कार्य शुरू करवा देना चाहिए।

**जताया सांसद का आभार**

उन्होंने बताया कि सांसद हेमा मालिनी के कारण ही मैं आज जीवित हूं अपनों की समस्या निराकरण के लिए गांधीवादी संघर्ष कर रहा हूं और मेरा यह संघर्ष फ्लाईओवर निर्माण पूर्ण होने तक जारी रहेगा। यदि सांसद मेरा ब्रेनवाश नहीं करतीं तो विगत स्वतंत्रता दिवस को ही मेरी जीवन लीला समाप्त हो चुकी होती।

# श्रमिकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- आवश्यक जाँचे कर वितरित की गईं दवाएँ

**मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिकों हेतु निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगर स्थित के.एल. सन्स के परिसर में डॉ सचिन शर्मा के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग एवं पीएसआई इण्डिया की टीम द्वारा किया गया जिसमे के.एल. सन्स के साथ ही महेश साड़ी हाऊस, मनोज टेक्सटाइल्स एवं ग्राफ्टेक प्रिन्टर्स आदि के श्रमिकों की शुगर,रक्तचाप के साथ सामान्य बीमारियों का परीक्षण किया गया और साथ ही पीएसआई इण्डिया टीम द्वारा डायरिया के लक्षण बचाव के तरीकों एवं उपचार के बारे में बताया गया।

डॉ सचिन शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश से श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों की निःशुल्क जाँच हेतु मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फैक्ट्री के लगभग 69 श्रमिकों की शुगर,रक्तचाप के साथ ही सामान्य बीमारियों की जाँच की गई और दवाओं का वितरण किया गया, साथ ही पीएसआई इण्डिया टीम द्वारा 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के तहत डायरिया के लक्षण, बचाव के तरीकों ,हाथ धोने के चरणों का अभ्यास, व्यक्तिगत साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल,शुद्ध भोजन की उपयोगिता तथा आसपास की साफ सफाई के बारे में जागरूक किया गया साथ ही ओआरएस का वितरण कर बनाने एवं इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में बताया गया और आवश्यकतानुसार जिंक का वितरण कर 14 दिन के कोर्स के बारे में बताया गया और जागरूकता हेतु प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर फैक्ट्री स्वामी उद्योगपति राजेश बजाज ने स्वास्थ्य शिविर में श्रमिकों की जाँच और दवा वितरण एवं जागरूकता हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं PSI इण्डिया टीम का आभार व्यक्त किया।

स्वास्थ्य शिविर में भावेश अग्रवाल,अनुराग सिंघल, शुभम रोहिला,वरुण शर्मा, फर्मासिस्ट संदीप वार्ष्णेय,लैब टैक्नीशियन आशीष कुमार,एएनएम पूनम पीएसआई इण्डिया से अजय कुमार,चोब सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे।

## स्वीटी सुपारी: आधी आबादी की सुरक्षा का नहीं रखा जा रहा ध्यान

**मथुरा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर स्वीटी सुपारी के गेट पर धरना-प्रदर्शन करके कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन से भले ही अपनी मांगों को मनवा लिया गया है, परंतु आधी आबादी की सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया। कंपनी में लगभग 21 वर्ष से कार्यरत सपना तिवारी की पीड़ा है कि नाइट शिफ्ट में पुरुषों के समान महिलाओं से भी आठ घंटे काम लिया जा रहा है। जो महिला सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने बताया है कि शाम सात बजे से रात्रि तीन बजे तक श्रमिकों से आठ घंटे काम करवाया जा रहा है। जिसमें महिला पुरुष सभी श्रमिक शामिल हैं। रात में तीन बजे छुट्टी हो रही है, पुरुष तो मोटरसाइकिल आदि साधनों से अपने घर चले जाते हैं, परंतु महिलाओं को सड़क पर खड़े होकर वाहन का इंतजार करना पड़ता है। रात में महिलाओं का सड़क पर खड़े होना किसी भी अनहोनी को निमंत्रण देने जैसा है। श्रमिक सपना तिवारी रूंधे गले से रूआशूं होकर कि आज बाबूजी (स्वर्गीय सुरेशचंद अग्रवाल जी) होते तो लेबर को यह दिन देखने नहीं पड़ते, बाबूजी लेबर से पुत्रवत व्यवहार करते थे। उन्होंने सुझाव दिया है कि नाइट शिफ्ट की महिला श्रमिकों को कम-से-कम दस घंटे काम दिया जाए या फिर वाहन सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

# नहाते समय काली नदी में डूबे दो किशोर, एक की मौत




अवधनामा संवाददाता

- परिजनों में मचा कोहराम, दूसरे दिन एनडीआरफटीम ने शव बरामद किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए दो किशोर काली नदी में नहाने के लिए पहुंचे। नहाते समय दोनों किशोर पानी की गहराई में चले गए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण गोताखोरों ने डूब रहे एक युवक को सकुशल बचा लिया, जबकि दूसरा युवक लापता हो गया। घटना के अगले दिन पहुंची एनडीआरफटीम के जवानों ने उसकी तलाश की और शव को बरामद कर लिया।

बीते दिन खेतों में मजदूरी का काम करने वाले खाडेदेवर निवासी 18 वर्षीय सत्यम पुत्र राम सिंह गांव के ही देव पुत्र विनोद के साथ बिलंदपुर के निकट काली नदी में स्नान करने गया। नहाते समय दोनों डूबने लगे आसपास खेतों में काम करने वाले ग्रामीण गोताखोर मौके पर पहुंचे और उन्होंने नदी में छलांग लगा दी। ग्रामीण गोताखोरों द्वारा देव को सकुशल बाहर निकाल लिया गया जबकि सत्यम पानी की गहराई में डूब गया। गोताखोरों द्वारा उसकी तलाश की गई लेकिन बुधवार की देर शाम तक उसकी तलाश नहीं हो सकी सूचना पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य जुनैद सिद्दीकी ने एनडीआरएफविभाग को दूरभाष पर मामले की सूचना दी। गुरुवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची जहां ग्रामीणों के साथ नदी में लापता हुए सत्यम की तलाश शुरू कर दी। कई घंटे बाद डुंडवा बुजुर्ग निवासी सलमान ने घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर सत्यम को तलाश कर लिया। जिसे चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। उधर सत्यम के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# खाद्य विभाग की टीम ने ताज होटल का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- गंदगी को देख कर लाइसेंस निरस्त करने का दिया नोटिस

**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय, मथुरा के आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय धीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल के सदस्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार, राम नरेश, मोहर सिंह कुशवाह एवं भरत सिंह द्वारा सौंख रोड मथुरा स्थित होटल ताज प्रोपराइटर मोहम्मद आरिफ एवं ताज होटल प्रोपराइटर जमील अहमद का निरीक्षण किया गया। उक्त दोनों होटलों में

साफ़ सफ़ाई संतोषजनक नहीं पाई गई । खाना बनाने एवं परोसने वाले कर्मचारियों की व्यक्तिगत साफ़ सफ़ाई सही नहीं पायी गयी एवं उनके स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए गए।

खाना बनाने में प्रयुक्त पानी की जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। किचन में अस्वास्थ्यकर एवं अस्वच्छकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण होते हुए पाया गया। होटल मालिकों को सुधार नोटिस प्रेषित किए जा रहे हैं। जब तक उनके द्वारा निरीक्षण में पाई गई कमियों के सुधार की अनुपालन आख्या प्रस्तुत नहीं की जाएगी तब तक के लिए उनके खाद्य लाइसेंस निलंबित कर उनके कारोबार पर रोक लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह तथा दलवीर सिंह द्वारा बांके बिहारी मंदिर के निकट गली नं0 2 में राधा रानी मिष्ठान भंडार तथा गली नंबर 4 में राम बाबू पेड़े वाले से पेड़ा का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित किये गये दोनों नमूनें खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित कर दिए गये हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# मिशन शक्ति केन्द्र में तीन विवादो में कराया समझौता

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 के तहत क्षेत्र के अलग अलग तीन ग्रामों के विवादों को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवादों को सुलझाने के लिए महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सभी पक्षों की सहमति से समझौता कराया गया।



गुरूवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी एवं अभियान प्रभारी सीपी तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला एवं महिला कांस्टेवल सीमा भदौरिया द्वारा आवेदिका नाजरीन पुत्री रोशन जमा निवासी इस्माइलपुर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पिता रोशन जमा को बुलाकर समझाया गया। दोनों पक्षों ने काउंसलिंग करा आपस में समझौता किया। वहीं आवेदिका व महिला कांस्टेबल प्रियंका रानी द्वारा आवेदिका रामदेवी पत्नी सियाराम निवासी सराय दौलत व आवेदिका शिवांगी पत्नी स्वर्गीय प्रदीप कुमार निवासी सराय दौलत के प्रार्थना पत्रो पर दोनों पक्षों को बुलबाकर समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता कराया गया। जबकि आवेदिका रिचा देवी पत्नी हिमांशु मिश्रा निवासी जुनेदपुर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति हिमांशु मिश्रा पुत्र राजेंद्र कुमार मिश्रा व सास किरण देवी पत्नी राजेंद्र कुमार मिश्रा को बुलाकर समझाया गया तो आवेदिका ने लिख कर दिया कि जो मैंने प्रार्थना पत्र अपने ससुराली जनो के खिलाफ दिया है। उसमें अभी पुलिस कार्रवाई नहीं चाहती हूं और आवेदिका रिचा देवी ने कहा की मैं अपने पिता अरुण के साथ मायके जा रही हूं और काउंसलिंग कराकर सकुशल रवाना किया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

## प्रातः 10 से सांय 05 बजे निर्धारित हुई कोर्ट की समयावधि

**कन्नौज।** जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया है कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र के अनुसार प्रत्येक वर्ष माह मई व जून में सम्बन्धित जनपद की बार एसोसिएशन की सहमति के अनुसार प्रातः कालीन न्यायालय समयावधि प्रातः 07 बजे से अपराह्न 01 बजे अथवा नियमित न्यायालय समयावधि प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे निर्धारित किये जाने का निर्देश निर्गत किया गया है। कन्नौज बार एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव दिनांकित 28.04.2026 के अनुसार माह मई एवं जून 2026 में जनपद न्यायालय में न्यायालय समयावधि प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे निर्धारित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त बार एसोसिएशन छिबरामऊ/तिर्वा से उक्त के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। अतः उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र के अनुपालन में कन्नौज बार एसोसिएशन कन्नौज द्वारा प्रेषित प्रस्ताव दिनांकित 28.04.2026 से सहमति रखते हुए जजशिप कन्नौज के मुख्यालय, वाह्य न्यायालय छिबरामऊ एवं ग्राम न्यायालय तिर्वा में माह मई व जून 2026 में नियमित न्यायालय समयावधि प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे निर्धारित की जाती है।

## भाषा विवि ने किया गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर शैक्षिक भ्रमण



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** गुजरात स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रोफेसर अजय तनेजा के नेतृत्व में विद्यार्थियों को कुकरेल फॉरेस्ट का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का संचालन एवं मार्गदर्शन एनएसएस प्रभारी नलिनी मिश्रा तथा भूगोल विभाग के शिक्षक प्रिया देवी, चेतन शर्मा एवं आदेश पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के लगभग 30 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को प्राकृतिक पर्यावरण, वन्य जीवन तथा जैव विविधता के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। यह शैक्षिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता विकसित करने का प्रयास निरंतर किया जाता है।

## निःशुल्क दिव्यांग सहायता मासिक शिविर 3 मई को

**मथुरा। (अवधनामा संवाददाता)** 438वां निःशुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था के तत्वाधान मे संस्था कार्यालय 26आज़ाद मार्केट डीग गेट, मथुरा (निकट डीग गेट पुलिस चौकी से दरैशी रोड़ )पर दिनांक :-03मई 2026 रविवार को किया जा रहा है, निशुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ नई दिल्ली की शाखा लेडी हार्डिन हॉस्पिटल , नई दिल्ली के भौतिक चिकित्सा बिशेषज्ञ डॉ चिराग कुकरेजा जी द्वारा प्रात :-10:00 बजे से दोपहर 2:00बजे तक किया जायेगा , शिविर मे उपयुक्त पाये गये सभी दिव्यांग भाई बहिनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किये जाएंगे साथ सभी दिव्यांग जनो से अनुरोध है कि वह आधार कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र की छायाप्रति, विकलांगता दर्शाते हुए पासफोर्ट साइज फोटो की दो -दो छायाप्रति अवश्य साथ लावे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा सीमित की बैठक का आयोजन किया गया

**सम्भल (अवधनामा संवाददाता)** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति/जिला वृक्षारोपण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के अन्तर्गत प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव द्वारा बैठक से संबंधित विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। बैठक के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, ई- वेस्ट प्रबंधन आदि पर चर्चा की गयी। जिसमें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत,जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की प्लास्टिक एवं पॉलीथिन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए अधिक से अधिक कपड़े के थैले को लेकर लोगों को जागरूक करें। बायो मेडिकल वेस्ट को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण कराया जाए।वृक्षारोपण के लक्ष्य को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के लक्ष्य के विषय में विभाग बार जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। वृक्षारोपण के लिए गड्ढा खुदान के विषय में जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की और उन्होंने कहा कि गड्ढा खुदान की सूचना तीन दिवस के अंदर संबंधित विभाग को प्रेषित की जाए किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में न आये।

# किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री का प्रवेश पूर्णतः रोका जाए



- डीएम-एसपी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर परखी व्यवस्थायें, दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की स्थिति, निरुद्ध बंदियों की सुविधाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया।

गुरूवार को क्षेत्र के गाम अनौगी स्थित जिला कारागार के आकस्मिक निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने सभी बैरकों का भ्रमण कर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश एवं मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री का प्रवेश पूर्णतः रोका जाए तथा सुरक्षा जांच की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि कारागार में प्रवेश करने वाले प्रत्येक नए बंदी का अनिवार्य रूप से चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाए, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति का समय से आकलन हो सके। जेल अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि कारागार की नियमित रूप से चेकिंग की जाती है तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि कारागार की नियमित निगरानी बनाए रखी जाए, निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों पर सतत सतर्क दृष्टि रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए।

## प्रधान प्रतिनिधि ने स्वच्छता के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम पंचायत मझपुर्वा में स्वच्छता अभियान के तहत नाला-नालियों की विशेष सफई अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत की विभिन्न गलियों के नाला-नालियों की तरीझार सफई कराई गई, जिससे ग्रामीणों को गंदगी और जलभराव की समस्या से राहत मिली। सफई कार्य की निगरानी स्वयं प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिददीकी द्वारा की गई। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत करते हुए स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया और सभी से अपने-अपने घरों एवं आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखने की अपील की। प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। यदि हम अपने आसपास साफ सफई बनाए रखेंगे तो बीमारियों से भी बचा जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को कूड़ा इधर-उधर न फेंकने और निर्धारित स्थान पर ही डालने के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु बैठक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** अवधनामा संवाददाता में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनाद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी डॉ0 विदुषी सिंह के आदेशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 09.05.2026 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में आज दिनांक प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी दीपक कुमार जायसवाल के विश्राम कक्ष में एक बैठक बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित की गयी। जिसमें प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत के माध्यम से विद्युत विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों विशेषकर विद्युत बिल विवाद, बकाया राशि, संयोजन संबंधी विवाद आदि के अधिकतम निस्तारण पर चर्चा की गई। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समस्त एस.डी.ओ विद्युत को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को संदर्भित किया जाए तथा उपभोक्ताओं को इस वैकल्पिक विवाद निस्तारण मंच के लाभों के प्रति जागरूक किया जाए।उपरोक्त बैठक के अवसर पर जी. के. गुप्ता एस.डी.ओ-02 सम्मल, दिनकर पटेल एस.डी.ओ. गवां, राहुल सिंह एस.डी.ओ.-03 सम्भल,अजय कुमार एस.डी.ओ. धनारी, चन्द्रभुषन एस.डी.ओ.-04 सम्भल, जगदीश कुमार एस.डी.ओ.-02 चन्दौसी, मनोज कुमार यादव एस.डी.ओ.-03 चन्दौसी, अजय कुमार चौरसिया एस.डी.ओ.-05 चन्दौसी, सैनन जोशी एस.डी.ओ. गुन्नौर, ताहिर हुसैन एस.एच.ओ., अखिलेश कुमार सहायक अभियन्ता पंवासा, जय प्रकाश वार्ष्णेय सहायक अभियन्ता सम्भल आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा शुचिता, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करायें

अवधनामा संवाददाता

- डीएम ने कलेक्ट्रेट में अवर अभियंता सिविल परीक्षा के संबन्ध में आयोजित बैठक में दिये निर्देश




अवर अभियंता परीक्षा के दृष्टिगत बैठक लेते डीएम व अन्य

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023/08) को शुचिता, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

गुरूवार को जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उक्त परीक्षा दिनांक 03 मई 2026 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एक पाली में आयोजित होगी, जिसमें जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 3240 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, राजकीय इंटर कॉलेज समधन, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा, जीआईसी उमर्दा, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जमुना प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज मकरंद, के.के. इंटर कॉलेज कन्नौज तथा डी.एन. इंटर कॉलेज तिर्वा सम्मिलित हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, पंखे, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जनरेटर व ऑपरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल जनरेटर संचालित किया जाए। प्रातः 09:30 बजे के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश न दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा सामग्री की प्राप्ति एवं वितरण की समस्त प्रक्रिया सीसीटीवी निगरानी में सम्पन्न हो।

सेक्टर मजिस्ट्रेट/रूट मैनेजर कोषागार से प्राप्त गोपनीय सामग्री का टंक कोड एवं कलर कोड भली-भांति मिलान कर सुनिश्चित करें कि सामग्री संबंधित केन्द्र की ही हो। स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र अधीक्षक एवं केन्द्र प्रभारी प्रातः 07 बजे केन्द्र पर उपस्थित रहकर संयुक्त निरीक्षण करेंगे तथा सभी सीसीटीवी कैमरों के क्रियाशील होने की पुष्टि करेंगे। आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारियों को छोड़कर परीक्षा कार्य में लगे अन्य समस्त कर्मियों के मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अनिवार्यतः जमा कराए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पूर्व में आयोजित परीक्षाओं की भांति इस परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। कक्ष निरीक्षकों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए, पैकिंग एवं सीलिंग पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा प्रत्येक गतिविधि की सतत मॉनिटरिंग हो। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात एजेंसियां पूर्ण सतर्कता के साथ कार्य करें। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि परीक्षा को संवेदनशीलता के साथ संपन्न कराया जाए। पूर्व परीक्षाओं में अपनाई गई सघन चेकिंग व्यवस्था इस परीक्षा में भी प्रभावी रूप से लागू रहेगी। पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुवैशाली, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, समस्त उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गये गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन का संभल में संजीव प्रसारण देखा गया

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का मा. प्रधानमंत्री द्वारा जनपद हरदोई में किया गया लोकार्पण। गंगा एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज लहरावन के पास मा. प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री तथा विशिष्ट अतिथियों तथा आम जनमानस द्वारा देखा एवं सुना गया।गंगा एक्सप्रेसवे से जनपद के किसानों एवं उद्यमियों एवं आम जनमानस को होगा लाभ... जिलाधिकारी। गंगा एक्सप्रेसवे पश्चिमी जनपदों एवं पूर्वांचल को जोड़ने का एक माध्यम... प्रभारी मंत्री ।मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उदघाटन आज दिनांक 29 अप्रैल 2026 को हरदोई से मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण तथा जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद सम्भल के विकासखंड बहजोई के ग्राम लहरावन गंगा एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के पास किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश शासन धर्मवीर प्रजापति जी रहे एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव जी एवं विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान , भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू जी, पूर्व विधायक गुन्नौर एवं पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी, मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल जी,पूर्व सदस्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश साध्वी गीता प्रधान जी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इसके उपरांत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बहजोई की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया गया।

# पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के बुरे हाल पर अश्विन भी हैरान

## प्लेऑफ में पहुंचना बेहद मुश्किल

**मुंबई।** आईपीएल 2026 में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन हर किसी को चौंका रहा है। टीम ने अब तक आठ मैचों में छह हार झेली है और प्लेऑफ की राह लगभग मुश्किल हो चुकी है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन बनाने के बावजूद हार ने स्थिति और गंभीर कर दी। इस प्रदर्शन पर अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी हैरानी जताई है।

मुंबई इंडियंस के लिए यह सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है। सिर्फ दो जीत के साथ टीम अंक तालिका में नीचे है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आमतौर पर 16 अंक जरूरी माने जाते हैं, ऐसे में मुंबई को अपने बचे हुए सभी छह मुकाबले जीतने होंगे। हालांकि इसके बाद भी टीम को दूसरे नतीजों पर निर्भर रहना पड़ सकता है।

अश्विन भी हैरान

भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मुंबई के प्रदर्शन पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, मैं इस

**मुकाबले**

**प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आमतौर पर 16 अंक जरूरी माने जाते हैं, ऐसे में मुंबई को अपने बचे हुए सभी छह मुकाबले जीतने होंगे।**

सीजन मुंबई के खेल को देखकर हैरान हूं। मेरा दिमाग समझ नहीं पा रहा कि यह कैसे संभव है। सच कहूं तो मुंबई इंडियंस को देखकर मुझे उनके लिए दुख होता है। टूर्नामेंट से पहले यह मेरी पसंदीदा टीम थी, लेकिन कई बार लगा कि यह उनका मैच है, पर ऐसा हुआ नहीं। मुंबई इंडियंस वापसी करेगी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाया।

क्यों नहीं जीत पाएगी मुंबई?



जब अश्विन से पूछा गया कि क्या मुंबई लगातार छह मैच जीत सकती है, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, %मुझे नहीं लगता। मैं आपको बताता हूं क्यों। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 220 रन दे दिए, जबकि किसी और टीम ने इतना स्कोर नहीं दिया। वे 230-240 जैसे बड़े स्कोर का पीछा भी नहीं कर पा रहे हैं। सीएसके के खिलाफ 208 रन का पीछा नहीं कर पाए। अगर पिच बदलती है तो बल्लेबाजी कमजोर पड़ती है और अगर पिच फ्लैट होती है तो गेंदबाजी संघर्ष करती है।%

243 रन बनाकर भी हार

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 243/5 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। रयान रिकेल्टन ने 55 गेंदों में नाबाद 123 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन इसके जवाब में हैदराबाद के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। ट्रेविस हेड (76), हेनरिक क्लासेन (65*), अभिषेक शर्मा (45) और सलिल अरोड़ा (30*) की पारियों की बदौलत टीम ने 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

हार्दिक पांड्या ने मानी गलती

मैच के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने टीम के प्रदर्शन पर निराशा जताई। उन्होंने कहा, हम टीम के तौर पर उस स्तर तक नहीं खेल पाए, जिसकी पहचान मुंबई इंडियंस है। हमें अपनी गलतियों को पहचानना होगा और सुधार करना होगा। मुझे भरोसा है कि टीम मैनेजमेंट और स्टाफ के साथ हम इसका हल निकाल लेंगे।

अब आगे क्या?

मुंबई इंडियंस के लिए अब हर मुकाबला %करो या मरो% जैसा है। एक और हार टीम को प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर कर सकती है।

# लक्ष्य सेन को मिली ली शि फेंग से करारी शिकस्त
## भारत थॉमस कप फाइनल में चीन से 0-1 से पीछे

**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में हार गए जिससे भारत बुधवार को थॉमस कप फाइनल्स के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में चीन से 0-1 से पीछे है। लक्ष्य ने पिछले महीने %ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप% में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए। अब भारत दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के जरिए मुकाबले को बराबर करने की कोशिश करेगा। इनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग से होगा। बाकी मैचों में आयुष शेट्टी का सामना वेंग होंग यांग से होगा जबकि हरिहरन अमसकारुनन और एमआर अर्जुन की युगल जोड़ी ही जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी से भिड़ेगी।



लक्ष्य 3-6 से पीछे चल रहे थे, उन्होंने क्रॉस कोर्ट स्लाइस और तेज स्मैश के बाद ली के शॉट के बाहर जाने से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार स्मैश लगे जिसके बाद ली ने 10-8 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक बढ़त बनाए रखी। ब्रेक के बाद लक्ष्य ने 14-13 से आगे निकल गए। लेकिन मुकाबला बेहद कड़ा हो गया और दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबरी पर आ गए। इसके बाद ली ने लगातार दो निर्णायक अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया।

दूसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। ली की तरफ से हुई कई गलतियों का फायदा उठाते हुए लक्ष्य तेजी से 5-0 और फिर 11-2 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी ने लगातार दबाव बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक तीसरे गेम तक खींच ले गए। तीसरे गेम में लक्ष्य 1-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर लिया।

# अभिषेक-ट्रेविस हेड की जोड़ी बनी नंबर-एक



**मुंबई।** अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की जोड़ी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की सलामी जोड़ी के रूप में दोनों खिलाड़ियों ने बुधवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पहले विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी की। यह आईपीएल में ओपनिंग विकेट के लिए सबसे ज्यादा बार शतकीय साझेदारी करने वाली संयुक्त रूप से नंबर-एक जोड़ी बन गई है।

अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने आईपीएल इतिहास में पहले विकेट के लिए छह बार शतकीय साझेदारी की हैं। इस मामले में उन्होंने डेविड वॉर्नर और शिखर धवन की बराबरी कर ली है। इस लिस्ट में डेविड वॉर्नर-जॉनी बेयरस्टो, फाफ डुप्लेसिस-विराट कोहली और शुभमन गिल-साई सुदर्शन को जोड़ी संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर है, जिन्होंने पांच-पांच बार ऐसा किया।

**पावरप्ले में टेविस-अभिषेक ने मचाया धमाल**

बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में 244 रनों के विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी इस सलामी जोड़ी ने पावरप्ले में अटूट साझेदारी करते हुए 92 रन बनाए। यह सनराइजर्स हैदराबाद का आईपीएल मैच के दौरान शुरुआती 1-6 ओवरों के बीच पांचवां सबसे बड़ा स्कोर रहा। एसआरएच आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध पावरप्ले में 125/0 का स्कोर बना चुकी है, जो इस लिस्ट में सबसे बड़ा स्कोर है।

**मुंबई की पारी**

इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने पांच विकेट खोकर 243 रन बनाए। इस टीम को विल जैक्स और रयान रिकेल्टन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 7.1 ओवरों में 93 रन जोड़े। जैक्स 22 गेंदों में 46 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि रिकेल्टन ने 55 गेंदों में 8 छक्कों और 10 चौकों के साथ 123 रन की नाबाद पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान हार्दिक पांड्या ने 31 रन, जबकि नमन धीर ने 22 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से प्रफुल हिंगे ने सर्वाधिक दो विकेट निकाले।

## लड़खड़ाते कदमों से मैच देखने वानखेड़े पहुंचे विनोद कांबली

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनका खेल नहीं, बल्कि उनकी सेहत है। आईपीएल 2026 के दौरान बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम पहुंचते वक्त कांबली लड़खड़ाते हुए नजर आए और उन्हें चलने के लिए दो लोगों का सहारा लेना पड़ा। उनका यह वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस ने चिंता जतानी शुरू कर दी।

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान कांबली स्टेडियम पहुंचे। वायरल वीडियो में साफ दिखा कि उन्हें चलने में दिक्कत हो रही है और दो लोग उन्हें पकड़कर अंदर ले जा रहे हैं। हालांकि, इस हालत के बावजूद कांबली मुस्कुराते हुए दिखे और फैंस से बात करते भी दिखे। यह दृश्य देख फैंस भावुक हो गए।

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने उनकी सेहत को लेकर चिंता जताई।

# रियान पराग पर बीसीसीआई ने लगाया भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। रियान पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है, जबकि आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन पर उनके खाता में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। रियान ने राजस्थान और पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 40वें मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन किया था जिसे लेकर अब कार्रवाई की गई है।

**क्या है मामला?**

पंजाब किंग्स के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेले गए मुकाबले के दौरान वह ड्रेसिंग रूम में वेपिंग करते कैमरे में दिखाई दिए।

यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उस समय राजस्थान 223 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी।

वीडियो में पराग के आसपास यशस्वी जायसवाल, युधवीर सिंह चरक और कुलदीप सेन भी नजर आए।

यह दूसरी बार है जब राजस्थान रॉयल्स मैदान के बाहर के मामले में



विवादों में घिरी है। इससे पहले रोमी भिंडर के डिवाइस इस्तेमाल का मामला सामने आया था।

आईपीएल ने बयान में कहा, रियान को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो खेल भावना के विरुद्ध आचरण से संबंधित है। यह घटना दूसरी पारी के दौरान घटी जब रियान को ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते हुए देखा गया। रियान पर मैच रेफरी अमित शर्मा ने जुर्माना लगाया जिसे राजस्थान के कप्तान ने स्वीकार किया है। बीसीसीआई टीम, उनके अधिकारी और खिलाड़ियों पर कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया के लिए अन्य विकल्प भी तलाश रहा है जिससे आईपीएल की प्रतिष्ठता बरकरार रहे।

पता चला है कि मैदानी अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच खत्म होने के तुरंत बाद मैच रेफरी अमित शर्मा को इस मामले की शिकायत नहीं की थी। उन्होंने ऐसा तब किया जब उन्होंने इसका वीडियो सबूत देखा। इसके बाद शर्मा ने आईपीएल के नियमों के अनुसार आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पराग को दोषी पाया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जैसा कि बयान में साफ-साफ लिखा है हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि टीम के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए। अभी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है।

भारत में ई-सिगरेट और वेपिंग द प्रोहिबिशन ऑफ इलैक्ट्रॉनिक सिगरेट एक्ट (PECA), 2019 के तहत प्रतिबंधित है। इस कानून के तहत इनके निर्माण, बिक्री, खरीद, आयात, निर्यात और विज्ञापन पर रोक है। उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना और जेल तक की सजा हो सकती है।

राजस्थान के लिए आईपीएल का मौजूदा सीजन अच्छा जा रहा है। टीम नौ मैचों में छह जीत और तीन हार के साथ 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद है। राजस्थान का सामना अब एक मई को दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

# है जवानी तो इश्क होना है की रिलीज से पहले डेविड धवन की क्लासिक फिल्में होंगी री-रिलीज



**मुंबई।** कॉमेडी और रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर से सिनेमाघरों में डेविड धवन की कॉमेडी-रोमांटिक फिल्में देख सकेंगे। निर्देशक डेविड धवन की कई क्लासिक फिल्में उनकी आगामी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की रिलीज से पहले सिनेमाघरों में रिलीज होंगी।

सिनेमाघर में डेविड धवन की 5 सबसे लोकप्रिय कॉमेडी-रोमांटिक फिल्मों को दोबारा दिखाया जा रहा है। इन फिल्मों में गोविंदा की 90 के दशक की क्लासिक फिल्में आंखें और राजा बाबू, सलमान खान की हिट फिल्में मैंने प्यार क्यों किया और पार्टनर और वरुण धवन की पहली फिल्म मैं तेरा हीरो शामिल हैं।

दरअसल, डेविड धवन की सिनेमाई विरासत को सम्मान देने के लिए यह खास महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उनकी फिल्में दशकों से लोगों को खूब हंसाती आई हैं और नई पीढ़ी को भी अब इन्हें बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। डेविड धवन ने खुद इस खबर पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ऐसी फिल्में बनाने की कोशिश की जो लोगों को हंसाएं, उन्हें अच्छा महसूस कराएं और रोजमर्रा की चिंताओं से थोड़ी देर के लिए दूर ले जाएं। उन्हें खुशी है कि उनकी पुरानी फिल्में अब फिर से सिनेमाघरों में दिखाई जा रही हैं।

इस महीने की शुरुआत में 74 साल के डेविड धवन ने संकेत दिया था कि 'है जवानी तो इश्क होना है' उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। उन्होंने कहा था, मुझे नहीं लगता कि मुझे अब और फिल्में बनानी चाहिए। इसके बाद मैं सिर्फ वरुण का पिता बनकर रहूंगा और अपने परिवार का ख्याल रखूंगा।

**कब रिलीज होगी है जवानी तो इश्क होना है**

फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन डेविड धवन ने किया है।

# 'धुरंधर इंडस्ट्री में लाया बदलाव', यामी गौतम ने बताया सफलता के बाद कितना बदला आदित्य धर का व्यवहार?

**मुंबई।** 'धुरंधर' के दोनों पार्ट की सफलता ने निर्माता-निर्देशक आदित्य धर को इंडस्ट्री के प्रमुख फिल्ममेकर्स में लाकर खड़ा कर दिया है। 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए रिकॉर्ड स्थापित किए। फिल्म को क्रिटिक्स और प्रशंसकों से जमकर प्रशंसा मिली। अब आदित्य धर की पत्नी और अभिनेत्री यामी गौतम ने 'धुरंधर' की सफलता को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म की सफलता ने इंडस्ट्री को मजबूत स्क्रिप्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद उनके व्यक्तिगत दृष्टिकोण में कोई बदलाव आया है या नहीं।

ग्रेजिया के साथ बातचीत करते हुए यामी गौतम ने 'धुरंधर' के बाद इंडस्ट्री में आए बदलाव को लेकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि इसीलिए मैंने कहा था कि फिल्म हमेशा से निर्देशकों का माध्यम रही



है। स्क्रिप्ट और वे सभी बुनियादी चीजें जो एक फिल्म को फिल्म बनाती हैं। अब ये बुनियादी चीजें वापस आ गई हैं, इसलिए यह एक बड़ा बदलाव है। यह सिर्फ फिल्म के अच्छा प्रदर्शन करने और नए बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड बनाने की बात नहीं है।

मुझे नहीं लगता कि धुरंधर की सफलता हमें सिर्फ यही बता रही है। हमें लोगों को सिनेमाघरों तक लाने में काफी संघर्ष करना पड़ा और हम तरह-तरह के प्रयोग कर रहे थे। लेकिन सिनेमाघरों में उमड़ती भीड़ यह बताती है कि हम तैयार हैं, हम चाहते हैं कि आप बेहतरीन फिल्में बनाएं, हम देखेंगे और हां, हम बार-बार आएंगे।

**हम आध्यात्मिकता में विश्वास रखते हैं**

जब उनसे पूछा गया कि फिल्म की सफलता के बाद उनके और आदित्य के व्यक्तिगत दृष्टिकोण में कोई बदलाव आया है? इस पर यामी ने कहा कि हम दोनों में कोई बदलाव नहीं आया है। यह बदलाव आदित्य की वजह से है और जिस तरह का इंसान वह हैं, बहुत सहज और बेहद विनम्र। मैंने उन्हें जीवन के अलग-अलग पड़ावों से गुजरते देखा है।

उतार-चढ़ाव और नाजुक दौर भी आते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि उन दौरों में हमने अपनी निराशा जाहिर की हो या उसे बाहर निकाला हो। हम दोनों भगवान का शुक्रिया अदा करते हैं। हमारे लिए आध्यात्मिकता बहुत महत्वपूर्ण है, हम सर्वशक्तिमान में विश्वास रखते हैं। अच्छे लोगों के साथ अच्छा ही होता है। जो आपके लिए है, वह भले ही देर से मिले, लेकिन कभी नकारा नहीं जा सकता।

'धुरंधर' फ्रेंचाइजी की बात करें तो, इसका पहला पार्ट 'धुरंधर' पिछले साल रिलीज हुआ था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसने कमाई के नए रिकॉर्ड स्थापित किए थे। इसके बाद इस साल दूसरा पार्ट 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हुआ।

## नीतू कपूर ने पति ऋषि कपूर की पुण्यतिथि पर दी भावुक श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर ने आज गुरुवार को अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए एक दिल को छू लेने वाली पोस्ट शेयर की। ऋषि कपूर के निधन को आज 6 साल पूरे हो गए हैं। नीतू कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दोनों की एक पुरानी प्यार भरी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, हमेशा हमारे दिलों में। इस तस्वीर में दोनों मुस्कुराते हुए बेहद खुश लग रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर फिल्म जगत के कई लोग उन्हें याद कर रहे हैं। फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर राज बंसल ने भी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें ऋषि कपूर, नीतू कपूर और संजय दत्त साथ हंसते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, अपने सबसे प्यारे दोस्त को याद कर रहा हूं। नीतू कपूर और ऋषि कपूर की बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी ने भी पिता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत पिता की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, जब तक हम दोबारा नहीं मिलते मैं हमेशा याद करती रहूंगी।

## राहुल रॉय का मजाक उड़ाने के बाद एक्ट्रेस ने पेश की सफाई

**मुंबई।** आशिकी मूवी फेम राहुल रॉय अपनी एक रील को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिन उन्होंने इसे शेयर किया। चर्चित एक्टर जिस अंदाज में क्रिएटर के साथ डांस करते दिख रहे हैं, उसे देख लोग हैरान हैं। कई लोगों ने उनका मजाक उड़ाया तो किसी ने पूछा कि आखिर ऐसी भी क्या मजबूरी थी? टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से राहुल रॉय का वह वीडियो शेयर किया था और मजाक बनाया था। बाद में राहुल रॉय ने सवाल उठाने वालों को करारा जवाब देते हुए पोस्ट शेयर किया था। इसके बाद फलक नाज ने भी उनका मजाक उड़ाने पर शर्मिंदगी जाहिर की है। क्रिएटर के साथ रील वायरल होने के बाद राहुल रॉय ने बीते दिन अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी से पोस्ट साझा किया था और बताया था कि वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

# लव एंड वॉर के बाद विक्की कौशल महावतार को देंगे 18 महीने

**मुंबई।** विक्की कौशल अभी संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके तुरंत बाद, वह अपने करियर के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक की तैयारी में जुट जाएंगे। एक्टर अमर कौशिक की पौराणिक फिल्म महावतार की तैयारी कर रहे हैं। खबर है कि लव एंड वॉर की शूटिंग पूरी करने के तुरंत बाद, जून 2026 से विक्की कौशल इस फिल्म पर काम शुरू कर देंगे।

**महावतार को विक्की देंगे 18 महीने**

पिंकविला के अनुसार, विक्की ने कथित तौर पर इस प्रोजेक्ट के लिए कुल 18 महीने का समय अलग रखा है। विक्की ने छह महीने के एक सख्त ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए हामी भरी है। इसमें फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन और खास तौर पर इस



फिल्म के लिए डिजाइन की गई एक्टिंग वर्कशॉप शामिल हैं।

**कब से कब तक चलेगी शूटिंग?**

बताया जाता है कि तैयारी में किरदार के मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक पहलुओं को समझना भी शामिल है। फिल्म की शूटिंग जनवरी 2027 में शुरू होने वाली है। यह पूरे एक साल तक चलेगी और दिसंबर 2027 में पूरी होगी। इस दौरान विक्की ने फैसला किया है कि वह अपना पूरा ध्यान सिर्फ महावतार पर देंगे और किरदार में एकरूपता बनाए रखने के लिए कोई दूसरा प्रोफेशनल काम नहीं करेंगे।

**कोई दूसरा प्रोजेक्ट नहीं लेंगे विक्की**

खबरों के मुताबिक विक्की महावतार को अपने जीवन का एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट मान रहे हैं। वह इसमें पूरी तरह से डूब जाना चाहते हैं, इसीलिए उन्होंने जान-बूझकर फैसला किया है कि शूटिंग के दौरान वह कोई दूसरा काम नहीं करेंगे।

साल 2024 में, विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट की घोषणा की थी और महावतार का पहला लुक शेयर किया था।

इसे दर्शकों ने पसंद किया था। इस लुक को शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा था, दिनेश विजान धर्म के शाश्वत योद्धा की कहानी को पर्दे पर ला रहे हैं! अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म महावतार में विक्की कौशल चिरंजीवी परशुराम का किरदार निभा रहे हैं।

# सेंसर बोर्ड के पचड़े में फंसी आखिरी सवाल!

संजय दत्त जल्द ही एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म आखिरी सवाल में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 8 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसका ट्रेलर रिलीज नहीं किया है। ट्रेलर 30 अप्रैल को रिलीज होने वाला था। खबरों के मुताबिक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी न मिलने की वजह से इसे रोक दिया गया है।

क्यों नहीं रिलीज हुआ ट्रेलर?

बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक सेंसर बोर्ड से मंजूरी न मिलने की वजह से ट्रेलर को अब टाल दिया गया है। सेंसर बोर्ड ने कुछ बदलाव करने को कहा है। ट्रेलर की नई रिलीज डेट अभी तक नहीं बताई गई है।

इससे पहले फिल्म का टीजर



जारी किया गया था। इसमें दिखाया गया है कि मुख्य कलाकार ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में बात करते नजर आते हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या के बाद लगाए गए बैन और बाबरी मस्जिद गिराए जाने से जुड़े विवाद का जिक्र भी शामिल है। आखिरी सवाल 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल के सफर से प्रेरित है।

फिल्म में संजय दत्त के साथ अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे दमदार कलाकार हैं। फिल्म के निर्देशक अभिजीत मोहन वारंग हैं। निखिल नंदा और संजय दत्त ने मिलकर इसे निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स और नीम ट्री एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। इसके सह-निर्माता पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद हैं। इसकी कहानी उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है।

# पेंशन के लिए तरसते कैंसर पीड़ित बुजुर्ग: सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख, इलाहाबाद हाईकोर्ट को जल्द सुनवाई का आदेश

**नई दिल्ली।** इंसाफ की राह में नौ वर्ष की देरी और कैंसर जैसी बीमारी के बीच झूल रहे 77 वर्षीय राम शंकर को सुप्रीम कोर्ट से सहारा मिला है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि पेंशन कर्मचारी का हक है, जिसे सरकारी नियमों की आड़ में अनंत काल तक नहीं रोका जा सकता। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि इस मामले में जल्द सुनवाई हो।

देश की सर्वोच्च अदालत ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक बुजुर्ग के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वह एक वरिष्ठ नागरिक की पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों से जुड़ी याचिका पर तत्काल सुनवाई करे। गौरतलब है कि यह मामला पिछले नौ वर्षों से उच्च न्यायालय में लंबित पड़ा है।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस मामले पर गंभीरता दिखाई है। पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से आग्रह किया कि वह 77 वर्षीय बुजुर्ग की स्थिति को देखते हुए उनके मामले पर



सहानुभूतिपूर्वक विचार करे। अदालत ने स्पष्ट रूप से इस मामले की आउट ऑफ टर्न यानी प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करने को कहा है।

यह कानूनी लड़ाई राम शंकर नामक व्यक्ति की ओर से लड़ी जा रही है। राम शंकर उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा में कार्यरत थे। उन्होंने अपनी याचिका में दलील दी कि उनके दावे के निपटारे में होने वाली अत्यधिक देरी उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 14, समानता का अधिकार और अनुच्छेद 21 जीवन का अधिकार का हवाला देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

राम शंकर ने 1 जून 1970 से 28 मई 1985 तक उत्तर प्रदेश सरकार के तहत अपनी सेवाएं दी थीं। इसके बाद उन्होंने गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में अपनी सेवाएं शुरू कीं। जब उन्होंने अपनी पेंशन की मांग की, तो राज्य सरकार ने कुछ नियमों और प्रावधानों का हवाला देते हुए उनके लाभों को देने से इनकार कर दिया।

**पेंशन कोई खैरात नहीं**

याचिकाकर्ता ने अपनी दलील में एक महत्वपूर्ण संविधानिक बिंदु रखा है। राम शंकर ने कहा कि पेंशन कोई इनाम या खैरात नहीं है। यह एक कर्मचारी का निहित अधिकार है। उन्होंने तर्क दिया कि पेंशन संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आजीविका के अधिकार का एक अभिन्न अंग है। एक कर्मचारी की पूरी जिंदगी की मेहनत के बाद पेंशन ही उसके बुढ़ापे का सहारा होती है।

**नौ वर्ष का लंबा इंतजार**

न्याय की आस में राम शंकर ने वर्ष 2017 में इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, पिछले नौ वर्षों से यह मामला केवल तारीखों के जाल में उलझा रहा। याचिका के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा बार-बार समय मांगे जाने के कारण मामला स्थगित होता रहा। अब सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद यह उम्मीद जगी है कि इस कैंसर पीड़ित बुजुर्ग को उनके जीवन के अंतिम पड़ाव में उनका हक मिल सकेगा।

## निलंबित आईएएस अधिकारी ने मुख्यमंत्री पर लगाए गंभीर आरोप, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का दावा

**नई दिल्ली।** बी. अशोक ने निलंबन के बाद पिनाराई विजयन पर राजनीतिक हस्तक्षेप, धन दुरुपयोग और नौकरशाही की स्वतंत्रता कमजोर करने के आरोप लगाए; सरकार के खिलाफ कानूनी जीतों को वजह बताया।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. बी. अशोक ने अपने निलंबन के एक दिन बाद मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने राजनीतिक हस्तक्षेप, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और नौकरशाही की स्वतंत्रता के क्षरण का दावा किया। अशोक ने आज मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उनका निलंबन आईएएस एसोसिएशन की सरकार के खिलाफ कानूनी जीतों से जुड़ा है।

अशोक ने बताया कि एसोसिएशन ने 2023 से सरकार के खिलाफ पांच मामले जीते हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री का गुस्सा समझा जा सकता है। अशोक ने दोनों वामपंथी सरकारों की तुलना करते हुए कहा कि पहले विजयन प्रशासन (2016-2021) ने सिविल सेवकों का सम्मान किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे कार्यकाल में शासन शैली में बदलाव आया, जिसमें करीब एक दर्जन सेवानिवृत्त अधिकारी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्य सचिव के.एम. अब्राहम की मुख्यमंत्री कार्यालय में एक नए पद पर नियुक्ति को अभूतपूर्व बताया।

अशोक ने स्पष्ट किया कि वह तुरंत निलंबन को अदालत में चुनौती नहीं देंगे। उन्होंने इसे सम्मान का प्रतीक बताया और कहा कि यह कार्रवाई सरकार द्वारा उनके साथ किए गए व्यवहार का व्यापक पैटर्न दर्शाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले छह महीनों में सरकार के तीसरे कार्यकाल को सुरक्षित करने के लिए अधिकारियों के एक समूह को जुटाया गया था, जिसमें बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग भी शामिल था। उनके अनुसार, इस उद्देश्य के लिए मुंबई स्थित एक पीआर एजेंसी को 130 करोड़ रुपये का अनुबंध दिया गया था।

## रक्षा मंत्री राजनाथ की दो-टूक, ऑपरेशन सिंदूर भारत की मर्जी से रुका

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी इच्छा और शर्तों पर रोकने का फैसला किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि उस समय देश लंबे युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार था और किसी भी परिस्थिति से निपटने की क्षमता रखता था। दिल्ली में आयोजित नेशनल सिक्योरिटी समिट 2.0 को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का केंद्र बताया और कहा कि आतंकवाद की जड़ों को पूरी तरह समाप्त करना आवश्यक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की नीति अब जीरो टॉलरेंस की है। उन्होंने कहा कि अब भारत आतंकवादी हमलों पर केवल कूटनीतिक बयान देने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि निर्णायक कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने उन्हीं ठिकानों को निशाना बनाया जहां से भारत पर हमले किए गए थे। हमने यह ऑपरेशन क्षमता की कमी के कारण नहीं रोका, बल्कि इसे अपनी शर्तों पर स्वेच्छा से रोका गया था।

## 26/11 के बरी हुए आरोपी फहीम अंसारी की याचिका खारिज, ऑटो चलाने की अनुमति देने से किया इनकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फहीम अंसारी को अनुमति प्रमाणपत्र न देने का पुलिस का फैसला सही है। कोर्ट ने गोपनीय खुफिया रिपोर्ट के आधार पर माना कि उनके दोबारा ऐसी गतिविधियों में शामिल होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहाकि पुलिस ने सार्वजनिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक हित को ध्यान में रखा। इसी कारण 26/11 आतंकी हमले के मामले में बरी हुए फहीम अंसारी को अनुमति प्रमाणपत्र नहीं दिया गया। अदालत के अनुसार आजीविका के लिए ऑटो रिक्शा चलाने की अनुमति से इनकार करना सही फैसला था।

कोर्ट ने पुलिस की ओर से दी गई गोपनीय खुफिया रिपोर्ट पर गौर किया। जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस आरआर भोंसले की पीठ ने बुधवार को अपने फैसले में टिप्पणी की कि अंसारी के दोबारा ऐसे ही गतिविधियों में शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि उसे सरकारी अधिकारियों की राय से अलग होने का कोई कारण नहीं दिखता और इसमें कोई गलती भी नहीं पाई गई।

कोर्ट ने यह भी कहा कि अंसारी के आपराधिक इतिहास को देखते हुए और सार्वजनिक सुरक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में यह फैसला उचित और तर्कसंगत तरीके से लिया गया है।

## अनिल अंबानी समूह से जुड़े बैंकिंग घोटाले पर सुनवाई टली, सुप्रीम कोर्ट ने 8 मई की तारीख तय की

**नई दिल्ली।** अनिल धीरूभाई अंबानी समूह से जुड़े कथित बड़े बैंकिंग घोटाले के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई को 8 मई तक के लिए टाल दिया है। यह मामला हजारों करोड़ रुपये के कथित लोन फ्रॉड से जुड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसे पूर्व नौकरशाह ई. ए. एस. सरमा ने दायर किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अनिल अंबानी समूह की कंपनियों ने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक लोन में धोखाधड़ी की है और इस मामले की अदालत की निगरानी में जांच होनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि सीबीआई और ईडी ने अदालत के पिछले आदेश के अनुसार नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। दोनों एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं और कई वित्तीय पहलुओं पर काम जारी है।याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि जांच में देरी हो रही है और कथित मुख्य आरोपी के खिलाफ अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

अनिल अंबानी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत से आग्रह किया कि उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण तथ्य अभी तक अदालत के सामने पूरी तरह प्रस्तुत नहीं किए गए हैं।

## खरगे ने नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं को किया खारिज



**बंगलूरू।** कर्नाटक में जारी बयानबाजी के बीच नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाएं तेज थीं, लेकिन एक बार फिर डीके शिवकुमार की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। दरअसल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक में सीएम बदलने की संभावनाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक में फिलहाल मुख्यमंत्री बदलने का कोई सवाल नहीं है और राज्य में नेतृत्व का मुद्दा जल्द सुलझा लिया जाएगा।

खरगे का यह बयान ऐसे समय आया है जब पार्टी और राजनीतिक हलकों में यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि जब 4 मई को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो जाएंगे तो उसके में नेतृत्व परिवर्तन और कैबिनेट फेरबदल पर फैसला हो सकता है। डीके शिवकुमार और उनके भाई और पूर्व सांसद डीके सुरेश ने हाल ही में दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से मुलाकात भी की थी। जिसके बाद राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाएं जोर पकड़ गईं थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डीके शिवकुमार सत्ता साझा करने के कथित समझौते के तहत सीएम बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि डीके शिवकुमार या सीएम सिद्धारमैया ने सार्वजनिक रूप से ये बात स्वीकार नहीं की, लेकिन नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाएं राजनीतिक हलकों में जारी रहीं। दरअसल नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा था कि अगर खरगे जैसे अनुभवी नेता मुख्यमंत्री बनते हैं तो पार्टी में सभी इसका स्वागत करेंगे। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा, आप (मीडिया), वे (परमेश्वर) और कई लोग कहते हैं कि मुझे मुख्यमंत्री बनना चाहिए।

# ड्रोन-मिसाइल के साथ पारंपरिक ताकत भी जरूरी: एयर मार्शल दीक्षित बोले- युद्ध में संतुलित रणनीति ही कारगर

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध और ईरान इस्राइल युद्ध के चलते साफ हो गया है कि ड्रोन-मिसाइलें आधुनिक लड़ाइयों में बेहद अहम हो गई हैं। हालांकि भारतीय वायुसेना के चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ आशुतोष दीक्षित का मानना है कि ड्रोन-मिसाइलों के साथ पारंपरिक ताकत भी जरूरी है। गुरुवार को एएनआई नेशनल सिक्योरिटी समिट 2.0 को संबोधित करते हुए एयर मार्शल दीक्षित ने कहा आधुनिक युद्ध में ड्रोन और मिसाइल भले सस्ते विकल्प लगें, लेकिन दीर्घकालिक रणनीति के लिहाज से पारंपरिक हथियार प्रणालियों के साथ संतुलित मिश्रण जरूरी है।

ड्रोन और मिसाइलों पर निर्भरता के सवाल पर एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि केवल लागत नहीं, बल्कि प्रभाव और लचीलापन भी अहम हैं। उन्होंने कहा, अगर आप किसी एयरफील्ड को निशाना बनाते हैं, तो उसे जल्दी ठीक किया

> **पारंपरिक**
>
> **भारतीय वायुसेना के चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ आशुतोष दीक्षित का मानना है कि ड्रोन-मिसाइलों के साथ पारंपरिक ताकत भी जरूरी है।**

जा सकता है। ऐसे में बार-बार हमले की लागत और असर का संतुलन देखना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक विमान 24 घंटे में कई शॉर्टीज कर सकता है और उससे दागे जाने वाले हथियार, मिसाइलों की तुलना में सस्ते पड़ते हैं, जिससे लंबे समय में विमान अधिक किफायती साबित होते हैं।



स्वदेशी प्रणालियों का जिक्र करते हुए उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइल महंगी है, ऐसे में अगर पिनाका जैसे मिसाइल सिस्टम को राफेल लड़ाकू विमान पर तैनात किया जाए, तो लागत-प्रभाव अनुपात बेहतर हो सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि युद्ध योजना में कमांडर के पास हर तरह के विकल्प होने चाहिए, जिनमें महंगे, सस्ते, सटीक और कम सटीक सभी प्रकार के हथियार शामिल हैं।

युद्ध के दौरान मीडिया रिपोर्टिंग और उसका लोगों के मनोविज्ञान पर पड़ने वाले असर पर बात करते हुए उन्होंने कहा, जब ऑपरेशन सिंदूर हुआ, तब मीडिया में, दो विमान गिर गए, तीन गिर गए, जैसी खबरों की बाढ़ आ गई। यह एक तरह का मनोवैज्ञानिक युद्ध होता है। जबकि हकीकत यह है कि युद्ध में विमान खोना असामान्य बात नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा पैटर्न वैश्विक स्तर पर भी देखा गया है और पश्चिम एशिया युद्ध में अमेरिका को भी विमानों का नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि अमेरिका के विमान गिरने पर भारत जैसी प्रतिक्रिया नहीं दिखी।

सम्मेलन में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री

## वन मंत्रालय और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के बीच जैव विविधता संरक्षण पर समझौता, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना उद्देश्य



**नई दिल्ली।** नेपाल के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड ने जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास को मजबूत करने के लिए एक समझौता किया है। यह समझौता हिमालयी राष्ट्र में संयुक्त प्रयासों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक प्रतिबद्धताओं के साथ संरेखित करेगा। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल ने यह जानकारी दी।

समझौते का उद्देश्य देश की जैव विविधता, वन, जलवायु परिवर्तन, आर्द्रभूमि, कृषि और सतत विकास से संबंधित नीतियों और रणनीतियों को मजबूत करना है। इसमें सतत विकास लक्ष्यों और राष्ट्रीय नियोजन ढांचों को भी शामिल किया गया है। ये नीतियां नेपाल के सतत विकास के लिए जैविक संसाधनों के संरक्षण पर जोर देती हैं। समझौता भू-दृश्य स्तर की रणनीतियों और प्रजाति संरक्षण कार्य योजनाओं के महत्व को भी स्वीकार करता है।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल के प्रतिनिधि घनश्याम गुरुंग ने कहा, इस सहयोग के माध्यम से, हमारा लक्ष्य संरक्षण भू-दृश्यों में विज्ञान-आधारित और समुदाय-संचालित समाधानों को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि यह नेपाल की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं में योगदान देगा। समझौते के तहत, वन मंत्रालय और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल संयुक्त रूप से संरक्षण भू-दृश्यों और संरक्षित क्षेत्रों में कार्यक्रम और परियोजनाएं डिजाइन और लागू करेंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल अगले दस वर्षों में चार करोड़ अमेरिकी डॉलर तक का वितरण करेगा, जो धन की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

मंत्रालय के मार्गदर्शन में, संबंधित सरकारी विभाग डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल के साथ मिलकर काम करेंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ नेपाल प्रांतीय वन मंत्रालयों और उनकी संस्थाओं, जैसे मंडल वन कार्यालयों (डीएफओ) और संरक्षित क्षेत्र कार्यालयों (पीएओ) के साथ भी समन्वय करेगा। अन्य सरकारी एजेंसियां भी इस सहयोग का हिस्सा होंगी। यह साझेदारी नेपाल की समृद्ध जैव विविधता की रक्षा के लिए एक साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## फिलिस्तीन का समर्थन करने पर लगा लाखों का जुर्माना

**सिंगापुर।** सिंगापुर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर भारतीय मूल की एक महिला समेत तीन एक्टिविस्ट को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक पर 2,341 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। हाई कोर्ट ने निचली अदालत के बरी करने के फैसले को पलटते हुए कहा कि महिलाओं को यह समझ होना चाहिए था कि वे प्रतिबंधित क्षेत्र में जुलूस निकाल रही हैं।

सिंगापुर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने के मामले में भारतीय मूल की एक महिला समेत तीन महिला एक्टिविस्ट को दोषी ठहराया गया है। अदालत ने प्रत्येक पर 2,341 अमेरिकी डॉलर (करीब 2.2 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। यह फैसला उस समय आया जब हाई कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा दी गई बरी करने की राहत को पलट दिया।

# राजनाथ सिंह और गुइडो क्रोसेटो की मुलाकात- पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा, रक्षा औद्योगिक सहयोग पर बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** भारत और इटली के बीच सामरिक रिश्ते अब एक नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपने इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर भी अपने विचार साझा किए।

बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, %दिल्ली में आज अपने इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के साथ व्यापक बातचीत करके बहुत खुशी हुई। हमने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की। हमने आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम और इटली की रक्षा सहयोग पहल के

> **मजबूत**
>
> **बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई।**

तहत पारस्परिक रूप से लाभकारी रक्षा औद्योगिक सहयोग को और विकसित करने के तरीकों पर भी चर्चा की। दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच एक द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना 2026-27 का भी आदान-प्रदान किया गया।%

इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो की यह पहली भारत यात्रा है। इससे पहले इतालवी रक्षा मंत्री ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्हें रायसीना हिल्स पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। भारत और इटली के बीच रक्षा संबंध पिछले कुछ वर्षों



में तेजी से बढ़े हैं। जनवरी 2026 में भारत-यूरोपीय संघ रक्षा और सामरिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते ने दोनों पक्षों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को और गति दी है। यह साझेदारी समुद्री सुरक्षा, साइबर खतरों, अंतरिक्ष और आतंकवाद विरोधी अभियानों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करती है।

भारत और इटली के बीच रक्षा संबंधों का दायरा अब काफी बड़ा हो चुका है। इसमें केवल हथियारों की खरीद-बिक्री ही नहीं, बल्कि सूचनाओं का आदान-प्रदान और प्रशिक्षण भी शामिल है। दोनों देशों की नौसेनाएं नियमित रूप से युद्धाभ्यास और पोर्ट कॉल कर रही हैं।

### खाड़ी में विदेशी हुक्म नहीं चलेगा

# पेजेशकियान की ट्रंप को दू टूक, होर्मुज में नाकाबंदी पर भी दी चेतावनी

**तेहरान।** फारस की खाड़ी और होर्मुज को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच तनातनी एक बार फिर बहुत ज्यादा बढ़ गई है। फारस की खाड़ी राष्ट्रीय दिवस के मौके पर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका और इस्राइल को बहुत ही कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया है कि ईरान किसी भी विदेशी दबाव, समुद्री नाकाबंदी या धमकियों के आगे झुकने वाला देश नहीं है और वह डटकर इसका सामना करेगा। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने अपने बयान में कहा है कि फारस की खाड़ी कोई ऐसा अखाड़ा नहीं है जहां विदेशी ताकतें आकर अपनी मर्जी थोप सकें। उन्होंने मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ समुद्री पाबंदियां लगाना अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि अगर फारस की खाड़ी में कोई भी अशांति या खतरा पैदा होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ अमेरिका

> **अखाड़ा**
>
> **राष्ट्रपति पेजेशकियन ने अपने बयान में कहा है कि फारस की खाड़ी कोई ऐसा अखाड़ा नहीं है जहां विदेशी ताकतें आकर अपनी मर्जी थोप सकें।**

और जायोनी शासन (इस्राइल) की होगी।

**ईरान ने अमेरिका को क्या कड़ी चेतावनी दी?**

मसूद पेजेशकियन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि फारस की खाड़ी विदेशी मर्जी थोपने की कोई जगह नहीं है।

होर्मुज ईरान की राष्ट्रीय संप्रभुता (आजादी) और क्षेत्रीय सुरक्षा का सबसे बड़ा प्रतीक है।

ईरान फारस की खाड़ी और



होर्मुज की सुरक्षा का असली रक्षक है।

ईरान पर समुद्री नाकाबंदी लगाने या पाबंदी लगाने की कोई भी कोशिश पूरी तरह से फेल हो जाएगी।

उन्होंने 26 अप्रैल को ही साफ कर दिया था कि दबाव, धमकी और घेराबंदी के माहौल में ईरान कभी कोई बातचीत नहीं करेगा।

**क्या ट्रंप का प्लान फेल हो गया?**

ईरान की सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन की रणनीति अब बदल चुकी है।

ट्रंप का प्रशासन अब दुनिया की ऊर्जा को संभालने के बजाय हर जगह व्यवधान (गड़बड़ी) पैदा करने पर उतर आया है।

आईआरजीसी ने दावा किया कि अमेरिका ने यह व्यवधान परियोजना खास तौर पर चीन, रूस और यूरोप को रोकने के लिए शुरू की थी।

लेकिन, 20 दिनों के भीतर ही व्हाइट हाउस को यह समझ आ गया है कि उनका यह प्रोजेक्ट बुरी तरह फेल हो गया है।

अमेरिका की इस चाल के बाद, अब ईरान व्यवधान के खिलाफ बने गठबंधन का मुख्य केंद्र बन गया है।

ईरानी राष्ट्रपति ने कहा है कि दुनिया में ऊर्जा ले जाने वाले जरूरी रास्तों की सुरक्षा करने में ईरान की नौसेना बहुत अहम भूमिका निभाती है। दुश्मन अब अपनी रणनीति बदलकर ईरान पर आर्थिक और समुद्री व्यापार को लेकर दबाव डाल रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के बिल्कुल खिलाफ है। अमेरिका की ये समुद्री पाबंदियां संघर्ष विराम की समझ का सीधा उल्लंघन हैं और संयुक्त राष्ट्र के नियमों को भी तोड़ती हैं। ऐसी धमकियों और पाबंदियों की वजह से कूटनीतिक प्रक्रिया को लेकर अमेरिका की नीयत पर बहुत बड़ा शक पैदा हो गया है। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपनी सुरक्षा और व्यापार के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

# ईरान ने यूएस को दी खतरनाक हथियार की धमकी, दोनों देशों में टकराव हुआ तेज

**नई दिल्ली।** ईरानी नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल शहराम ईरानी ने सरकारी मीडिया से बातचीत में कहा कि इस्लामिक गणराज्य बहुत जल्द ऐसा हथियार इस्तेमाल करेगा जिससे दुश्मन बुरी तरह घबरा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह हथियार दुश्मन के बेहद करीब मौजूद है और तंज कसते हुए बोले, उम्मीद है कि उन्हें दिल का दौरा न पड़ जाए। ईरानी कमांडर ने अमेरिकी रणनीति पर भी तीखा हमला बोला और कहा कि आर्थिक दबाव और तेल व्यापार को रोककर तेहरान को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश पूरी तरह नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि दुश्मन यह मान बैठे थे कि वे कम समय में अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे, लेकिन अब यही सोच सैन्य अकादमियों में मजाक बन चुकी है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के



बदले अमेरिकी नाकेबंदी हटाने की बात कही गई थी। इस प्रस्ताव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को भी टालने का सुझाव शामिल था, जिसे अमेरिका ने सिरे से खारिज कर दिया। ईरानी कमांडर ने दावा किया कि ईरानी बलों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन (सीवीएन-72) के खिलाफ कम से कम सात मिसाइल ऑपरेशन अंजाम दिए, जिसके कारण कुछ समय के लिए अमेरिका उस पोत से विमान उड़ाने या हवाई अभियान चलाने में असमर्थ रहा। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ईरान ने यह भी कहा कि अमेरिका और इस्राइल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद उसने अब तक 100 से अधिक जवाबी हमले किए हैं, जो पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर केंद्रित थे। जवाबी कार्रवाई के तहत ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का कदम उठाया, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से बेहद अहम समुद्री मार्ग है और सामान्य समय में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन इसी रास्ते से होता है। ईरान ने दावा किया कि उसने इस जलमार्ग को अरब सागर की ओर से बंद कर दिया है और अब दुश्मन देशों और उनके सहयोगियों के जहाजों को गुजरने के लिए ईरानी अधिकारियों से अनुमति लेनी पड़ रही है।

अवधनामा



# गुजरात ने विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत बनाए रखा : कुलपति प्रो. वंदना सिंह

- पूर्वांचल विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया गुजरात स्थापना दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राज्यपाल सचिवालय के दिशा-निर्देशों के क्रम में गुजरात स्थापना दिवस के पूर्व दिवस पर विविध कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. वंदना सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा से हुआ। इसके साथ ही गोद लिए गए टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण, विद्यालयों एवं गोद लिए गए गांवों में स्वच्छता अभियान, गुजरात के परंपरागत खेल जैसी सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात ने विकास के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सहेज कर रखा है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परंपराओं को समझना राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई।

कुलसचिव केशलाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गुजरात दिवस भारत की सांस्कृतिक विविधता, विकास और एकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की सांस्कृतिक विरासत को समझने और उससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। गोद लिए गए गांव जासोपुर के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय में डॉ. अनुराग मिश्र के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं आदमपुर स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय स्कूल में डॉ. अन्नू त्यागी एवं डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

विश्वविद्यालय परिसर में गुजरात के पारंपरिक खेल खो-खो, सतोलिया का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में डॉ. सुशील कुमार, प्रभारी तथा डॉ. रजनीश सिंह, सह प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक प्रो. मनोज मिश्रा नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सह-नोडल अधिकारी डॉ. अन्नू त्यागी एवं डॉ. शशिकांत यादव की महत्वपूर्ण निभाई। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. विनोद कुमार, प्रोफेसर गिरधर मिश्र, प्रोफेसर मिथिलेश सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ श्याम कन्हैया, डा. वनिता सिंह, प्रियंका सिंह, डॉ. पुनीत धवन, कर्मचारी सँघ के महामंत्री राधेश्याम सिंह मुन्ना, सुशील प्रजापति, डॉ. इन्द्रेश कुमार समेत कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं

**जौनपुर।** सिंगरामऊ क्षेत्र के रजनीपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथावाचक आचार्य गिरिश चन्द्र मिश्र ने भगवान की बाल लीलाओं के प्रसंगों का वर्णन किया। इससे पहले कथा की शुरुआत कथावाचक आचार्य ने श्रद्धालुओं के साथ भागवत पूजन के साथ की।कथावाचक गिरिश चन्द्र मिश्र ने कहा कि हर मनुष्य को श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। जब अत्याचारी कंस के पापों का बोझ बढ़ गया, तब भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। आचार्य ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन प्रस्तुत किया, इस पर श्रद्धालुओं ने खूब नृत्य किया। कथावाचक आचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और वह गोकुल धाम पहुंचे।

# जमैथा पुलिस चौकी का लोकार्पण



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के जमैथा गांव में परमहंस आश्रम के पास नवनिर्मित पुलिस चौकी का गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह की मौजूदगी में प्रशिक्षु आईपीएस व प्रभारी थानाध्यक्ष श्रृष्टि जैन व सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने फीता काटकर लोकार्पण किया। उसके पश्चात एसएसपी कुँवर अनुपम सिंह व ज्ञानप्रकाश सिंह व अन्य अधिकारियों ने शिलापट्ट का अनावरण किया। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद एसएसपी कुँवर अनुपम सिंह ने कहा कि गोमती नदी के किनारे यह स्थान ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के दृष्टि से काफी अहम है।यहां पर आम जनता को किसी प्रकार की सुविधा व सुरक्षा में दिक्कत नही होने पाए।इस लिये यह चौकी काफी अहम है। समाजसेवी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानप्रकाश सिंह को एसएसपी श्री सिंह व एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, परमहंस आश्रम के महंत राजदास जी महाराज ने चौकी के के लिए दिए गए अहम सहयोग के लिए अंगवस्त्र व बुके तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व ट्रेनी आईपीएस श्रृष्टि जैन ने विधिवत पूजन अर्चन कर किया। लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात एसएसपी श्री सिंह सहित सभी ने पौराणिक सिद्धपीठ परमहंस आश्रम पर जाकर पूजन अर्चन किया। सभी को महंत राजनदास महाराज ने सभी को पट्टिका देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल, एसआई मुख्तार राम,प्रवीण राय, पंकज पूरी, सुधीर दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी

**आजमगढ़।** जनपद में धोखाधड़ी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतरौलिया पुलिस द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों। पये की ठगी करने वाले एक अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लिया गया है। प्रकरण के अनुसार दिनांक 18.01.2026 को वादी अनिल निषाद निवासी रतुआपार टोला देउरवा थाना अतरौलिया द्वारा प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि विपक्षीगण द्वारा रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर विभिन्न व्यक्तियों से कुल लाखों। पये (लगभग 22 लाख) की ठगी की गई तथा फर्जी ज्वाइनिंग लेटर एवं चेक दिए गए। चेक बैंक में प्रस्तुत करने पर फर्जी पाए गए। इस संबंध में थाना अतरौलिया पर मु0अ0सं0 0020/26 धारा 318(4), 338, 336 (3), 340(2), 351(3), 3(5), 111 (4) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित है। उ0नि0 देवीशंकर पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कनैला तिराहे से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त कमलेश निषाद पुत्र दयाराम निषाद निवासी रतुआपार टोला देउरवा थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ (उम्र लगभग 42 वर्ष) को मोटरसाइकिल सहित पकड़कर पुलिस हिरासत में लिया गया।

# अभियान चलाकर 03-05 वर्ष पुराने वाद अगले दो माह में किए जाएं निस्तारित: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व कार्य एवं राजस्व वादों की समीक्षा के दौरान कहा कि राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार नियमित रूप से अपने कोर्ट में बैठ वादों की सुनवाई करें, 03-05 वर्ष पुराने वादों पर जल्दी-जल्दी तिथियां लगाकर निस्तारित किया जाए, तिथि पेशकार द्वारा न दी जाए बल्कि उप जिलाधिकारी, तहसीलदार स्वयं ही अगली तिथि अंकित करें, अभियान चलाकर 05 वर्ष, 03 वर्ष के लंबित वाद अगले 02 माह में निस्तारित करें, धारा-24, धारा-67, धारा-116 के प्रकरण ''मिशन समाधान'' के तहत निस्तारित कराये जाएं। उन्होने कहा कि तहसीलों में कार्य प्रणाली में सुधार दिखे, आने वाले फरियादियों के बैठने के लिए कुर्सियां एवं पीने हेतु ठंडा पानी उपलब्ध रहे, फरियादियों की बात अधिकारी गंभीरता से सुन उसका समाधान करें, किसी भी कार्यालय में प्राइवेट कर्मी कार्य न करें, किसी भी व्यक्ति का किसी सरकारी कर्मी के द्वारा शोषण न किया जाए, सभी कार्यालयों में आउटसोर्स, सरकारी कर्मचारियों के पास पहचान पत्र उपलब्ध रहें, पटल पर पटल सहायक का नाम, पदनाम लिखा जाए यदि किसी कार्यालय में प्राइवेट कर्मी कार्य करते पाया गया तो संबंधित कार्यालय के कार्यालयाध्यक्ष की जिम्मेदारी तयकर प्रभावी कार्यवाही होगी। श्री त्रिपाठी ने फॉर्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करने पर पाया कि अब तक तहसील मैनपुरी में मात्र 55 प्रतिशत, तहसील घिरोर में 58 प्रतिशत, तहसील करहल में 63 प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री हुई है। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि प्रत्येक तहसील में माइक्रो प्लान बनाकर प्रत्येक कार्यदिवस में प्रत्येक तहसील के कम से कम 06 राजस्व ग्रामों में कैंप आयोजित कराकर फॉर्मर रजिस्ट्री करायी जाये, इस कार्य में सचिव, ग्राम प्रधान, कोटेदार, कॉमन सर्विस सेंटर, लेखपालों का सहयोग लिया जाए, कैंप प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपराह्न 04 बजे से 06 बजे तक आयोजित किए जाएं, तहसील स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से प्रत्येक 02-02 घंटे में फार्मर रजिस्ट्री की सूचना प्राप्त की जाए और शाम को सूचना एकत्र कर अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जानकारी करें यदि कहीं भी कृषि, आवास भूमि आवंटन की पत्रावलियां तैयार की गई हो तो उन्हें निरस्त करायें।

## फर्जी क्लोन चेक बनाकर ठगी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जनपद में अपराध नियंत्रण एवं ठगी/धोखाधड़ी के मामलों में प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना मुबारकपुर पुलिस द्वारा फर्जी क्लोन चेक के माध्यम से ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया है। 25.04.2026 को वादी संजय कुमार पुत्र झिन्नूराम निवासी अबाड़ी थाना मुबारकपुर द्वारा सूचना दी गई कि उसकी माता सामू देवी से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आवास योजना के नाम पर 2,00,000 दिलाने का झांसा देकर कमीशन के रूप में धन की मांग की गई। धन न होने पर अभियुक्तों द्वारा उनकी माता के कान की बाली गिरवी रखवा ली गई तथा बैंक ऑफ बड़ौदा का 2,00,000 का फर्जी चेक दिया गया। इस संबंध में थाना मुबारकपुर पर मु0अ0सं0 157/26 धारा 318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसमें विवेचना के दौरान धारा 338, 336(3), 340(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई।

# फार्मर आईडी हुई अनिवार्य

- 15 मई तक बढ़ाया गया अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक बुधवार सायं वीसी के माध्यम से एनआईसी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 15 मई तक विशेष अभियान चलाकर शीर्ष प्राथमिकता पर शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जाए। इस काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस कार्य में लगे हुए सभी कृषि, राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई भी अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य से अनुपस्थित पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया की सभी उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी प्रतिदिन पांच गांव गांवों का भ्रमण करके फार्मर रजिस्ट्री के कार्यो की मौके पर समीक्षा करते हुए अधिकतम पूर्ति सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों तथा विकास खंड का दैनिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को इस कार्य में लगाए जाने हेतु निर्देशित किया और कहा कि प्रत्येक दशा में शासन की मंशा के अनुरूप 15 मई तक प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी बन जानी चाहिए। जिले में अब तक 76 प्रतिशत से अधिक किसानों के किसान पहचान पत्र (फार्मर रजिस्ट्री) बन चुकी है। इनकी कुल संख्या 672340 से अधिक है।अभी भी दो लाख सात हजार किसानों की फार्मर आईडी बनाई जानी बाकी है। सभी जन सुविधा केंद्रों, ग्राम पंचायतो में कैंप के माध्यम से तथा किसान द्वारा स्वयं भी अपना किसान पहचान पत्र ऑनलाइन बनवा सकते है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त किसानों से अपील की है कि खरीफ का मौसम जल्दी ही प्रारंभ होने वाला है और सरकार द्वारा खाद खरीदने के लिए किसान पहचान पत्र का होना अनिवार्य कर दिया गया है इसलिए सबसे जरूरी काम किसान भाइयों के लिए इस समय किसान पहचान पत्र बनवाना है। कर्मचारी गांव गांव जाकर किसानों के घर-घर संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवाने का कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन के इस अभियान में किसानों को स्वयं आगे आकर अपना सहयोग देना चाहिए। किसान अपने मोबाइल, आधार कार्ड और खतौनी लेकर जन सुविधा केंद्र अथवा गांव के कैंप में फार्मर रजिस्ट्री बनवाकर सभी सुविधाओं का लाभ उठाएं । फार्मर रजिस्ट्री के बगैर खाद के अलावा बीज,कृषि रक्षा रसायन, कृषि यंत्र तथा विभिन्न विभागों की लाभार्थी परक योजनाओं से किसान वंचित हो जाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अंबष्ट, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 परमानंद झा, उप निदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी,समस्त खण्ड विकास अधिकारी,उप परियोजना निदेशक आत्मा एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# घने बादल और रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना

**अवधनामा संवाददाता**

- अगले चार दिनों तक गर्मी से मिलेगी राहत
- तीन और पांच मई को फिर से बादल और बारिश की संभावना

**प्रयागराज।** पिछले 15 दिनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे संगम नगरी के लोगों को इन दिनों राहत है। आज गुरुवार की दोपहर रिमझिम बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया और गर्मी छूमंतर हो गई। अगले चार से पांच दिनों तक गर्मी परेशान नहीं करेगी। इस दौरान आसमान में बादलों की मौजूदगी बनी रहेगी, जिससे दिन का तापमान अधिक नहीं चढ़ सकेगा।

15 अप्रैल के बाद से शहर में तापमान लगातार 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ था, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। 29 अप्रैल को आई आंधी और बारिश ने मौसम का रुख बदल दिया। इसके प्रभाव से तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

**बढ़ती गर्मी पर ब्रेक लगा-** गुरुवार को न्यूनतम तापमान में भी करीब सात डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर में घने हुए बादलों ने रिमझिम बारिश भी की। इससे मौसम सुहावना बन गया। वहीं रात के समय बढ़ती गर्मी पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। आज गुरूवार को न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। वहीं पिछले 24 घंटों में 12 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जिससे वातावरण में नमी बढ़ गई है। सुबह के समय आर्द्रता 77 प्रतिशत और शाम को 59 प्रतिशत रिकार्ड की गई।

मौसम विभाग के अनुसार 30 अप्रैल को अधिकतम तापमान 37 डिग्री के आसपास रहा। एक और दो मई को आसमान मुख्यतः साफ रहेगा, लेकिन तापमान नियंत्रित रहेगा। वहीं तीन और पांच मई को फिर से बादल और बारिश की संभावना जताई गई है। तापमान में कमी से राहत जरूर मिलेगी, लेकिन नमी बढ़ने के कारण उमस लोगों को परेशान कर सकती है।

# कुलभाष्कर आश्रम पीजी कॉलेज में प्रवेशोत्सव का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** अध्यक्ष प्रबंध समिति, चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में कुलभाष्कर आश्रम आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कुलभाष्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय से 15 किमी. की परिधि में आने वाले सभी इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश संबंधी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने एवं प्रवेश हेतु प्रेरित करने तथा नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं मुंशी काली प्रसाद कुलभाष्कर के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीतांजलि मौर्य द्वारा किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सूर्य नारायण द्वारा ''प्रवेश उत्सव'' कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन किया गया। आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य एवं उसकी रूप-रेखा के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के इतिहास तथा वर्तमान में विभिन्न कोर्सेज़ के संचालन एवं सुविधाओं की जानकारी प्रो. शीतला प्रसाद वर्मा द्वारा संक्षेप में दी गई। इं. आर.पी. सिंह द्वारा महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों बीएससी कंप्यूटर साइंस, बायोटेक, बी.बी.ए, बी.सी.ए एवं बी.कॉम. के बारे में, प्रो. प्रमोद यादव द्वारा पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, इंटरनेट सुविधाओं तथा अन्य संसाधनों के बारे में, प्रो. पवन कुमार पचौरी द्वारा खेल एवं हॉस्टल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में, डॉ. आदेश कुमार वर्मा द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में, डॉ. मनोज कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना तथा डॉ. मनीष कुमार द्वारा रोवर्स-रेंजर्स के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष (कृषि प्रसार) प्रो. रवि प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा की गई। अतिथि के रूप में श्री पी.पी. सिंह, प्रधानाचार्य, कुलभास्कर कृषि इंटर कॉलेज ने महाविद्यालय की गुणवत्ता के बारे में चर्चा की।

प्रो. शीतला प्रसाद वर्मा एवं डॉ. श्रद्धा तिवारी द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन एवं प्रो. चंद्रशेखर चौबे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## दो फर्जी पासपोर्ट बनवाने वाला वांछित गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दीदारगंज पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अनुसार पासपोर्ट सत्यापन जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि पासपोर्ट धारक द्वारा अलग-अलग जन्मतिथि दर्शाते हुए दो पासपोर्ट बनवाए गए। प्रथम पासपोर्ट संख्या च4465814 में जन्मतिथि 20.12.1988 अंकित थी, जबकि दूसरे पासपोर्ट संख्या क्ग्1528724 में जन्मतिथि 11.12.1997 अंकित कर कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर जारी कराया गया था। इस संबंध में थाना दीदारगंज पर मु0अ0सं0 75/2026 धारा 319(2), 318 (4), 338, 336(3), 340 (2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उ0नि0 रमेश चन्द्र यादव मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर हुब्बीगंज चौराहा से वांछित अभियुक्त विनय कुमार पुत्र राम सुमेर निवासी ग्राम बीबीगंज थाना दीदारगंज को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से दो अदद पासपोर्ट बरामद किए गए।

# कबाड़ की गोदाम में लगी आग

- लोग जान बचाने को भागे, लाखों का कबाड़ राख



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में मुर्गा दरबार के पास एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और आग की लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं। हालांकि, इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपये का कबाड़ जलकर राख हो गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागते नजर आए।

आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने बालू और पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग की भीषणता के कारण उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। आग तेजी से फैलती गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करेली के मुर्गा दरबार इलाके में छोटू की कबाड़ की टाल है। यहीं पर खाली जगह पर कबाड़ बीनने वालों ने आधा दर्जन से अधिक झोपड़ियां भी बना रखी हैं, जिसमें वे रहते हैं। गुरुवार सुबह कबाड़ में आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग ने विकराल रूप ले लिया। झोपड़ियां भी चपेट में आ गई। लपटें उठतीं देख राहगीरों के साथ ही आसपास रहने वाले लोग घबरा गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को जानकारी मिली तो टीम को मौके पर भेजा गया। दो फायर टेंडर की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया गया। आग किन कारणों से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका है कि किसी ने जलती हुई सिगरेट या बीड़ी फेंक दी, जिससे घटना हुई।

# आईसीएसई परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान पर लक्षिता कुशवाहा

- गर्ल्स हाई स्कूल प्रयागराज ने फिर रचा इतिहास

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** गर्ल्स हाई स्कूल, प्रयागराज ने आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड परीक्षा 2026 में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए पूरे शहर में अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का परचम लहराया।

आईसीएसई की छात्रा लक्षिता कुशवाहा ने 99.2% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया, जिससे विद्यालय और प्रयागराज का गौरव और बढ़ गया है।

आईसीएसई में सारा खान ने 98.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आराध्या राठौर ने 98.0% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आईएससी वर्ग में आर्या सिंह और शारन्या श्रीवास्तव ने 98% अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त माही जायसवाल, छवि अमित सचदेवा और सरगुन कौर चावला ने 97.5% अंक प्राप्त किए, जबकि मैत्री सिंह ने 97.25% अंक प्राप्त कर विद्यालय की सफलता को और गौरवान्वित किया।

विद्यालय ने दोनों बोर्ड परीक्षाओं में 100% परिणाम दर्ज कर एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और समर्पित प्रयास सफलता की सच्ची कुंजी हैं।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनिता एसुबियस की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, शिक्षकों के अथक परिश्रम और विद्यार्थियों की लगन ने इस सफलता को संभव बनाया। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के समर्पण का परिणाम है।

अब सभी की निगाहें राज्य एवं ऑल इंडिया मेरिट सूची पर टिकी हैं, जहां गर्ल्स हाई स्कूल के विद्यार्थियों से और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करने की उम्मीद है। विद्यालय की इस सफलता ने एक बार फिर प्रयागराज में उसका गौरवपूर्ण स्थान और मजबूत कर दिया है।

## रेड और ग्रीन हाउस को मिली जीत

**प्रयागराज।** रेड हाउस और ग्रीन हाउस में अपने-अपने मुकाबले जीतकर एसजेसी इंटर हाउस सब जूनियर वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

कालेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में रेड हाउस ने 8 ओवर में एक विकेट पर 80 रन (यश मदन 36 नाबाद, रेहान सिंह 29) बनाए। जवाब में ब्लू हाउस आठ ओवर में चार विकेट पर 54 रन (अद्विक सिंह 12, वेदांत मल्होत्रा 10 नाबाद, अथर्व त्रिपाठी 2/15, सार्थक वाधवानी 1/11) ही बना सकी।

दूसरे मैच में गोल्ड हाउस ने 8 ओवर में तीन विकेट पर 69 रन (अयान धीरेंद्र 29, कार्तिकेय यादव 17 नाबाद, पार्थ व मोहम्मद हमदान एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में ग्रीन हाउस ने 8 ओवर में 5 विकेट पर 70 रन (मोहम्मद हमदान 22, वीर वर्धन सिंह 14, अल्तमश कबीर 2/11, अविराज दुबे 1/12) बना लिए।

# शिक्षा को बढ़ावा देने लिए विस्तृत व सार्थक बैठक आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** दिव्यांगजन के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों को सुदृढ़ करने, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने तथा डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की गतिविधियों की व्यापक दृश्यता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास भवन, आजमगढ़ में एक विस्तृत एवं सार्थक बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रो. संजय सिंह (कुलपति), डॉ. अमित कुमार राय (उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं परीक्षा नियंत्रक), डॉ. विजय शंकर शर्मा, डॉ. दुष्यंत त्यागी, श्रीमती मीनू सिंह (उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) एवं श्री शान्त प्रकाश श्रीवास्तव (जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी) सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग एवं सामान्य दोनों वर्गों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाना तथा विश्वविद्यालय में उनके नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि करना था। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय प्रशासन से विशेष आग्रह किया कि वे विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों—विशेषकर दिव्यांगजनों—को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करें। अधिकारियों ने यह भी सुझाव दिया कि काउंसलिंग सत्र, कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम, तथा प्रवेश संबंधी सहायता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। बैठक में शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, समाज कल्याण विभाग,अल्पसंख्यक विभाग से जुड़े अधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक संस्थानों, आईटीआई, तथा डी.एड. स्पेशल एजुकेशन एवं बी.एड. स्पेशल एजुकेशन संस्थानों के प्राचार्यगण एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने समावेशी शिक्षा के लिए संस्थागत समन्वय को और मजबूत करने, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय समावेशी शिक्षा को व्यवहारिक रूप से सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में दिव्यांग अनुकूल संरचना (रैम्प, लिफ्ट, ब्रेल संकेत, सुलभ शौचालय आदि), विशेष शिक्षण संसाधन, सहायक उपकरण तथा प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल नामांकन बढ़ाना नहीं, बल्कि दिव्यांग विद्यार्थियों के समग्र शैक्षिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक विकास को सुनिश्चित करना है। बैठक के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि के नेतृत्व में राज्य सरकार दिव्यांगजनों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास एवं पुनर्वास पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका लाभ विश्वविद्यालय स्तर तक पहुंचाया जा रहा है।

# लाल निशान पर बंद हुआ बाजार; सेंसेक्स 583 अंक टूटा, 24000 के नीचे निफ्टी



**नई दिल्ली।** वैश्विक दबाव और पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला। कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा उछाल के कारण घरेलू बाजार में भारी बिकवाली हुई, जिससे बीएसई सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 पर बंद हुआ। निफ्टी 180.10 अंक गिरकर 23,997.55 पर आ गया। गुरुवार को सेंसेक्स 914.12 अंकों की भारी गिरावट के साथ 76,582.24 पर खुला और दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः 582.86 अंक (0.75 प्रतिशत) टूटकर 76,913.50 पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 278.45 अंक गिरकर 23,899.20 पर खुला था। कारोबार के अंत में यह 180.10 अंक (0.74 प्रतिशत) का गोता लगाकर 23,997.55 पर आ गया।

बाजार में इस भारी बिकवाली का मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आया जबरदस्त उछाल है। शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 121 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था, जो पिछले चार वर्षों का उच्चतम स्तर है। हालांकि, बाद में यह 1.22 प्रतिशत गिरकर 116.59 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 108 डॉलर के करीब पहुंच गया।

यह ऊर्जा संकट अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का परिणाम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि जब तक ईरान के साथ नया परमाणु और सुरक्षा समझौता नहीं हो जाता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य की नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिका द्वारा जलडमरूमध्य खोलने के ईरान के प्रस्ताव को खारिज करने से तेल आपूर्ति लंबे समय तक बाधित होने की आशंकाएं और गहरी हो गई हैं।

बैंकिंग और बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा के अनुसार, भारत एक प्रमुख तेल आयातक देश है, इसलिए कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर घरेलू अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कमजोर होकर 95 रुपये के करीब पहुंच गया है और बॉन्ड यील्ड में भी तेजी दर्ज की जा रही है।

## काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स ने झांसी में नए काइनेटिक ईवी डीलरशिप के साथ अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया



**झांसी।** काइनेटिक इंडिया की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई, काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड ने आज झांसी में अपने नए डीलरशिप के शुभारंभ की घोषणा की। यह विस्तार उत्तर प्रदेश में कंपनी की रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से कंपनी भारत के उभरते बाजारों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी रणनीति को आगे बढ़ा रही है।नई डीलरशिप, काइनेटिक ईवी सेंट्रल मोटर्स, 108, एमरल्ड टॉवर, अवंती बाई तिराहा के पास, शिवपुरी रोड, झांसी में स्थित है। यह एक पूर्ण रूप से एकीकृत सुविधा है, जहाँ सेल्स, सर्विस और स्पेयर्स की सेवाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे ग्राहकों को एक सहज और व्यापक ओनरशिप अनुभव मिल सके। झांसी में यह डीलरशिप काइनेटिक के टियर 2 और टियर 3 शहरों में विस्तार की रणनीति को दर्शाती है, जहाँ बढ़ती जागरूकता और ईंधन लागत में वृद्धि के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाया जा रहा है। इस अवसर पर काइनेटिक ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री अजिंक्य फिरोदिया ने कहा झांसी में हमारा विस्तार भारत भर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुलभ बनाने के हमारे प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। झांसी जैसे बाजार ईवी अपनाने के लिए एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करते हैं, जहाँ ग्राहक भरोसेमंद और किफायती मोबिलिटी समाधान तलाश रहे हैं।

## ओबेन इलेक्ट्रिक ने लॉन्च की रोर ईवीओ मात्र 99,999 रुपये में



**नई दिल्ली।** भारत की घरेलू अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) आधारित इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल निर्माता, ओबेन इलेक्ट्रिक, ने आज बिल्कुल नई रोर ईवीओ को पहले 10,000 ग्राहकों के लिए 99,999 रुपये (एक्स-शोरूम) की विशेष शुरुआती कीमत पर लॉन्च करने की घोषणा की। इस श्रेणी में एक स्पष्ट बदलाव लाने वाली, रोर ईवीओ में डिज़ाइन, प्रदर्शन और कार्यक्षमता को एक सुगठित पैकेज में रखा गया है, जो इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल से सवारों की अपेक्षाओं को फिर से परिभाषित करती है। रोर ईवीओ इस सोच के साथ बनाई गई है कि राइडर्स को रोमांच और ज़रूरत के बीच समझौता न करना पड़े। इसे असली सड़कों की हर ज़रूरत को ध्यान में रखकर एक पूर्ण, बिना समझौते वाली मोटरसाइकिल के रूप में तैयार किया गया है। इसका आक्रामक स्ट्रीटफाइटर डिज़ाइन, दमदार परफॉर्मेंस और सोच-समझकर जोड़े गए फीचर्स इसे चलाने में मज़ेदार और रोज़ाना इस्तेमाल के लिए बेहद आसान बनाते हैं।

पहली नज़र में, रोर ईवीओ अपनी बोल्ड, मस्कुलर बनावट और प्रभावशाली स्टांस के साथ अलग दिखती है। इसके सामने के हिस्से को सिग्नेचर फ्रंट पोजीशन लैंप के साथ प्रोजेक्टर हेडलैंप द्वारा परिभाषित किया गया है, जो रोज़मर्रा की सवारी की स्थितियों के लिए एक मजबूत दृश्य पहचान और बेहतर दृश्यता दोनों प्रदान करता है। तराशे हुए बॉडी पैनल, प्रीमियम विवरण और एक संतुलित सिल्हूट इसकी सड़क पर उपस्थिति को और अधिक मजबूत करते हैं।

रोर ईवीओ 110 किमी/घंटा की टॉप स्पीड तक पहुंचती है और 180 किमी आईडीसी की प्रमाणित रेंज प्रदान करती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह कठिन दैनिक सवारी के लिए भी समान रूप से सक्षम है। यह ओबेन प्लग (फास्ट चार्जर) से मात्र 90 मिनट में 0-80% फास्ट चार्ज हो जाती है, और सुविधाजनक रोज़मर्रा की चार्जिंग के लिए ओबेन पोर्ट (इसके ऑनबोर्ड चार्जर) से लैस है।

इस अनुभव के मूल में स्मार्ट आईक्यू की शुरुआत है, जो ओबेन का नया एआई राइड मोड है। यह वास्तविक समय में राइडिंग पैटर्न का विश्लेषण करता है और रेंज को 15त्न तक बढ़ाने के लिए पावर डिलीवरी को अनुकूलित करता है। राइडर के व्यवहार के अनुसार स्वचालित रूप से ढलकर, स्मार्ट आईक्यू निरंतर मैन्युअल हस्तक्षेप की आवश्यकता को समाप्त कर देता है, जिससे प्रदर्शन और दक्षता निर्बाध रूप से एक साथ काम करते हैं।

मोटरसाइकिल को IP68-रेटेड मोटर से शक्ति मिलती है, जिसे ओबेन इलेक्ट्रिक द्वारा इन-हाउस डिज़ाइन, विकसित और निर्मित किया गया है।

## एचएफसीएल का वार्षिक एवं तिमाही निष्पादन अब तक सर्वश्रेष्ठ

**नई दिल्ली।** दूरसंचार, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा क्षेत्रों में अग्रणी टेक्नोलॉजी उपक्रम एचएफसीएल लिमिटेड (एचएफसीएल) ने मार्जिन में उल्लेखनीय विस्तार के साथ वित्त वर्ष 2024-25 के मुकाबले वित्त वर्ष 2025-26 में आय में 21 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के साथ अब तक का सर्वश्रेष्ठ वित्तीय निष्पादन किया है।

इस कपनी ने वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने, नए उत्पादों को पेश कर और कारोबारी मिक्स में उल्लेखनीय सुधार के साथ क्षमता बढ़ाने की अपनी रणनीति को सफलतापूर्वक लागू कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही निष्पादन भी दर्ज किया है।

यह निष्पादन एचएफसीएल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि एक उत्पाद नीत पोर्टफोलियो के सहयोग, निर्यात विस्तार और रक्षा क्षेत्र के एक उच्च वृद्धि वाले वर्टिकल के तौर पर उभरने से यह कंपनी एक संरचनात्मक रूप से मजबूत और वैश्विक उद्यम के रूप में उभरी है। निष्पादन पर प्रतिक्रिया देते हुए एचएफसीएल के प्रबंध निदेशक श्री महेंद्र नहाटा ने कहा, ÷वित्त वर्ष 2025-26 एचएफसीएल के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा जिसमें हमने आय में साल दर साल 21 प्रतिशत से अधिक और पीबीटी में साल दर साल 97 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन हासिल किया है। आगे चलकर, हमारा दृढ़ विश्वास है कि एचएफसीएल संरचनात्मक रूप से अधिक मजबूत और अधिक पूर्वानुमानित विकास चरण में प्रवेश कर रही है। हम ना केवल हमारे ऑर्डर बुक में जबरदस्त वृद्धि देख रहे हैं, बल्कि निर्यात की उच्च हिस्सेदारी, दीर्घकालीन अनुबंधों और उच्च मार्जिन वाले उत्पादों के साथ अपने कारोबारी संरचना में भी सुधार दर्ज कर रहे हैं।

# वनप्लस ने स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 के साथ वनप्लस पैड 4 पेश किया, ऑन द गो रहते हुए पाएं कंप्यूटर जैसी परफॉर्मेंस

**नई दिल्ली।** ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, वनप्लस ने आज वनप्लस पैड 4 पेश किया है। यह लेटेस्ट फ्लैगशिप टेबलेट असीमित प्रोडक्टिविटी, क्रिएटिविटी और मनोरंजन प्रदान करने के लिए बनाई गई है। इसमें स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 प्लेटफॉर्म के साथ 33.53 सेमी (31.2 इंच) का 3.4के डिस्प्ले, 13,380 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी और फ्लैगशिप प्रोडक्टिविटी टूल्स दिए गए हैं, जिनकी मदद से स्लीक और पोर्टेबल वनप्लस पैड 4 बिल्कुल कंप्यूटर जैसी परफॉर्मेंस प्रदान करता है।

वनप्लस पैड 4 को प्रोफेशनल्स, क्रिएटर्स और मल्टीटास्कर्स के लिए बनाया गया है। इसमें सबसे बेहतर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अनुभव दिए गए हैं, जिनमें 11हट्र्ज़ का रिफ्रेश रेट, आठ स्पीकर का शानदार स्पैशियल ऑडियो सेटअप, 80 वॉट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग और लगातार स्मूथ परफॉर्मेंस के लिए एडवांस्ड कूलिंग शामिल है। वनप्लस पैड 4 का मूल्य 54,999 रुपये से शुरू होता है, जो कई बैंक ऑफरों के साथ मिलेगा। इसकी सेल 5 मई, 2026 से शुरू होगी।



स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 के साथ फ्लैगशिप परफॉर्मेंस

वनप्लस पैड 4 में स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 प्रोसेसर लगा है, जो 12जीबी एलपीडीडीआर5एक्स रैम और 512जीबी तक के यू.एफ.एस 4.1 स्टोरेज के साथ मुश्किल से मुश्किल टास्क के लिए भी बहुत ही तेज, रिस्पॉन्सिव परफॉर्मेंस प्रदान करता है। यह आज तक की सबसे शक्तिशाली वनप्लस टेबलेट है, जिसका एंटुटू बेंचमार्क स्कोर 4.1 मिलियन तक है और यह वनप्लस की पिछली टेबलेट के मुकाबले 42 प्रतिशत बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करती है।

वनप्लस पैड 4 में पीक आउटपुट बनाए रखने के लिए 40,760 मिमी2 के वेपर चैंबर और अपग्रेडेड ग्रेफाईट लेयर्स के साथ क्रायो-वैलोसिटी कूलिंग सिस्टम दिया गया है, जो गेमिंग, वीडियो एडिटिंग और लंबे समय तक मल्टीटास्किंग के लिए प्रभावशाली हीट डिसीपेशन करने में सक्षम है।

3.4के का आकर्षक डिस्प्ले

वनप्लस पैड 4 में 33.53 सेमी (13.2 इंच) का 3.4के अल्ट्रा-क्लियर डिस्प्ले है, जो 315 पीपीआई, डॉल्बी विज़न, 12-बिट कलर डेप्थ, प्रोफेशनल ग्रेड की कलर एक्युरेसी और 1000 निट्स तक की एच.बी.एम ब्राइटनेस के साथ बहुत ही जीवंत विज्युअल प्रदान करता है। इसके 144 हट्र्ज़ के रिफ्रेश रेट और 540 हट्र्ज़ तक के टच सैंपलिंग रेट के साथ बहुत फ्लुइड स्क्रॉलिंग और अत्यधिक रिस्पॉन्सिव इंटरैक्शन प्राप्त होते हैं, वहीं 7:5 रीडफिट अनुपात और 89.4 प्रतिशत का स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात प्रोडक्टिविटी और रीडिंग के कम्फर्ट को बढ़ाता है।

## बंधन इनोवेशन फंड ने भारत की इनोवेशन-आधारित ग्रोथ में निवेश के दो साल पूरे किए

25 YEARS Bandhan AMC

**लखनऊ।** बंधन इनोवेशन फंड ने उन बिज़नेसेज में निवेश के दो साल पूरे कर लिए हैं, जहां इनोवेशन ही लंबी अवधि की ग्रोथ और वैल्यू क्रिएशन का मुख्य आधार है। इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य उन व्यवसायों की पहचान करना और उनमें निवेश करना है, जो इनोवेशन-आधारित ग्रोथ के ज़रिए भारत के भविष्य को आकार दे रहे हैं। एक खास मकसद के साथ लॉन्च किया गया बंधन इनोवेशन फंड उन कंपनियों में निवेश करता है, जिनकी खासियत है - आरएंडडी में भारी निवेश, उच्च-कुशल कर्मचारियों की अधिकता, अलग तरह के उत्पाद या सेवाएं, नॉन-लीनियर बिज़नेस मॉडल और बाज़ार में मज़बूत ब्रांड मौजूदगी। यह फंड उन व्यवसायों में निवेश के अवसर तलाशता है, जिनकी ग्रोथ पारंपरिक आर्थिक या कमोडिटी साइकिल्स के बजाय इनोवेशन साइकिल्स से संचालित होती है।

प्रतीक पोद्दार, फंड मैनेजर, बंधन इनोवेशन फंड ने कहा कि समय के साथ, इनोवेशन उन कंपनियों के लिए एक निर्णायक कारक के रूप में उभरा है, जो लंबे समय तक टिकने वाला प्रतिस्पर्धी लाभ हासिल करना चाहती हैं। जो बिज़नेस सफलतापूर्वक इनोवेशन करते हैं, वे अल्पकालिक आर्थिक साइकिल्स से स्वतंत्र होकर अपनी ग्रोथ को कई गुना बढ़ाने, उत्पादकता और ऑपरेशनल कार्यकुशलता में सुधार करने, बाज़ार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और पूरी तरह से नए बाज़ार बनाने के लिए बेहतर स्थिति में होते हैं। वैश्विक और घरेलू बाज़ार के अनुभव बताते हैं कि कई सबसे मूल्यवान कंपनियां, व्यापक बाज़ार सूचकांकों का अहम हिस्सा बनने से काफी पहले ही, लंबी अवधि के निवेशकों के पोर्टफोलियो में शामिल हो चुकी थीं।

## वॉयस आफ यूपी का आगाज- यूपी के हर कोने की आवाज को मिलेगा असली मंच



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वॉयस टैलेंट हंट वॉयस आफ यूपी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। फीवर यूपी अब मचेगा भोकाल, के बैनर तले आयोजित लखनऊ में इसका लॉन्च इवेंट रखा गया, जिसमें यूपी के कलाकारों, क्रिएटर्स और इंडस्ट्री के दिग्गजों का जमावड़ा दिखा। आज की युवा पीढ़ी के बारे में बात करते हुए मालिनी जी ने कहा कि यह पीढ़ी बेहद आत्मविश्वासी है मंच पर खड़े होने से घबराती नहीं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ सामने आना काफी नहीं है, अब क्रिएटर्स को अपने कंटेंट में गंभीरता चाहिए।

इस मौके पर पद्मश्री मालिनी अवस्थी, रिटायर्ड आईएएस अवनीश कुमार अवस्थी, बिग बास के अनाउन्सार विजय विक्रम सिंह, एक्टर शारिब हाश्मी, कहानीकार लक्ष माहेश्वरी और डिजिटल क्रिएटर्स, मारुफ कलमेन,छोटी फिलिम,अपेक्षा गुरनानी और द फीमेल बैंड उपस्थित रहे। विजय विक्रम सिंह ने कहा कि यूपी की आवाजों में वो दम है जो पूरे देश को सुनाई देना चाहिए। शारिब हाश्मी और लक्ष माहेश्वरी ने भी नए क्रिएटर्स को कंटेंट और निरंतरता पर ध्यान देने की सलाह दी।

इस मौके पर रिटायर्ड आईएएस अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा पहले लोग बताते भी नहीं थे कि वो यूपी के हैं, आज वही लोग गर्व से कहते हैं कि हम यूपी के हैं। अयोध्या और वाराणसी आज दुनिया के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शहरों में हैं। यह यूपी का नया दौर है, और इस दौर में गाँव-देहात के कलाकारों को भी एक असली मंच मिलना चाहिए। वॉयस आफ यूपी के जरिये हम लोगो की जिन्दगी का हिस्सा बनना चाहते हैं क्यूंकि जो आवाज यहाँ से उठेगी, वो पूरे देश को सुनाई देगी।

पद्मश्री मालिनी अवस्थी, विजय विक्रम सिंह,मारुफ कलमेन,छोटी फिलिम,अपेक्षा गुरनानी और मेरी जिन्दगी द फीमेल बैंड,को भी पहले वॉयस आफ यूपी के अवार्ड से नवाजा गया। साथ ही उत्तर प्रदेश के जाने-माने उद्योगपति और मीडिया एजेंसियों के प्रतिनिधि भी बड़ी तादाद में मौजूद रहे। राज्य के बड़े कारोबारी और एजेंसियों को उनके काम और योगदान के लिए भी वॉयस आफ यूपी के खिताब से नवाजा गया।

वॉयस आफ यूपी क्या है?

वॉयस आफ यूपी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा वॉयस टैलेंट हंट है इस मुहीम का मकसद उत्तर प्रदेश के हर उस इंसान को एक असली मंच देना जिसकी आवाज में दम है, लेकिन मौका नहीं मिला। चाहे आप गाते हों, शायरी लिखते हों, कॉमेडी करते हों या आरजे बनने का सपना देखते हों वॉयस आफ यूपी में सबके लिए जगह है।

## आईडीबीआई बैंक लिमिटेड- वित्त वर्ष 2025-26 के वित्तीय परिणाम

**लखनऊ।** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी । वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में बैंक ने 1,935 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही 1,943 करोड़ का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दर्ज किया। एनआईएम 15 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 4.15% रहा। सी.आर.ए.आर में साल-दर-साल 160 बीपीएस की वृद्धि के साथ 26.65% दर्ज हुआ। रिटर्न ऑन एसेट्स (आर.ओ.ए) में साल-दर-साल 29 बीपीएस की वृद्धि दर्ज हुई और यह 2.27% रहा। 31 मार्च, 2026 को शुद्ध एनपीए अनुपात 0.15% पर स्थिर रहा। सकल एनपीए अनुपात में 31 मार्च, 2025 को 2.98% की तुलना में सुधार हुआ और 31 मार्च, 2026 को यह 2.32% दर्ज हुआ । 31 मार्च, 2026 को पीसीआर 99.39% रहा, जो सितंबर 2023 से लगातार 99% से ऊपर बना हुआ है। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बैंक ने 1,943 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया।,ऑपरेटिंग प्रॉफिट 3,043 करोड़ रहा।,शुद्ध ब्याज आय (एन.आई.आई) में साल-दर-साल 17% की वृद्धिहुई और यह 3,851 करोड़ रही। एन.आई.एम 15 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 4.15% दर्ज हुआ। रिटर्न ऑन एसेट्स (आर.ओ.ए) 1.75% रहा। वित्त वर्ष 26 में शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 25 के मुकाबले 27% की वृद्धि के साथ 9,513 करोड़ दर्ज हुआ। कुल कारोबार बढ़कर ?6 ट्रिलियन से अधिक हो गया। कुल कारोबार साल-दर-साल 14% की वृद्धि के साथ 6,00,789 करोड़ रहा।कुल जमाराशिसाल-दर-साल 12% की वृद्धिकरते हुए 3,47,163 करोड़ दर्ज हुई। शुद्ध अग्रिम साल-दर-साल 16% की वृद्धिके साथ 2,53,626 करोड़ रहा। कासा में साल-दर-साल 7% की वृद्धि दर्ज हुई।

## कपिल शो एक खास एपिसोड लेकर आ रहा है जिसमें समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया एक साथ नजर आएंगे

**मुंबई।** कुछ पल ट्रेंड करते है और कुछ मस्ट वॉच बन जाते हैं, लेकिन यह एपिसोड पूरी तरह हंसी से भरा हुआ है। वर्ल्ड लाफ्टर डे के मौके पर नेटफ्लिक्स कॉमेडी को खास बनाते हुए द ग्रेट इंडियन कपिल शो (टीजीआईकेएस) का एक स्पेशल एपिसोड लेकर आ रहा है। इस एपिसोड में कॉमेडी के बादशाह कपिल शर्मा के साथ नए जमाने के कलाकार समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया भी नजर आएंगे। यह एक मजेदार क्रॉसओवर है, जिसमें जोक्स और लगातार हंसी का शानदार माहौल देखने को मिलेगा।

कपिल शर्मा ने कहा, ÷हमारे शो को दर्शकों से जो प्यार मिला है, वही हमें हमेशा कुछ नया और मजेदार करने की प्रेरणा देता है। वर्ल्ड लाफ्टर डे के मौके पर हमने नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर एक खास एपिसोड प्लान किया है, जो नैचुरल, मजेदार और हंसी से भरपूर है। इस बार समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया भी अपने अलग अंदाज में शो में शामिल होकर एपिसोड को और खास बना रहे हैं। हमारा मकसद सिर्फ यही है कि लोग इसे देखकर खूब हंसें और इस दिन को खुशी के साथ एन्जॉय करें ।÷



जैसे ही बातचीत और मजेदार होती है, स्टेज अचानक टीजीआईकेएस न्यूज डिबेट में बदल जाता है, जिसमें सुनील ग्रोवर मुख्य भूमिका में नजर आते हैं। इसके बाद हमेशा की तरह टीजीआईकेएस के अपने खास स्टाइल में कृष्णा अभिषेक 'मोना' और किकू शारदा 'सोना' के रूप में एंट्री लेते हैं। दोनों मिलकर पूरे शो को अंत तक हंसी और मस्ती से भर देते हैं, और माहौल पूरी तरह मजेदार बना रहता है।

अलग-अलग कलाकारों की खास स्टाइल और टीजीआईकेएस की मजेदार कॉमेडी को साथ लाकर यह स्पेशल एपिसोड वर्ल्ड लाफ्टर डे सेलिब्रेट करने का एक परफेक्ट तरीका है, जहां हर पल हंसी से भरा होता है।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का यह स्पेशल एपिसोड 2 मई को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।

## मनसिमरन संधू एक बार फिर आए लोगों का दिल जीतने अपने नए गाने दीवानी मस्तानी के साथ




**नई दिल्ली।** पंजाबी म्यूज़िक में अपने बढ़ते प्रभाव के साथ अमेरिका स्थित गायक-गीतलेखक, मनसिमरन संधू ने वापसी करते हुए अपना लेटेस्ट सिंगल, दीवानी मस्तानी पेश किया है। इस ट्रैक में वो एक बहुत ही निजी एहसास लेकर आए हैं और बता रहे हैं कि किसी के प्यार में पूरी तरह डूब जाने पर कैसा महसूस होता है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जब प्यार कोई एहसास नहीं रह जाता है, बल्कि आपकी पूरी दुनिया बन जाता है। इस गाने को लिखने वाले और कंपोज़ करने वाले खुद मनसिमरन हैं। इसका निर्माण हितेन ने किया है। इस गाने में मधुर धुनों के साथ मंत्रमुग्ध कर देने वाली लय है। धीरे-धीरे गाने की तीव्रता बढ़ती जाती है और यह एक गहरे एवं लगभग पूरी तरह से आध्यात्मिक अनुभव में बदल जाता है। दीवानी मस्तानी के मूल में प्यार का एक ऐसा रोमांटिक अंदाज है, जो बिल्कुल काल्पनिक महसूस होता है, लेकिन फिर भी इस एहसास को खुद से दूर नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसके एक-एक क्षण में असीम शांति का अनुभव मिलता है। जैसे-जैसे ट्रैक आगे बढ़ता है, कव्वाली से प्रेरित शैली के साथ इसकी भावनात्मक गहराई बढ़ती चली जाती है और चाहत पूरी तरह से समर्पण में बदल जाती है। इस गाने के बारे में मनसिमरन संधू ने कहा, ''दीवानी मस्तानी एक वास्तविक जगह से निकला है। यह ऐसे प्यार के प्रति समर्पित हो जाने के बारे में है, जिस पर आपका कोई नियंत्रण नहीं होता है, और जो लगभग काल्पनिक महसूस होता है। मेरा मानना है कि हर किसी ने अपने जीवन में कभी न कभी इस प्यार का अनुभव किया होगा, जब आपके मन में केवल एक इंसान बस जाता है और बाकी सब-कुछ धुंधला हो जाता है। मैं चाहता था कि इस गाने में ठीक वैसा ही महसूस हो, वही सच्चा और बहुत ज्यादा गहरा एहसास मिले।''

# एशियन पेंट्स ने अपना लेटेस्ट कॉर्पोरेट कैंपेन लॉन्च किया है- रंगों की वॉरंटी जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे रंग घरों की पहचान बन जाते हैं

**नई दिल्ली।** भारत में घर के पते और दिशा-निर्देश हमेशा गली के नाम या पिन कोड पर आधारित नहीं होते, बल्कि वे अक्सर हमारी याददाश्त पर निर्भर करते हैं, जैसे नीले घर के बाद बाएं मुड़ें या लाल घर जहां हर त्योहार पर मेहमान आते हैं। एक ऐसे देश में जहां हर जगह रंग ही रंग है, यहां घर का मतलब सिर्फ़ रंगी हुई दीवारें नहीं हैं, बल्कि ये कुछ ऐसे जाने-पहचाने निशान बन जाते हैं, जिन्हें लोग पहचानते हैं और जुड़ाव महसूस करते हैं।

रंग ही असली पता है' के आइडिया के आधार पर एशियन पेंट्स ने अपना नया कैंपेन 'रंगों की वॉरंटी' पेश किया है, जो पिछले साल शुरू किए गए 'एशियन पेंट्स की वॉरंटी, भारत का हर दूसरा घर कहता है' की सोच को आगे बढ़ाता है।

अपनेपन और भावपूर्ण संगीत से सजी यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एशियन पेंट्स के रंगों से रंगे भारतीय घर रोज़मर्रा की ज़िंदगी और यादों का हिस्सा बन जाते हैं। सरल और सहज पलों के ज़रिए यह फ़िल्म दर्शाती है कि जीवन में बदलाव आने पर भी ये रंग नहीं बदलते, मात्र पेंट से कहीं बढ़कर, ये जाने-पहचाने स्थान बन जाते हैं जिन्हें लोग पहचानते हैं। यह फिल्म इस बात को पुष्ट करती है कि एशियन पेंट्स के लंबे समय तक टिकने वाले रंग न सिर्फ़ दीवारों पर रहते हैं, बल्कि लोगों के मन में भी बस जाते हैं और समय के साथ घरों की सच्ची पहचान बन जाते हैं।




यह कैंपेन दर्शाता है कि एशियन पेंट्स के लिए वॉरंटी का क्या अर्थ है। यह केवल ज़्यादा समय तक टिकनेवाले पेंट के बारे में नहीं है, बल्कि उस वादे के बारे में भी है जो दीवारों से जुड़ी यादों और आत्मीयता को संजोय रखने की बात करता है।

आठ दशकों से भी अधिक समय से, एशियन पेंट्स भारत भर के छोटे कस्बों से लेकर बड़े महानगरों तक, घरों और दिलों का हिस्सा रहा है। पिछले वर्ष के अभियान ने भरोसे की इस विरासत को जीवंत कर दिया, यह दिखाते हुए कि कैसे पूरे भारत में लोग एशियन पेंट्स पर भरोसा करते हैं।

सालभर के दौरान, दशकों का विश्वास जैसे प्रिंट प्रकाशनों से लेकर एशिया कप के दौरान वॉरंटी काउंटडाउन जैसे सांस्कृतिक आयोजनों तक, कई तरीकों से इस संदेश को और मजबूत किया गया। 'रंगों की वॉरंटी' इस कथा का एक स्वाभाविक विकास है, जिसे रंगों के नज़रिए से देखा गया है - यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर ब्रांड का भारतीयों के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव है।

इस कैंपेन के बारे में बात करते हुए, एशियन पेंट्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित सिंगल ने कहा, आठ दशकों से भी अधिक समय से, एशियन पेंट्स भारतीय घरों में रंग भर रहा है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह उनकी पहचान का एक अभिन्न अंग बन गया है। हमारा मानना है कि हमारी वॉरंटी का वादा उन दीवारों में झलकता है जो न केवल मजबूत बनी रहती हैं, बल्कि जीवंत भी रहती हैं जिनमें अपनापन है, साझा रीति-रिवाज़ है और वो यादें हैं जो समय के साथ और अधिक मूल्यवान होती जाती हैं।

## भीषण गर्मी में तरबूज और खीरे की फसल का प्रबंधन वैज्ञानिक तकनीक और बेहतर पैदावार

**लखनऊ।** अप्रैल और मई के महीने में बढ़ता तापमान और लू जायद की फसलों, विशेषकर तरबूज और खीरे के लिए बड़ी चुनौती पेश करते हैं। इस समय ये फसलें अपने विकास और फल लगने के महत्वपूर्ण चरण में होती हैं। भारत की अग्रणी फसल सुरक्षा कंपनी, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड, किसानों के लिए वैज्ञानिक सिफारिशें साझा कर रही है ताकि वे गर्मी के तनाव, पोषक तत्वों की कमी और कीटों के खतरों से निपट सकें। गर्मी के तनाव से बचाव अत्यधिक तापमान के कारण पौधों में पानी की कमी हो जाती है जिससे फूल और फल झड़ने लगते हैं सिंचाई का समय हमेशा सुबह जल्दी (8 बजे से पहले) या शाम को ही सिंचाई करें। दोपहर की सिंचाई से वाष्पीकरण अधिक होता है और पौधों को %थर्मल शॉक% लग सकता है मल्चिंग यदि संभव हो, तो खेत में मल्चिंग का उपयोग करें। यह मिट्टी की नमी को बरकरार रखता है और जड़ों के पास तापमान को स्थिर रखता है। पोषक तत्व प्रबंधनः फलों की गुणवत्ता और मिठास तरबूज और खीरे के आकार और गुणवत्ता के लिए सही पोषण अनिवार्य है पोटैशियम और बोरॉन फलों के विकास के समय पोटैशियम का उचित प्रयोग फलों के वजन और मिठास को बढ़ाता है। वहीं, बोरॉन की कमी से फलों का फटना शुरू हो जाता है, जिसे रोकने के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव करना चाहिए बायो-स्टिमुलेंट्स¬ गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए धानुका के प्रमाणित बायो-स्टिमुलेंट्स का उपयोग पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

कीट और रोग नियंत्रण गर्मी में सकिंग पेस्ट (रस चूसने वाले कीट) और बीमारियाँ तेज़ी से फैलती हैं लाल कद्दू भृंग और फल मक्खी ये फल को काफी नुकसान पहुँचाते हैं। इसके लिए फेरोमोन ट्रैप और धानुका के प्रभावी कीटनाशकों का प्रयोग करें।

# बरहज तहसील घेराव से पहले पूर्व मंत्री ब्रह्मशंकर त्रिपाठी हाउस अरेस्ट

- सपा कार्यकर्ताओं का हंगामा
- अधिवक्ता की मौत के विरोध में देवरिया जाने की थी तैयारी, आवास पर पहुंची पुलिस



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अधिवक्ता की मौत के मामले को लेकर गुरुवार को देवरिया के बरहज तहसील का घेराव करने जा रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री ब्रह्मशंकर त्रिपाठी को पुलिस ने सुबह उनके पैतृक आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने जिला प्रशासन का आदेश सुनाते हुए उन्हें बरहज जाने से रोक दिया।

पूर्व मंत्री को हाउस अरेस्ट किए जाने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता उनके पिपराझाम स्थित आवास पर पहुंच गए। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए कार्रवाई का विरोध जताया। बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री ब्रह्मशंकर त्रिपाठी बरहज के लिए निकलने की तैयारी कर रहे थे, तभी कई थानों की पुलिस अचानक उनके आवास पर पहुंच गई और उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया।

इस दौरान पूर्व प्रमुख डॉ. प्रियेश त्रिपाठी, कृष्णलाल तिवारी, मनोज तिवारी, राकेश दूबे, मनोज पांडेय, जनार्दन यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना

हाउस अरेस्ट की कार्रवाई से नाराज पूर्व मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में भाजपा सरकार पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार अंग्रेजों से भी गई-गुजरी साबित हो रही है और लाठी-बंदूक के बल पर लंबे समय तक शासन करने का मंसूबा पाल रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जब अंग्रेजों के शासन और आपातकाल को स्वीकार नहीं किया, तो भाजपा सरकार की भी कोई बिसात नहीं है। संवैधानिक संस्थाओं, केंद्रीय एजेंसियों और पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर असहमति की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र देश की खूबसूरती है और इसे बदसूरत करने की कोशिश सफल नहीं होने दी जाएगी।

# संभावित हीट वेव से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था करें : जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जनपद में बढ़ते तापमान एवं संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने कहा कि हीटवेव के दौरान आमजन को सुरक्षित रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी जिला अस्पतालों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए पर्याप्त दवाएं, ओआरएस एवं चिकित्सा स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ एंबुलेन्स सेवा को सक्रिय रखने और नगर निकायों को सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, बाजार व भीड़ वाले क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पशुचिकित्साधिकारी को लू से बचाव हेतु आवश्यक प्रबंध करने, ठण्डा पानी, चारा, भूसा की पर्याप्त व्यवस्था रखने और पशुओं का टीकाकरण समय से कराने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग को जर्जर तारों को चिन्हित कर समय से बदले जाने और खण्ड विकास अधिकारियों को सूखे हुए तालाबों में पानी भरवाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया कि कार्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

# पेट्रोल पंपों पर 3000 लीटर डीजल रिजर्व रखने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

- ईंधन और घरेलू गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश, जमाखोरी व दुरुपयोग पर होगी सख्त कार्रवाई



डीजल पेट्रोल को लेकर बैठक करते डीएम महेंद्र तंवर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी स्थिति में ईंधन व गैस की कमी नहीं होने दी जाएगी और इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध रहे। प्रत्येक पेट्रोल पंप पर कम से कम 3000 लीटर डीजल रिजर्व रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी लोगों को परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि जिला कंट्रोल रूम के माध्यम से पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों की नियमित निगरानी की जाएगी। अधिकारी प्रतिदिन उपलब्धता की जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार करेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल समाधान किया जा सके। जिलाधिकारी ने घरेलू गैस एजेंसियों को निर्देश दिया कि सिलेंडरों की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से नियमित रूप से की जाए। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही किया जाए। व्यावसायिक उपयोग या दुरुपयोग पाए जाने पर एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर-2000 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।डीएम ने कहा कि ईंधन और गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमितता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई तय है।

# सेवरही में जागृति कोहोर्ट इन्क्यूबेशन कार्यक्रम के चयनित उद्यमियों का मिनी ओरिएंटेशन

अवधनामा संवाददाता



प्रशिक्षण में उपस्थित उद्यमी

**सेवरही, कुशीनगर।** जागृति एंटरप्राइज सेंटर द्वारा संचालित जागृति कोहोर्ट इन्क्यूबेशन कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को कुशीनगर नेटवर्क कार्यालय में चयनित उद्यमियों के लिए मिनी ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवोदित उद्यमियों को व्यवसायिक दृष्टिकोण, प्रशिक्षण प्रक्रिया और आगामी एक वर्षीय कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराना रहा।

इस दौरान कुल 200 आवेदकों में से चयनित 25 उद्यमियों ने भाग लिया, जिनमें 10 महिला एवं 15 पुरुष उद्यमी शामिल हैं। चयनित प्रतिभागियों को एक वर्ष तक चलने वाले इस इन्क्यूबेशन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें व्यवसाय विकास, मेंटरशिप, नेटवर्किंग और वित्तीय मार्गदर्शन जैसे प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जागृति टीम के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर सौरभ जायसवाल (यूसी), अभिषेक कुमार (यूसी), दुर्गेश राय (यूएम), नंदिता (यूएम), मनीष (यूएम), सुष्मिता (यूएम) एवं टिंकल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देना और स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक संसाधन एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। जागृति एंटरप्राइज सेंटर पूर्वांचल क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमिता विकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# उपभोक्ता फोरम में जानडियर इंडिया व एसपी ऑटोमोबाइल्स की जीत

**बस्ती।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बस्ती द्वारा पारित एक महत्वपूर्ण निर्णय में जानडियर इंडिया से संबंधित कंपनी तथा एसपी ऑटोमोबाइल्स को बड़ी राहत मिली है। आयोग ने परिवादी द्वारा प्रस्तुत शिकायत को पोषणीय न मानते हुए निरस्त कर दिया।

एसपी ऑटोमोबाइल्स के अखिलेश दुबे ने बताया कि प्रकरण के अनुसार, परिवादी ने आरोप लगाया था कि उसने विभिन्न किस्तों के रूप में बड़ी धनराशि जमा की, लेकिन उसे सही तरीके से ऋण खाते में समायोजित नहीं किया गया और कुछ राशि कर्मचारियों द्वारा हड़प ली गई। इसके साथ ही वाहन खरीद से संबंधित वित्तीय लेनदेन और किस्त भुगतान को लेकर भी विवाद उठाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि परिवादी ने जानडियर फाइनेंशियल के माध्यम से ऋण ले वाहन खरीदा था और किस्तों के भुगतान में अनियमितता रही।

# जनगणना कार्य के लिए प्रगणक व पर्यवेक्षक प्रशिक्षित, शुद्ध आंकड़ों पर विशेष जोर

अवधनामा संवाददाता



**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही स्थित डेफोडिल्स स्कूल परिसर में जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य को लेकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। आगामी 22 मई से 20 जून तक प्रस्तावित जनगणना कार्य को ध्यान में रखते हुए कार्मिकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के तीसरे फेरा में पांच बैचों के माध्यम से करीब 250 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले दिन मास्टर ट्रेनर्स शाकिर अली, सुनील सिंह, बनारसी शर्मा, राजेश मौर्या, अजय उपाध्याय, अनिल सिंह, गिरीश चंद श्रीवास्तव, श्रवण सिंह, इंतजार अहमद एवं विजय कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने बताया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गिनती नहीं, बल्कि विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने परिसर, भवन व परिवार की पहचान, भवन संख्या निर्धारण तथा जनगणना मकानों के वर्गीकरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि आंकड़ों के संकलन में किसी भी प्रकार की त्रुटि भविष्य की योजनाओं को प्रभावित कर सकती है, इसलिए प्रत्येक प्रगणक को पूरी जिम्मेदारी और सावधानी के साथ कार्य करना होगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका मौके पर समाधान किया गया। दुदही, सेवरही एवं तमकुही विकासखंडों से लगभग 250 शिक्षक, शिक्षामित्र और ग्राम सचिव प्रशिक्षण में शामिल हुए। सेवरही के खंड शिक्षा अधिकारी अमितेश कुमार ने प्रशिक्षण का दो बार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लेखपाल संतोष गुप्ता, अश्विनी राय, राणाप्रताप सिंह, राजन राय तथा विद्यालय के प्रबंधक मनीष गिरी की सक्रिय भूमिका रही।

# बेमौसम हुई वारिस ने पहुंचाई बड़ी क्षति, दूसरे दिन भी हुई रिमझिम बारिश

**अमेठी।** बेमौसम हुई वारिस ने जिले में काफी क्षति पहुंचाई है।गुरुवार को सुबह भी रिमझिम वारिस हुई जिसके कारण किसानों को और अधिक परेशानी हुई किसान सिवान में पड़ी पराली से भूसा बनवाने को लेकर चिंतित हैं।बुधवार को दोपहर बाद मूसलाधार बारिश और दो चक्र ओलावृष्टि में हुई गेहूं की पिछेती खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान हुआ। वही सिवान में किसानों के भूसे और पराली बर्बाद हो गए ओलावृष्टि के कारण आम की फसल को भी खासा नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि के कारण आम के टिकोरे काफी मात्रा में गिर गए। मूसलाधार बारिश काफी देर तक जारी रही जिसके कारण खेतों में नमी आ गई और पराली भीग जाने से भूसा बनाने वाला काम बाधित हो गया है। थाना क्षेत्र शिवरतनगंज के माठा गांव मजरे माहिया सिंदुरिया में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग जल गए।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दी हिदायत

**अमेठी।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड स्पीड ब्रेकर रोड पैच सुधार रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए।बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

# छह माह के मासूम की गला दबाकर हत्या करने वाले पिता को पुलिस ने दबोचा

- तीन दिन में पुलिस ने सुलझाया सनसनीखेज हत्याकांड
- तरयासुजान थाना क्षेत्र के जवहीं नरेंद्र गांव का मामला

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** तीन दिन पूर्व तरयासुजान थाना क्षेत्र के जवहीं नरेंद्र गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक पिता ने अपने ही छह माह के इकलौते बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जब बच्चे की मां की नींद खुली तो उसने देखा कि बच्चा कोई हरकत नहीं कर रहा है। काफी देर तक बच्चा शांत पड़ा रहा तो उसने शोर मचाया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे की मौत गला दबाने से होने की पुष्टि हुई है। मृतक बच्चे की मां की तहरीर पर पुलिस ने हरदोई जनपद के कासिमपुर थाना क्षेत्र के कामीपुर निवासी आरोपी पति सलमान पुत्र रज्जाक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई थीं। पुलिस ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन से आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**पत्नी के मायके जाने से था नाराज :** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सलमान अपनी पत्नी के बार-बार बिना बताए मायके चले जाने से नाराज रहता था। 27 अप्रैल की रात वह नशे की हालत में पत्नी को लेने उसके मायके पहुंचा, लेकिन पत्नी ने उसके साथ जाने से मना कर दिया। इसी बात से गुस्से में आकर उसने अपने ही छह माह के मासूम बेटे का गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तेजी से जांच शुरू की और महज तीन दिन के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी सलमान को तरयासुजान रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :** प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, उपनिरीक्षक शशांक शेखर राय, कांस्टेबल विपिन पांडेय, कांस्टेबल गिरीश कुमार, आरक्षी जय प्रसाद यादव व आरक्षी विपिन कुमार राजभर शामिल रहे।

# अवैध बालू परिवहन पर खनन विभाग का शिकंजा, छापेमारी में तीन वाहन सीज




सीज की गई अवैध बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में अवैध खनन एवं बालू के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में खान अधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में थाना जटहा तथा नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में औचक निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की गई।

छापेमारी के दौरान उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली-2021 के तहत विभिन्न स्थानों पर बालू लदे वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बिना वैध परिवहन प्रपत्र तथा बिना आईएसटीपी के कुल तीन वाहन संचालित पाए गए। खनन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक वाहन को थाना जटहा बाजार तथा दो वाहनों को थाना नेबुआ नौरंगिया की अभिरक्षा में सीज कर दिया। खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि पकड़े गए वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध खनन और बालू के अवैध परिवहन के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

# एचपी पेट्रोल पंप पर चाकूबाजी, दो युवक घायल

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** गुरुवार को स्थानीय एचपी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी के बाद चाकूबाजी की घटना में दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरसैना निवासी अजित कुमार (18) पुत्र अमरनाथ और बैरिया निवासी गोलू गौतम पुत्र बदामा प्रसाद अहिरौली बाजार स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया।आरोप है कि इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने दोनों युवकों पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवतहा भेजा। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रविन्द राय ने बताया कि घटना संज्ञान में है और मामले की जांच की जा रही है। अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# परिंदों की प्यास बुझाने को पेड़ों में लगाए गए जलपात्र



**मुंशीगंज (अमेठी)।** भीषण गर्मी में परिंदों की प्यास बुझाने के लिए गुरुवार को कटका क्लब ने सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्राम भारती समेत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पेड़ों में तीन दर्जन से अधिक जलपात्र लगाए। संस्था के अध्यक्ष डॉ सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि इस पहल से गर्मी में पक्षियों को राहत मिलेगी और लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस मौके पर बृजेन्द्र मिश्रा संतोष मिश्रा अशोक सिंह रमाकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक




अवधनामा ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। कृषि विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# 'लखपति दीदी' योजना को मिलेगी नई गति, डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

- स्वयं सहायता समूहों के जरिए बढ़ेगी ग्रामीण महिलाओं की आय

अवधनामा ब्यूरो



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बैठक को संबोधित करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (हऱ्ररू) के अंतर्गत संचालित 'लखपति दीदी कार्यक्रम' की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जनपद में चिन्हित महिलाओं को कृषि आधारित गतिविधियों, पशुपालन, लघु उद्यम, हस्तशिल्प तथा खाद्य प्रसंस्करण जैसे स्वरोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चयनित महिला को उसकी रुचि और स्थानीय संसाधनों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

डीएम ने स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के माध्यम से समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि समूहों को वित्तीय सहायता के साथ तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जाए। साथ ही समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के विपणन के लिए स्थानीय बाजारों, हाट-बाजार, मेलों, सरकारी आयोजनों तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर स्टॉल उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक पात्र महिलाओं का चयन कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाए और उनकी प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। सफल महिलाओं की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करने पर बल दिया गया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# रंग लायी सौरभ त्रिपाठी की पहल: भद्रेश्वरनाथ मंदिर कारिडोर निर्माण के लिये धन स्वीकृत

**बस्ती।** विश्व हिन्दू महासंघ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी की पहल पर श्री भद्रेश्वरनाथ मंदिर कारिडोर निर्माण और सौन्दर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। धर्मार्थ कार्य निदेशालय वाराणसी के सचिव के पत्र के आधार पर बस्ती के तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा भेजे गये पांच विन्दुओं की आख्या के आधार पर पर्यटन विभाग द्वारा कार्य हेतु 2 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिल गयी है।यह जानकारी देते हुये विश्व हिन्दू महासंघ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि उन्होने वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री को पत्र देकर श्री भद्रेश्वरनाथ मंदिर कारिडोर के निर्माण और सौन्दर्यीकरण कराने की मांग किया था। मुख्यमंत्री ने कारिडोर निर्माण की घोषणा भी कर दिया। धन स्वीकृति के बाद कारीडोर निर्माण आरम्भ हो जायेगा। सौरभ त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि श्री भद्रेश्वरनाथ मंदिर कारिडोर निर्माण और सौन्दर्यीकरण से श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा मिलेगी।

# वशिष्ठ महोत्सव के कार्यक्रम संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने किया भूमि पूजन



**बस्ती।** बस्ती स्थापना दिवस के अवसर पर 5 से 7 मई तक शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में होने वाले वशिष्ठ महोत्सव के लिये आज स्टेडियम परिसर में विधि विधान से भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। अयोध्या धाम के आचार्य धनंजय मिश्र, आचार्य विवेक तिवारी की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने पूजन अर्चन किया। मुख्य अतिथि गायत्री मंदिर बस्ती के पारिब्राजक पंडित राम प्रसाद त्रिपाठी ने समारोह के सफलता की कामना करते हुए कहा कि अपने जिले स्थापना दिवस मनाया जाना गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश की योगी सरकार शीघ्र ही बस्ती का नाम बदल कर वशिष्ठ नगर करेगी। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि 05,06 और 07 मई को शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य वशिष्ठ महोत्सव आयोजित होगा।श्री राना ने कहा कि महर्षि वशिष्ठ जी की पावन भूमि का इतिहास सनातन धर्म की गौरव गाथा है। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय खो खो, जनपदीय हैंडबॉल, वालीबाल, कबड्डी प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक संध्या का अदभुद संगम होगा।

# गुरुचरन कौर स्कूल का शत- प्रतिशत परिणाम



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा का परिणाम गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को घोषित किया गया। इसमें गुरुचरन कौर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। विद्यालय के कुल 62 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 23 छात्र एवं 39 छात्राएं शामिल थीं। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।परीक्षा परिणाम में कृतिका पाण्डेय ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अलीज़ा फातिमा 95 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं शिफा आसिफ92.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं उत्कृष्ट यादव, अनुष्का यादव एवं सुनिधी मिश्रा 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान पर रहीं। दक्ष श्रीवास्तव 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। आराध्या अग्रवाल एवं यशस्वी यादव 91 प्रतिशत अंकों के साथ छठे स्थान पर तथा शाश्वत दीप 90.5 प्रतिशत अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल छा गया। प्रधानाचार्या तेजिंदर कौर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आईएससी बोर्ड परीक्षा में वंशिका सिंह ने रचा इतिहास

- 98.50 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया सुल्तानपुर का मान

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** जनपद की प्रतिभाशाली बेटी वंशिका सिंह ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर दिया है। वंशिका उच्च न्यायालय लखनऊ के शासकीय अधिवक्ता एवं कुड़वार ब्लॉक के देवलपुर गांव निवासी डॉ. बी.के. सिंह की सुपुत्री हैं। उनकी इस शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।

वंशिका ने इससे पहले हाईस्कूल परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। लगातार दूसरी बड़ी उपलब्धि हासिल कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वंशिका की इस ऐतिहासिक सफलता पर रामबरन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विभारपुर, जयसिंहपुर सुलतानपुर में एक सम्मान बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने वंशिका की उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। प्रबंधक वंशिका को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंह, इंचार्ज प्राचार्य अजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. जी.के. सिंह, डॉ. सिंधु लता त्रिपाठी, अमर बहादुर वर्मा, निदेशक अमर प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. बी.के. सिंह को बधाई देते हुए वंशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भारत गैस एजेंसी संचालक की दबंगई, उज्ज्वला लाभार्थी परेशान

**सुल्तानपुर।** जिले में रसोई गैस वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालियापुर में संचालित भारत गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप सामने आए हैं, जहां एक उज्ज्वला योजना लाभार्थी का सिलेंडर और पासबुक (किताब) जबरन रख लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित उपभोक्ता बीते तीन माह से सिलेंडर के लिए भटक रहा है, लेकिन उसे अब तक गैस उपलब्ध नहीं हो सकी है। आरोप है कि एजेंसी पर बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं से ओटीपी पूछकर घरेलू सिलेंडर को दूसरे लोगों को ब्लैक में दिया जा रहा है। इससे पात्र लाभार्थियों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। पीड़ित ने बताया कि कई बार एजेंसी पहुंचकर गुहार लगाई, लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया। न तो उसका पासबुक दिया जा रहा है और न ही सिलेंडर। हर बार उसे झांसे में लेकर बुकिंग कर ओटीपी पूछ लिया जाता है यह कहकर कि अब उसे सिलेंडर मिल जाएगा। मामले में एजेंसी संचालक गुरुदीन ने उपभोक्ता की किताब अपने पास होने की बात स्वीकार की है, जिससे पूरे प्रकरण में अनियमितता की आशंका और गहरा गई है।

# 99.92: छात्र सत्यापन पूरा, बीएसए की नेतृत्व क्षमता आई सामने

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग की सतत मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और मजबूत मॉनिटरिंग के दम पर सुल्तानपुर ने प्रदेश में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रेरणा पोर्टल पर 99.92 प्रतिशत छात्र सत्यापन पूरा कर जिला पूरे उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। जिले में कुल 1,45,348 छात्रों के सापेक्ष 1,41,954 छात्रों का सत्यापन सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। वहीं डाटा उपलब्ध न होने के कारण 3,280 छात्रों को पोर्टल से हटाया गया है और अब केवल 114 छात्रों का सत्यापन शेष है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि शेष छात्रों का सत्यापन जल्द पूर्ण कर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा योगदान उपेंद्र गुप्ता (बेसिक शिक्षा अधिकारी) के प्रभावी नेतृत्व और निरंतर मॉनिटरिंग को माना जा रहा है। उनकी प्रेरणा, नियमित समीक्षा बैठकों और शिक्षक संकुलों को लगातार प्रोत्साहित करने की रणनीति ने पूरे अभियान को गति दी। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान कमजोर इंटरनेट कनेक्टिविटी, आधार व बैंक डिटेल मिलान में समस्याएं और दस्तावेजों की कमी जैसी कई चुनौतियां सामने आई, लेकिन शिक्षकों के समर्पण और टीमवर्क ने इन सभी बाधाओं को पार कर लिया। प्रदेश स्तर पर खीरी 99.83 प्रतिशत के साथ दूसरे और ललितपुर 99.71 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर हैं। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों की मेहनत को देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, सही मार्गदर्शन और टीमवर्क के बल पर यह सफलता संभव हो सकी है। भविष्य में भी सुल्तानपुर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। यह उपलब्धि न केवल जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करती है बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि छात्रवृत्ति, ड्रेस और मिड-डे मील जैसी योजनाओं का लाभ अब अधिक पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से छात्रों तक पहुंचे।

## पोषण पुनर्वास केन्द्र का डीपीओ द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

**सुलतानपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी द्वारा 30 अप्रैल 2026 को 12.20 बजे जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी 10 बेड भरे पाये गय। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी बच्चों के अभिभावक से बात की गयी एवं बच्चों के सुधार के सम्बन्ध में समझाया गया। एनआरसी में बच्चों के स्वास्थ्य के लिये कैसे कार्य किया जा रहा है, इस सम्बन्ध में सभी को बताया गया। सभी बच्चों को फल का वितरण भी कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी बच्चों के अभिभावक को अपना नम्बर उपलब्ध कराते हुए यह आश्वासन दिया गया कि यदि गांव में आंगनवाडी आपके बच्चों की नियमित वजन लम्बाई अथवा मिलने वाले खाद्य पदार्थ समय से उपलब्ध नही करा रही हैं अथवा एनआरसी सन्दर्भन में कोई सहयोग प्रदान नही कर रही है तो सीधे हमसे सम्पर्क करें। एनआरसी इन्चार्ज मंजीत को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चों की नियमित जांच कराई जाय एवं सभी बच्चों का रजिस्टर मे ब्योरा दर्ज किया जाय।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

लोकमान्य तिलक (ट.) – अयोध्या कैंट – लोकमान्य तिलक (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा की शुरूआत

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 22111/22112 लोकमान्य तिलक (ट.) – अयोध्या कैंट – लोकमान्य तिलक (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

22111/22112 लोकमान्य तिलक (ट.) - अयोध्या कैंट लोकमान्य तिलक (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस

| रेलगाड़ी सं. 22111 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22112 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 07:55 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 15:45 | ---- |
| 08:08 | 08:10 | थाणे | 14:33 | 14:35 |
| 08:32 | 08:35 | कल्याण | 14:12 | 14:15 |
| 10:57 | 11:00 | नासिक रोड | 11:27 | 11:30 |
| 14:23 | 14:25 | जलगांव | 08:33 | 08:35 |
| 15:20 | 15:25 | भुसावल | 08:05 | 08:10 |
| 20:00 | 20:10 | इटारसी | 03:50 | 04:00 |
| 23:30 | 23:40 | जबलपुर | 23:55 | 00:05 |
| 02:05 | 02:10 | सतना | 20:45 | 20:50 |
| 04:10 | 04:12 | मानिकपुर | 19:28 | 19:30 |
| 06:25 | 06:35 | प्रयागराज जं. | 17:05 | 17:15 |
| 07:59 | 08:01 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. | 15:26 | 15:28 |
| 08:41 | 08:43 | सुल्तानपुर | 14:38 | 14:40 |
| 10:15 | | अयोध्या कैंट | ---- | 13:50 |

चलने के दिनः 22111 लोकमान्य तिलक (ट.) से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 05.05.2026 से और 22112 अयोध्या कैंट से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 06.05.2026 से।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1453/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सम्भावित बाढ़ की कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध कराएं सम्बन्धित विभाग: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ''बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप'' की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बाढ़ से सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें जिससे बाढ़ के सम्बन्ध में प्रभावी कार्ययोजना को अन्तिम रूप प्रदान किया जा सके।

जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सभी सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि समय रहते बाढ़ चौकियों के लिए चिन्हित स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराएं। क्षेत्र के चिन्हित गोताखोरों एवं नाविकों के मोबाइल नम्बर तथा क्षेत्र में नावों की उपलब्धता इत्यादि की सूची तैयार कर ली जाय। सम्भावित सूखे एवं ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर ड्रेनेज, नलकूप व जिला पंचायत राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी जल स्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को संभावित सूखे के दौरान पानी की दिक्कत न हो। डीएम श्री त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन सुनिश्चित कराते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुॅचे। नलकूप विभाग को निर्देश दिया गया है कि शुष्क मौसम एवं संभावित सूखे को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम में लू-प्रकोप के दृष्टिगत सभी कार्यस्थलों पर श्रमिकों इत्यादि के लिए स्वच्छ पेयजल का उपयुक्त प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय।

विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया है कि खराब ट्रांसफामर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहॉ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। विशेषकर बाढ़ क्षेत्रों में संभावित बाढ़ के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर लें।

## सारथी कसौधन बने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला उपाध्यक्ष

**सुल्तानपुर।** सारथी कसौधन को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन का जिला उपाध्यक्ष चुना गया। एक निजी प्रतिष्ठान में हुई बैठक में उन्हें राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन का जिला उपाध्यक्ष सुल्तानपुर सर्वसम्मति से चुना गया। संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री आलोक आर्य ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। बैठक में संगठन के जिला महामंत्री महेंद्र पाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेठ, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल सेठ, नगर अध्यक्ष संजय कसौधन, नगर महामंत्री विनय सेन, युवा जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा, नगर मंत्री अनुज सोनी, मुन्ना सोनी, सुनील मोदनवाल आदि उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष चुने जाने पर सारथी कसौधन को सभी ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।


कार्यालय : नगर निगम अयोध्या

पत्राँकः- 76/न0नि0अयो0/2026 दिनांक : 30/04/2026

ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा नगर निगम निधि के अन्तर्गत नाला सफाई हेतु 20 कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को उक्त कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग-अलग ऑनलाइन *Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card* के माध्यम से *Link-httbs://emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp* से अन्तरित करना होगा। तत्क्रम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट *www://etender.up.nic.in* से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 02-05-2026 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 08-05-2026 दोपहर 02:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 08-05-2026 दोपहर 04:00 बजे |

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम अयोध्या


## एस एस पी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिए समीक्षा बैठक की

**इटावा।** जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी बनाए जाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा कचहरी स्थित नवीन सभागार में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं दुर्घटना नियंत्रण के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन, आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराने, विद्यालयों/महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान संचालित करने तथा प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी।उन्होंने उपस्थित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित शासन की मंशानुरूप संयुक्त रूप से कार्य करते हुए जनपद में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन संचालन, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट वाहन चलाने तथा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दो भीषण सड़क हादसों से 7 की दर्दनाक मौत कई घायल




- बाइक सवार दंपती समेत दो मासूम बच्चों की मौत
- कार और टैंकर की टकर से 3 महिलाओं की मौत

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर में पुवायां क्षेत्र के दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल फ्लाईओवर के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां शाहजहांपुर से खुटार जा रही तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी।

इस भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार अरुण धोबी (35) निवासी मोहल्ला रामनगर बगिया थाना निगोही, अपनी पत्नी सीमा (32), पुत्री दीक्षा (10) व पुत्र नैतिक (3) के साथ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही अरुण, दीक्षा व नैतिक की मौत हो गई,जबकि घायल सीमा को सीएचसी ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही जनपद की ही थाना खुटार क्षेत्र में एक और दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग, जिनमें दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह हादसा खुटार-पुवायां मार्ग पर रोतापुर पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि पिपरिया भागवंत से पहली विदाई के बाद बहू अपने ससुराल पक्ष की महिलाओं (ननद और जेठानी) के साथ पुवायां क्षेत्र के गांव अगौना जा रही थी, तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।


कार्यालय जिला पंचायत लखीमपुर-खीरी।

पत्रांक : 147/कि0लि0/2026-27 दिनांक : 30.04.2026

किराये पर दुकान/भवन नीलाम सम्बन्धी विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत लखीमपुर-खीरी के स्वामित्वाधीन विभिन्न स्थानों पर निर्मित दुकानों/भवनों, जिन्हें किराये पर संचालित किया जा रहा है। उक्त दुकानों/भवनों के सम्बन्ध में संज्ञान में आया है कि कतिपय दुकान/भवन किरायेदारों की मृत्यु हो जाने/बिना सूचना के दुकान/भवन छोड़कर अन्यत्र स्थानान्तरित हो जाने/जीर्णोद्धार/मरम्मत एवं नवनिर्मित/दुकानों/भवनों एवं अन्य किन्हीं कारणों से यदि कोई दुकानें रिक्त है, उक्त सभी प्रकार की दुकानों/भवनों की प्रीमियम नीलाम दिनांक 16.05.2026 एवं 20.05.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे से कार्यालय सभागार, जिला पंचायत, खीरी में गठित नीलाम समिति के समक्ष की जायेगी। उक्त तिथियों से अवशेष रह गयी दुकानों/भवनों की प्रीमियम नीलाम प्रत्येक बुधवार को की जायेगी। प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता को बोली में भाग लेने हेतु नव निर्मित दुकानों हेतु जमानत धनराशि रू0 50,000.00 तथा पुरानी दुकानों हेतु रू0 10,000.00 नकद रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोलीदाता की जमानत धनराशि रोकते हुए शेष की जमानत धनराशि मौके पर ही वापस कर दी जाएगी। नीलाम हुई दुकान/भवन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत लखीमपुर-खीरी में निहित है। बिना कोई कारण बताये किसी भी नीलाम को निरस्त किया जा सकता हैं। शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में की जा सकती है।

राकेश सिंह
अभियन्ता
जिला पंचायत लखीमपुर-खीरी।

जागन सिंह
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत लखीमपुर-खीरी।



कार्यालय ग्राम पंचायत हरखोड़ा विकास खण्ड मिठौरा जनपद-महराजगंज

पत्रांक : मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा 2026-27 दिनाँक : 30.04.2026

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

विकास खण्ड मिठौरा के ग्राम पंचायत हरखोड़ा द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/पंचन वित्त/पन्द्रहवां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन/आरसीसी सीमेंटेड बैंच की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु/स्कूली डेस्क एवं बैंच की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु/स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु एवं अन्य योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट/इण्टरलाकिंग ईट/बालू/सीमेंट/मोरंग इत्यादि व वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाइप/सरिया/पेंट/वायरिंग/पत्थर बोर्ड/ ईट का टुकड़ा/पत्थर की गिट्टी/स्ट्रीट लाइट/कथरा पात्र/प्लास्टिक बैंक/भष्मक/ई- रिक्शा/सायकिल/ठेला/सफाई सामग्री/एंगल/आयरन/टीन शेड/इंडिया मार्का हैंड पंप रिबोर व मरम्मत/सोलर लाइट इत्यादि सामग्री से संबंधित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनाँक 07/05/2026 को दिन में 11 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय हरखोड़ा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की आयेंगी। धरोहर राशि मु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी। उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2- आपूर्तिकर्ता का आयकर में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देयता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3- ग्राम पंचायत सचिव /ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में टेण्डर खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5-जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7- सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8- प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होंगी। 9- आपूर्तिकर्ता को 200 प्रतिशत आयकर देना होगा। 10- ग्राम पंचायत के प्रधान/सचिव/सदस्य/बीडीसी/जिला पंचायत सदस्य/तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बंधी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय की नोटरी सपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11-सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेन्सी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गयी सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 12- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार याग पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 13- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 14- धरोहर की धनराशि नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक कर संलग्न करना अनिवार्य है। 15- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 16-निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रुपया है /पर ही स्वीकार्य किया जायेगा। 17- सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। शासकीय आदेशों के नियंत्रण में रहना होगा। 18- आपूर्तिकर्ता को अपने फर्म की चौहद्दी के साथ फोटोग्राफ की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। जहाँ दुकान/गोदाम/आफिस समाहित हैं। 19- नवीनतम जी.एस.टी. रिटर्न का प्रपत्र संलग्न करें। 20- आपूर्तिकर्ता हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करें।

अनीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरखोड़ा
मिठौरा–महराजगंज।

जयहिन्द शर्मा
सचिव/ग्रा.वि.आ.
ग्राम पंचायत हरखोड़ा
मिठौरा–महराजगंज।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी, जनजागरूकता अभियान शुरू

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन माननीय जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय एवं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रभु नारायण पाण्डेय द्वारा रवाना किया गया। प्रचार वैन का उद्देश्य आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वंदना अग्रवाल ने बताया कि यह वाहन जनपद के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक जाएगा, ताकि वहां के लोगों को भी लोक अदालत की जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित मामलों के साथ-साथ ट्रैफिक चालान, चेक बाउंस सहित विभिन्न प्रकरणों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। प्रचार वाहन जनपद न्यायालय से पेट्रोल पंप, आकिल तिराहा, सुभाष बाजार, अस्पताल चौराहा, रहुनियां धर्मशाला, कालपी चौराहा और बदनपुर होते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट रनवीर सिंह, नोडल अधिकारी लोक अदालत राजीव कुमार, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अनिल कुमार खरवार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. महेंद्र कुमार पांडेय, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अरुण यादव, सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/एफटीसी (महिलाओं के विरुद्ध अपराध) कीर्ति मिश्रा, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) /एफटीसी अंकित पाल तथा स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली व लोडर में हुआ जोरदार टक्कर

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** थाना कोतवाली अंतर्गत हमीरपुर कालपी स्टेट हाईवे स्थित शीतलपुर गांव में सुबह सात बजे ट्रैक्टर ट्राली व लोडर में जोरदार टक्कर हो गया जिससे वहां अफरा तफरी मच गई टक्कर इतनी जोरदार हुआ कि लोडर के परखच्चे उड़ गए। बता दे कि देवीप्रसाद पाल शीतलपुर निवासी जैसे ही अपने घर से रोज की भांति ट्रैक्टर लेकर स्टेट हाईवे से होकर अपने खेत जा रहा था तभी घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर ही चला कि पीछे से आ रहा लोडर ने इतना जोरदार टक्कर मारा कि देवीप्रसाद पाल ट्रैक्टर से उछल कर बीच सड़क पर डिवाइडर में जा गिरा और वह गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगा तथा वहीं पर मौजूद आपदा मित्र सियाराम प्रजापति ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचित किया और अस्पताल भेजवाया। लोडर ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद लोडर बजरंग बली मंदिर में भी जा टकराया जिससे मंदिर भी डैमेज हो गया तथा मंदिर के पास बंधी रामस्वरूप प्रजापति की भैंस भी लोडर के नीचे दब गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और भैंस को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। तथा वहीं पर लोडर में तीन लोग सवार थे जिसमें दो लोगों को हल्की चोट लगी तथा चालक गंभीर रूप से घायल होकर लगभग दो घंटे तक स्टेयरिंग में फंसा रहा और चालक को फायर सर्विस की कड़ी मशक्कत के बाद लोडर की खिड़की काटकर बाहर निकाला गया और तुरंत डायल 112 नंबर गाड़ी पर लादकर अस्पताल लाया गया।

## एसएसपी ने भावभीनी विदाई दी



**इटावा।** पुलिस विभाग में सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उ0नि0(ना0पु0), मु0आरक्षी(स0पु0)को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह, घड़ी, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर विभाग द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान किए जाने हेतु आश्वस्त किया गया। सेवानिवृत्त हुए अधि0/कर्मचारी उ0नि0(ना0पु0)सूर्य कुमार नियुक्ति थाना बलरई। मु0आ0 बलवीर सिंह नियुक्ति-पुलिस लाइन। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह एवं पुलिस विभाग के अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर जनपद के विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और संभावनाओं पर चर्चा करते हुए सोनभद्र को बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से जुड़ा प्रमुख व्यापारिक प्रवेश द्वार बनाने का प्रस्ताव रखा। जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि जनपद की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहां वेयरहाउसिंग और मल्टी-स्टेट लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा सकते हैं, इसके लिए 600 से 800 एकड़ का लैंड बैंक तैयार किया जाए तथा भूमि अधिग्रहण में समस्या होने पर लैंड पूलिंग मॉडल अपनाया जाए, जिससे विकास और जनहित में संतुलन बने। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र की अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए इको-टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, होटल-रिसॉर्ट, ट्रैवल सर्विस और स्मारिका बाजार विकसित करने की मांग की तथा मुक्खा फॉल, धनरौल बांध, विजयगढ़ किला, कंडाकोट पहाड़ी और फॉसिल्स पार्क जैसे स्थलों को इको-फ्रेंडली कॉटेज, बर्ड वॉचिंग, मेडिटेशन स्पॉट और नेचर ट्रेल के रूप में विकसित कर स्थानीय युवाओं को गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया। नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन ने ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, बोटिंग, कैंपिंग और बोनफायर जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। जिला कोषाध्यक्ष शरद जायसवाल ने बताया कि गेहूं, दाल और चावल उत्पादन के आधार पर ऑर्गेनिक खेती, हर्बल प्रोडक्ट, कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउसिंग और फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है।

# डीएम के निर्देश पर तीन कार्यालयों में चला सफाई अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जनपद में मिली शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश पर जिला प्रोबेशन कार्यालय, डूडा कार्यालय और जिला सूचना कार्यालय में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत परियोजना अधिकारी डूडा, जिला प्रोबेशन अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी ने संयुक्त रूप से कार्यालय स्टाफ के साथ श्रमदान किया। नगर पालिका कर्मियों के सहयोग से कार्यालय परिसरों के अंदर और बाहर जमी गंदगी को हटाया गया तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। इस दौरान शौचालयों की भी विशेष साफ-सफाई कराई गई।

जिलाधिकारी ने प्रभारी नजारत को निर्देश दिए कि बंद पड़े शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराकर उन्हें शीघ्र संचालित किया जाए, ताकि कर्मचारियों और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय परिसरों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे कर्मचारियों और आमजन को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

अभियान के दौरान परियोजना अधिकारी डूडा पैगाम हैदर, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम सूरत, सूचना सहायक शिव बरन, चाइल्ड केयरलाइन सुपरवाइजर शिखा सोनी, रानी देवी और दिनेश कुमार सहित संबंधित कार्यालयों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# गरीब आखिर कब तक सहता रहेगा अन्याय: अखिलेश

- सुनासीर नाथ मंदिर में किए दर्शन, कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का गुरुवार को मल्लावां दौरा राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से बेहद अहम माना गया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने चर्चित 'हरदोई की बेटी' प्रकरण के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया और परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री के मल्लावां पहुंचते ही क्षेत्र में भारी हलचल देखने को मिली। जगह-जगह समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और पूरा क्षेत्र सपा समर्थकों से गुलजार नजर आया। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान माहौल बेहद भावुक हो गया। परिवार के लोगों ने घटना से जुड़ी पीड़ा और संघर्ष को पूर्व मुख्यमंत्री के सामने रखा। इस दौरान अखिलेश यादव ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जब वह इस घटना के बारे में सुनते थे तब भी उन्हें गहरा दुख होता था, लेकिन आज परिवार से मिलकर उस दर्द को और करीब से महसूस किया है। उन्होंने कहा कि समाज में गरीब, दलित और कमजोर वर्ग लगातार अन्याय और उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन का दायित्व कमजोर और जरूरतमंद लोगों को सुरक्षा और न्याय देना है, लेकिन आज हालात ऐसे बन गए हैं कि गरीब खुद को असहाय महसूस कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर गरीब और कमजोर वर्ग कब तक अन्याय सहने को मजबूर रहेगा। उन्होंने कहा कि संविधान ही देश के गरीब और वंचित समाज की सबसे बड़ी ताकत है और पीडीए की एकजुटता आने वाले समय में सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरेगी। अपने संबोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और पिछड़े वर्गों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि संघर्ष ही बदलाव का रास्ता बनता है। मल्लावां दौरे के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध सुनासीर नाथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मल्लावां में दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री का आगमन हुआ, लेकिन वे इस ऐतिहासिक और आस्था के केंद्र मंदिर में दर्शन करने नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाजवादी पार्टी को धर्म विरोधी बताने का प्रयास करते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि समाजवादी लोग सभी धर्मों और आस्थाओं का सम्मान करते हैं।

# एसएसपी ने उदी चौकी के नव-निर्माण कार्य का किया लोकार्पण



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जनपद में पुलिस व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदी पुलिस चौकी के नव-निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया। उक्त चौकी का नव-निर्माण कर उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। चौकी क्षेत्र में अपराधों की प्रभावी रोकथाम एवं सतत निगरानी हेतु चौकी पर सीसीटीवी कैमरे (CCTV) स्थापित किए गए हैं। जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर महोदय द्वारा जीर्णोद्धारित एवं नव-निर्मित चौकी परिसर का निरीक्षण करते हुए भवन की संरचना, कार्यालय व्यवस्था, अभिलेख संरक्षण, आगंतुक सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चौकी परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाए रखते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उदी पुलिस चौकी भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका क्षेत्र उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश सीमा से सटा हुआ है। इस दृष्टि से यह चौकी अंतरराज्यीय गतिविधियों की निगरानी एवं अपराध नियंत्रण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगी। साथ ही चौकी के माध्यम से क्षेत्र में अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, जिससे शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## सीडीओ ने की जनगणना, मनरेगा, आवास योजनाओं की समीक्षा

**सोनभद्र।** विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी के नेतृत्व में विभिन्न विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना 2026-27, एनआरएलएम, ग्रामीण आवास, मनरेगा व अन्य योजनाओं की प्रगति परखी गई। बैठक में डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, डीपीआरओ, समस्त बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सीडीओ ने सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना, आवास, मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण करें। योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचे, इसकी निगरानी ब्लॉक स्तर पर की जाए। सीडीओ ने एनआरएलएम के तहत समूहों के गठन, आजीविका गतिविधियों और आवास योजना में अपूर्ण आवासों को जल्द पूरा कराने पर जोर दिया। मनरेगा में मानव दिवस सृजन व समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अर्चना मेमोरियल: मेधावियों का हुआ गरिमामय सम्मान

**वहाज अली 'निहाल'**

**इटावा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अर्चना मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में सत्र 2025-26 के यूपी बोर्ड परीक्षा परिणामों के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय परिसर में अत्यंत हर्ष, उत्साह एवं गौरवपूर्ण वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर आमंत्रित कर मेडल, प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। सम्मानित होते समय विद्यार्थियों के चेहरे पर गर्व और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था, वहीं अभिभावकों की आंखों में खुशी और संतोष का भाव दिखाई दिया।

**कक्षा 10 के मेधावी छात्र-छात्राएं** : ऐश्वर्या सिंह 92%, आरोही यादव - 90.5%, प्रिंस पाल-90.3%, वंशिका वर्मा 90%, जोया खान-90%, शिव शर्मा 88.6%, मोहित राजपूत 86.3%, कृष्णा प्रजापति 86.3%, वैष्णवी त्रिपाठी - 86%, अभिनव सिंह 85.3%, ईवा शाक्य 85.3% कक्षा 12 के मेधावी छात्र-छात्राएं :सुमित कुमार 85%, योगिता दुबे 85.0%, कुनाल गुप्ता 83.8%, पलक यादव 83.2%, आयुष सिंह चौहान 82.4%,



समर्थ सिंह 82.2%, मोहिनी शाक्य 80.8%, अर्शिता भदौरिया - 80.8%, शाहवाज खान 80.4%,। विशेष उपलब्धि: कक्षा 10 की छात्रा वंशिका वर्मा ने गणित विषय में 98 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया और विशेष सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या असरा अहमद ने की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि सफलता केवल अंक प्राप्त करने का नाम नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण का परिणाम है। विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में और ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अध्यापक पी.आर. श्रीवास्तव, राधेश्याम, अनामिका, अमिता, सुमन, नीता, गौतम प्रकाश, अफ़रोज़ सहित अन्य सहयोगीगण उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन मोहम्मद फैजान खां द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने सधे हुए शब्दों और प्रभावी प्रस्तुति से पूरे समारोह को अत्यंत आकर्षक बना दिया। अभिभावकों ने विद्यालय के इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे सम्मान समारोह बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# रेणु नदी के अराजी संख्या 246 (खंड-स) में नियम-विरूद्ध चल रहा खनन कार्य

- नए डीएम के आने के बाद भी नियम विरूद्ध बालू खनन से उठ रहे सवाल

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** ओबरा तहसील क्षेत्र के खेवंधा गांव स्थित रेणु नदी इन दिनों अवैध बालू खनन का अड्डा बन चुकी है। यहां लीज की आड़ में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। नवागत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के आने के बाद भी रेणु नदी से बालू के अवैध खनन का गोरखधंधा रूकने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार को भी जलीय जीव जंतुओं को दर किनार कर नदी के गर्भ से प्रतिबंधित लिफ्टिंग मशीनों के जरिए छान कर बालू की निकासी कराए जाए का काला कारोबार बदस्तूर जारी रहा। जबकि उत्तर प्रदेश उपखनिज परिहार नियमावली के नियम 42 (ज) के तहत नदी में लिफ्टिंग मशीनों का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर बालू की निकासी खुलेआम करायी जा रही है। रोक के बावजूद चल रहीं प्रतिबंधित मशीनें प्रशासनिक सख्ती के दावों की पोल खोल रहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, ओमैक्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से अराजी संख्या 246 (खंड 'स') में लगभग सात हेक्टेयर क्षेत्र में खनन पट्टा आवंटित है। आरोप है कि इसी लीज की आड़ में निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाकर और नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि एसडीएम, वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यह खेल बदस्तूर जारी है। दिन-रात हो रहे इस अवैध खनन से जहां सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है, वहीं पर्यावरण संतुलन भी गंभीर खतरे में पड़ गया है। नदी की धारा से छेड़छाड़ भविष्य में बड़े जल संकट और प्राकृतिक आपदा को न्योता दे सकती है। सूत्रों ने बताया कि रेणु नदी में चल रहे नियम विरूद्ध बालू खनन को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों ने ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे खनन कर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। जिले में नवागत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के आने के बाद लोगों की उम्मीदें उनपर टीकी है। क्या नवागत डीएम इस अवैध खनन पर लगाम लगा पाएंगे या फिर पूर्व की तरह लीज की आड़ में नियम विरूद्ध बालू का खनन जारी रहेगा, यह प्रश्न इन दिनों क्षेत्रवासियों में खूब चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर इस बावत नवागत जिलाधिकारी के सीयूजी नंबर पर काल कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन वार्ता नहीं हो सकी। लिहाजा उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

# नारी शक्ति हमारे समाज की आधारशिला है: सरिता

**वहाज अली 'निहाल'**



**इटावा।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक)जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले विषय पर चर्चा के लिए आहूत उत्तर प्रदेश विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में प्रतिभाग करने पर मन उत्साह और जिम्मेदारी की भावना से परिपूर्ण है। यह विधेयक केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनके अधिकार, सम्मान और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। उक्त विषय सदर विधायक सरिता भदौरिया ने विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि वर्षों से चली आ रही महिलाओं की भागीदारी को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी पहल है, जो लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगी तथा सामाजिक समरसता को नई दिशा प्रदान करेगी। नारी शक्ति हमारे समाज की आधारशिला है मां, बहन, बेटी के रूप में वे हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में उनका राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह विधेयक महिलाओं को न केवल अवसर प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें नेतृत्व के नए आयामों तक पहुंचने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। इस विशेष सत्र में सहभागिता करते हुए मेरा संकल्प है कि नारी शक्ति के सम्मान, अधिकारों की रक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करूं। यह विश्वास है कि यह ऐतिहासिक पहल आने वाले समय में भारत को और अधिक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगी।

# बाँदा में सड़क सुरक्षा पर सख्ती, एक हफ्ते में दिखेगा असर, डीएम के कड़े निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए।

डीएम ने 'जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट' कार्यक्रम के तहत चिन्हित कॉरिडोर पर एक सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कालूकुआं चौराहा और महाराणा प्रताप चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाने तथा ओवरलोड और ड्रिंक एंड ड्राइव मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई और दावा रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं 'राहगीर योजना' के तहत दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को फिटनेस समाप्त वाहनों के संचालन पर पूर्ण रोक लगाने और स्कूल वाहनों की नियमित फिटनेस जांच सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया गया। शहर में जाम की समस्या को देखते हुए रोडवेज बस स्टैंड को शहर के बाहर शिफ्ट करने के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। सड़कों पर खड़े ट्रकों को हटाकर निर्धारित होल्डिंग एरिया में खड़ा कराने, इन स्थानों को समतल करने और संकेतक बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने, ढीले विद्युत तारों को ठीक कराने और तेज रफ्तार व स्टंट करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, परिवहन विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन के इस सख्त रुख से उम्मीद है कि जिले में सड़क हादसों में कमी आएगी।

# पूपए समिति के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति के पदाधिकारी ने गुरूवार को जिलाध्यक्ष जीतेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में जनपद के नवागत जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की, इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए ज्ञापन सौंपा।

संगठन की ओर से जिलाधिकारी को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। साथ ही जनपद के समग्र विकास के लिए सफल कार्यकाल की कामना की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष जीतेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिले की जमीनी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। संगठन ने कहा कि बकरीहवा से बीजपुर तक का संपर्क मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मारकुंडी स्थित टोल प्लाजा को नगर पालिका क्षेत्र से हटाने की मांग भी दोहराई गई। प्रतिनिधिमंडल ने राबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे साफ-सफाई की व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताते हुए बताया कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। गेहूं क्रय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव की ओर इशारा करते हुए व्यवस्था सुधारने की मांग की गई। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में निजी स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी की पुस्तकों के बजाए महंगी निजी किताबें लागू किए जाने से अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ का मुद्दा भी उठाया गया।

# महिलाओं के अधिकार लौटाने की जरूरत : केशव मौर्य

- 'लखपति दीदी' से करोड़ों महिलाएं सशक्त
- महिला सम्मान से राष्ट्र का सम्मान: मौर्य
- केंद्र-प्रदेश की योजनाओं से महिलाओं को लाभ
- महिला भागीदारी 13% से बढ़कर 36% हुई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री एवं नेता सदन विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को विधान परिषद में 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर अनवरत चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम का विरोध करना देश और प्रदेश की आधी आबादी के अधिकारों के विरुद्ध खड़ा होना है। यदि यह विधेयक पारित हो गया होता तो वर्ष 2029 से महिलाओं को व्यापक राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता, लेकिन विपक्ष ने इस ऐतिहासिक अवसर को गंवा दिया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं राष्ट्र का सम्मान होता है। भारतीय परंपरा और संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि उनका अधिकार लौटाना है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने नारी की भूमिका को समाज की आधारशिला बताया। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय (इज्जतघर) का निर्माण, उज्ज्वला योजना के तहत 12 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, 65 करोड़ से अधिक जनधन खाते जिनमें आधे से अधिक महिलाओं के नाम, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी संख्या में महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आय बढ़ेगी तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा तो गांव, प्रदेश और देश का समग्र विकास होगा।

उन्होंने कहा कि 'लखपति दीदी' अभियान के अंतर्गत 3 करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य पूरा हो चुका है और अब 6 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मातृशक्ति को उनका पूरा अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। श्री मौर्य ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 26.81 लाख कन्याएं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से 60 लाख माताएं लाभान्वित हुई हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से 1.06 करोड़ महिलाएं जुड़ी हैं तथा 18.55 लाख महिलाएं लखपति श्रेणी में पहुंची हैं। कृषि गतिविधियों में 64.34 लाख महिला किसान परिवार जुड़े हैं। बीसी सखी के माध्यम से 39,885 महिलाओं द्वारा 42,711 करोड़ से अधिक का लेन-देन किया गया है। महिला श्रम भागीदारी 2017 के 13 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंची है। वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है।

उन्होंने भारतीय इतिहास और परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वह देश है जहां सावित्री ने यमराज से अपने पति को वापस लिया, रानी लक्ष्मीबाई ने अद्वितीय वीरता का परिचय दिया, तथा माता कौशल्या, कैकेई, सुमित्रा, यशोदा और देवकी जैसी महान माताओं ने आदर्श चरित्रों को जन्म दिया।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल्स का शानदार रिजल्ट



- शिवम अवस्थी 99.80% के साथ इंडिया सेकेंड टॉपर
- ICSE-ISC में छात्रों ने रचा सफलता का इतिहास

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आई.सी.एस.ई./आई.एस.सी. वर्ष 2025-26 का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज़ के 832 विद्यार्थी आई.सी.एस.ई. परीक्षा में एवं 762 विद्यार्थी आई.एस.सी. परीक्षा में सम्मिलित हुए। आई.सी.एस.ई. परीक्षा में- एलपीसी, ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम के शिवम अवस्थी 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इण्डिया सेकेण्ड टॉपर रहे। आई.सी.एस.ई. परीक्षा में एलपीसी-सहारा स्टेट्स के शावीर प्रकाश श्रीवास्तव ने 99 प्रतिशत, आदर्श चन्द्रा ने 98.60 प्रतिशत, ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम के अंश यादव व एलपीसी सहारा स्टेट्स जानकीपुरम की तनीशा मिश्र व अल्याह शाहिद होदा ने 98.40 प्रतिशत, दिवांक यादव एवं ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम की वैभवी दीक्षित एवं ईशानी सिंह ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। आई.एस.सी. परीक्षा में एलपीसी-ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम की समृद्धि द्विवेदी व इकरा आलम ने 99.25 प्रतिशत, जूही चैधरी 99 प्रतिशत, बतूल जेहरा खान 98.75, आर्यन दुबे 98.50, अचिन्त्य शुक्ल ने 98.25 प्रतिशत अंक, एलपीसी, सहारा स्टेट्स की कृतिका बिष्ट व अंश वर्मा ने 98.25, नमन वर्मा व प्राची गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह, महाप्रबन्धक हर्षित सिंह व शिखरपाल सिंह ने बच्चों, सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा कि बच्चों को भविष्य की हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना है क्योंकि आने वाले समय में जीवन का हर दिन परीक्षाओं से भरा हुआ है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ करने की भी सलाह दी।

# साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों का लोकार्पण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** साहित्यिक संस्था 'अमृतायन' के तत्वावधान में आज यू.पी. प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. राम सागर यादव, राम बहादुर मिश्र, डॉ. शिव भजन कमलेश और पं. आदित्य द्विवेदी ने नवगीतकार डॉ. अशोक अज्ञानी की कृति लौट आओ फिर परिन्दों (गीत - नवगीत संग्रह), वरिष्ठ साहित्यकार रामशंकर वर्मा की कृति कटे अँधेरी रात (दोहा संग्रह) तथा गीतकार पुष्पेन्द्र 'प्रेमी' की कृति तुम भी पत्थर हो जाओगे (गीत संग्रह) का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा ने कटे अँधेरी रात दोहा कृति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज साहित्य के समक्ष नयी चुनौतियाँ है, जिन्हें स्वीकार करना होगा। पुष्पेन्द्र प्रेमी के गीत संग्रह तुम भी पत्थर हो जाओगे को आधार बनाते हुए श्रेष्ठ साहित्यकार राम शंकर वर्मा ने कहा कि हिन्दी की गीत विधा अपने पूर्ण उत्कर्ष पर है, जिसे इस कृति में देखा जा सकता है।

# मॉडर्न स्कूल लखनऊ का बोर्ड परिणाम शानदार

अवधनामा ब्यूरो

- 'भावनात्मक सुरक्षा' मॉडल से छात्रों ने किया कमाल
- ICSE-ISC में छात्रों ने 90%+ अंकों की झड़ी लगाई
- ओजस्वी त्रिपाठी 98% के साथ स्कूल टॉपर
- ईशान सिंह नेगी ने ढ्ढष्टस्श्च में किया टॉप
- हर 3 में 1 छात्र ने 90% से अधिक अंक पाए



**लखनऊ।** मॉडर्न स्कूल लखनऊ का 'भावनात्मक सुरक्षा' दृष्टिकोण 2026 के बोर्ड परिणामों में शानदार प्रदर्शन के रूप में सामने आया है। कक्षा 10 (आईसीएसई) के प्रत्येक 3 में से 1 छात्र ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए।

कक्षा 12 (आईएससी) के प्रत्येक 4 में से 1 छात्र ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। ओजस्वी त्रिपाठी (आईएससी में 98.0%) और ईशान सिंह नेगी (आईसीएसई में 97.4%) ने विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

इस हफ़्ते घोषित 2026 CISCE बोर्ड के नतीजों ने मॉडर्न स्कूल लखनऊ की क्लासरूम को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है – और यह सिर्फ़ अंकों की वजह से नहीं, बल्कि उस चीज़ की वजह से है जिसे स्कूल इन नतीजों का आधार मानता है: एक ऐसा माहौल जो सीखने की नींव के तौर पर 'भावनात्मक सुरक्षा' पर आधारित है।

आईसीएसई कक्षा-की परीक्षा में शामिल हुए 38 उम्मीदवारों में से 13 – यानी हर तीन में से एक से ज़्यादा – ने कुल मिलाकर 90% या उससे ज़्यादा अंक हासिल किए। आईएससी कक्षा XII में, 43 छात्रों में से 10 ने यही मुकाम हासिल किया, जिनमें दो छात्र ऐसे भी थे जिन्होंने 95% से ज़्यादा अंक पाए। दोनों ही ग्रुप्स को मिलाकर, चार छात्रों ने 95% से ज़्यादा अंक हासिल किए, और दो छात्रों ने अपने विषयों में पूरे 100 अंक पाए: कृष्णा अग्रवाल ने अकाउंटेंसी में और ईशान सिंह नेगी ने कंप्यूटर एप्लीकेशंस में। आईएससी कक्षा बारहवीं के बैच में ओजस्वी त्रिपाठी सबसे आगे हैं, जिन्होंने कुल मिलाकर 98.0% अंक (चारों विषयों में सर्वश्रेष्ठ) प्राप्त किए हैं और अंग्रेजी, मनोविज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान में ग्रेड-1 हासिल किया है। 'मुझे कभी उम्मीद नहीं थी कि मैं इतना अच्छा स्कोर कर पाऊँगा। अगर मुझे एक बात कहनी हो, तो वह यह होगी – कभी भी खुद पर शक न करें। यह वह सोच है जिसे बनाने में मॉडर्न स्कूल ने मेरी मदद की। स्कूल ने हमेशा पढ़ाई के साथ-साथ शौक और सामाजिक जीवन में संतुलन बनाए रखने पर ज़ोर दिया है, और इसी वजह से मैं आज यहाँ हूँ।' – ओजस्वी त्रिपाठी, आईसीएसई कक्षा XII टॉपर

कृष्ण अग्रवाल 95.75% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे–जिसमें उनके अकाउंट्स के पेपर की अहम भूमिका रही–और धैर्य अरोड़ा 94.0% अंकों के साथ शीर्ष तीन में शामिल हुए। आईसीएसई में, ईशान सिंह नेगी ने कुल 97.4% अंकों (सर्वश्रेष्ठ पाँच विषयों के आधार पर) के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया; उन्हें कंप्यूटर एप्लीकेशंस में पूरे 100 अंक और विज्ञान में 99 अंक मिले। साहिल आनंद ने 96.4% अंक हासिल किए, जबकि आयुषी कौर तलवार 94.4% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

**2026 बोर्ड परीक्षाओं की मुख्य बातें:** - आईसीएसई के 3 में से 1 से ज़्यादा छात्र (38 में से 13) ने कुल मिलाकर 90% या उससे ज़्यादा अंक हासिल किए।

# पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2026 हेतु आवेदन की तिथि 10 मई तक

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अभ्यर्थियों के हित में बढ़ा दी गई है। पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 थी, जिसे अभ्यर्थियों एवं विभिन्न संस्थाओं की मांग पर विस्तार देते हुए अब 10 मई 2026 कर दिया गया है। परिषद के सचिव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार की पूर्व निर्धारित तिथियों में भी संशोधन किया गया है। अब अभ्यर्थी 08 मई 2026 से 11 मई 2026 तक अपने आवेदन पत्रों में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। परिषद ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे विस्तारित अवधि का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि पॉलीटेक्निक की कुल 2,71,093 सीटों के सापेक्ष अब तक लगभग 3.5 लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया जा चुका है।

# भावनाओं, संघर्ष और सफलता की एक प्रेरक कहानी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एक्सॉन मान्टेसरी स्कूल खाला बाजार (ICSE) की छात्रा इलमा फातिमा ने 10वीं कक्षा में 88.4% अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि यह साबित किया है कि कठिनाइयों के बावजूद दृढ़ संकल्प और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इलमा फातिमा के लिए यह सफलता सिर्फ अंकों की उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के रास्ते में कई चुनौतियाँ आईं। कभी सिलेबस का दबाव भारी लगता था, तो कभी थकान और मानसिक तनाव ने उन्हें घेर लिया। लेकिन इन सबके बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। हर दिन एक नया टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करना और लगातार रिवीजन करना उनकी आदत बन गई थी। इलमा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी ट्यूशन टीचर मिस श्वेता भार्गव को देते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन उनके लिए एक मजबूत सहारा रहा। 'अगर उनका साथ और मार्गदर्शन नहीं होता, तो शायद यह सफलता संभव नहीं हो पाती,' उन्होंने भावुक होते हुए कहा। इसके साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उनकी माता मोहसिना फातिमा और पिता इसरार अली ने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इलमा ने अपने शिक्षकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सहयोग और विश्वास ने उन्हें हर मुश्किल से लड़ने की ताकत दी। इलमा फातिमा की यह सफलता न सिर्फ उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने की कोशिश कर रहे हैं।

# लखनऊ में रिजवा सम्मान समारोह आयोजित






- सेवानिवृत्त सूचना अधिकारियों को किया गया सम्मानित
- महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सेवानिवृत्त प्रमुख अधिकारियों द्वारा रिटायर्ड इनफॉरमेशन जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में रिजवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जैसा कि ज्ञात है कि देश में सूचना और शिक्षा के जरिए महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में चेतना जगाई, उनके साथ उनकी पत्नी माता सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा समाज सुधार सूचना की जो अलख जगाई इससे हमारा सबका आज मार्ग प्रशस्त हो रहा है, वैसे तो अप्रैल का महीना भारतीय इतिहास और समाज सुधार की दृष्टि से बेहद खास है, इस वर्ष महात्मा ज्योतिबा फुले की 200 वी जयंती वर्ष का शुभारंभ माननीय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है जो कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, माह अप्रैल में भारतीय संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भी याद किया जाता है जिन्होंने देश में न्याय समानता आदि का अधिकार देकर देश को नई दिशा दी। विगत दिनों सूचना विभाग का स्थापना दिवस कार्यक्रम समाज के जागरूक लोगों द्वारा 11 अप्रैल को लखनऊ आजमगढ़ कानपुर मनाया गया था जिसमें लोगों ने सुझाव दिया कि 11 अप्रैल को भव्य आयोजन कर सूचना शिक्षा का संदेश के साथ ही सरकार की उपलब्धियां कार्यक्रमों को भी जन जन तक पहुंचाहा जाए साथ ही विभाग में लंबी सेवा देने वाले सेवानिवृत अधिकारियों पत्रकारों और कलाकारों को सम्मानित करने की परंपरा की शुरू होनी चाहिए। लखनऊ वरिष्ठ पत्रकार अमोद कुमार श्रीवास्तव, प्राग दत्त, डॉ अवधेश कुमार, पूर्व अधिकारी, पूर्व उपनिदेशक सुरेश उजाला, आजमगढ़ रायबरेली के वरिष्ठ प्रकार और समाजसेवी श्रवण कुमार, संपादक आनंद , कानपुर के संपादक वीरेंद्र शर्मा, प्रयागराज के पूर्व अधिकारी शक्ति कृष्ण त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार और संपादक की के के वत्स ने बताया कि सूचना विभाग आजादी के समय से ही सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहा है देश के विकास मैं सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रेस विज्ञप्तिया, एलईडी ,होडिंग, कल्चरल प्रोग्राम नाट्य विधा आदि के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार किया जाता रहा है। सेवानिवृत्त अधिकारियों के संगठन रिज़वा द्वारा पार्क रोड के निकट सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित किए गए कार्यक्रम में विभाग के दो पूर्व सूचना निदेशकों के अलावा 11 सेवानिवृत अधिकारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश राघवेंद्र कुमार ने कहा की सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सरकार की लोकप्रियता और जनता का एक सशक्त माध्यम है सूचना के माध्यम से सरकार की हितकारी योजनाओं की जानकारी समाज को मिलती है साथ ही सरकार के लिए क्या करना है क्या नहीं करना है इसकी फीडबैक की जानकारी भी जनता के माध्यम से पहुंचती है।

# टीएमयू और सिल्वर लाइन के बीच एमओयू साइन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के ऑप्टोमेट्री विभाग की ओर से सिल्वर लाइन लेबोरेट्रीज इंडिया, नई दिल्ली के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग-एमओयू साइन हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य स्टुडेंट्स को अकादमिक शिक्षा के संग-संग उन्नत क्लीनिकल प्रशिक्षण, कॉन्टैक्ट लेंस एवम् विज़न केयर तकनीकें, इंटर्नशिप, संयुक्त शोध परियोजनाएं, कार्यशालाएं और स्किल डवलपमेंट, उद्योग-अकादमिक सहयोग, रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक अनुभव प्रदान करना है। टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन और सिल्वर लाइन लेबोरेट्रीज इंडिया की ओर से निदेशक गगन दीप साहनी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एओयू के तहत राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की ओर से वर्कशॉप, सेमिनार, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग, क्लीनिकल केस स्टडी, कॉन्टैक्ट लेंस स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम होंगे, जिससे स्टुडेंट्स को नवीनतम तकनीकों और प्रैक्टिकल स्किल्स की जानकारी मिलेगी। साथ ही दोनों संस्थान अपने विशेषज्ञ प्रोफेसर्स, वैज्ञानिकों एवम् तकनीकी विशेषज्ञों के आदान-प्रदान के साथ प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण अवसंरचना एवम् तकनीकी संसाधनों का साझा उपयोग करेंगे।

# सीएमएस छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में रचा इतिहास

अवधनामा ब्यूरो

- पूरे देश में छाया लखनऊ
- आई.एस.सी. में 4 छात्रों के 99.75 प्रतिशत अंक, आई.सी.एस.ई. में वैवस्वत ने अर्जित किए 99.80 प्रतिश अंक
- सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर बनाया कीर्तिमान




सिटी मोन्टेसरी स्कूल की मेधावी छात्रायें, जिन्होंने आई.एस.सी. (कक्षा–12) बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर सी.एम.एस. का गौरव बढ़ाया है।

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आई.एस.सी. (कक्षा-12) एवं आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर न सिर्फ लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है अपितु यह भी साबित कर दिया है कि गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में सिटी मोन्टेसरी स्कूल सर्वश्रेष्ठ है। सी.एम.एस. के 4 छात्रों ने इस वर्ष आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आई.सी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि लखनऊ अब पूरे देश में शिक्षा का केन्द्र बन चुका है। आई.एस.सी. (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. के 4 मेधावी छात्रों में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा शामिल हैं जबकि आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत अंक जबकि अफ्शान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फ्रहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर इतिहास रचा है, जिनमें आई.एस.सी. के 42 एवं आई.सी.एस.ई. के 20 छात्र शामिल हैं। इस वर्ष सी.एम.एस. से कुल 7030 छात्रों ने आई.एस.सी. एवं आई.सी.एस.ई. बोर्ड में प्रतिभाग किया, जिसमें से 3709 (52.8 प्रतिशत) छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक जबकि 1441 छात्रों (20.5 प्रतिशत) ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। इसके अलावा, 1013 ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने एक या अधिक विषयों में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल हैं। सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों की अभूतपूर्व सफ्लता पर सम्पूर्ण सी.एम.एस. परिवार गौरवान्वित है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सी.एम.एस. में रटने के बजाय सीखने और समझने पर विशेष जोर दिया जाता है, और ये उत्कृष्ट परिणाम पिछले चार वर्षों में आंतरिक परीक्षाओं में अपनाई गई क्षमता-आधारित मूल्यांकन पद्धति का प्रतिफ्ल हैं। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि आई.सी.एस.ई. एवं आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 3709 मेधावी छात्रों को कल 2 मई, शनिवार को प्रातः 9.00 बजे सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य 'सम्मान समारोह' में सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर सी.एम.एस. के उन 19 छात्रों को एक-एक लाख रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा, जिन्होंने आई.सी.एस.ई. एवं आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षाओं में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। इसके अलावा, 43 अन्य छात्रों को भी 21,000 रूपये के नगद पुरस्कार से नवाजा जायेगा, जिन्होंने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस प्रकार, सी.एम.एस. के कुल 62 अति-मेधावी छात्रों को 28 लाख रूपये की धनराशि से नवाजा जायेगा।

# लखनऊ पश्चिम में पीडीए पंचायत बदलाव के संदेश के साथ जुटी भीड़



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विधानसभा लखनऊ पश्चिम के राजा जी पुरम क्षेत्र में आयोजित पीडीए पंचायत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली। कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर आगामी राजनीतिक रणनीति और जनसमस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहम्मद एबाद ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सभा नहीं, बल्कि क्षेत्र में बदलाव की मजबूत शुरुआत है। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों को उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जनता अब बदलाव के लिए तैयार है। आयोजन को सफल बनाने में सैफ अतहर, पंकज, शनि यादव, फिरोज हैदर, मोहम्मद हैदर और मोहम्मद उस्मान सहित अन्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। इसके अलावा जमील अहमद, अजीज अहमद, तारा, दीपक कन्नौजिया, जावेद, जहीर अहमद, धमेन्द्र, लाले कन्नौजिया, बब्लू, मुन्ना और रहीस समेत सैकड़ों लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को मजबूती दी। वक्ताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि जनता की ताकत से प्रदेश में नई दिशा दी जाएगी।

# जनगणना-2027 के लिए स्वगणना की तैयारी तेज

**लखनऊ।** राजधानी के विकास भवन स्थित सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के प्रथम चरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक और प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 07 मई से 21 मई तक संचालित होने वाली 'स्वगणना' (Self Enumeration) प्रक्रिया की कार्ययोजना और इसके सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा नामित नोडल अधिकारियों को तकनीकी और प्रशासनिक बारीकियों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वगणना का कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक कार्यालय में कार्यशालाएं आयोजित की जाएं ताकि कार्मिकों को ऑनलाइन प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने ऑनलाइन स्वगणना की विधि बताते हुए जानकारी दी कि प्रत्येक परिवार का एक सदस्य आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है।